2020 से 2022

Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News

सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...

# घटती घटना

RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

अम्बिकापुर , वर्ष 18,अंक -272 शुक्रवार ,05 अगस्त 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

*लक्ष्य को ही अपना जीवन कार्य समझो। हर समय उसका चिंतन करो,उसी का स्वप्न देखो और उसी के सहारे जीवित रहो।*

-स्वामी विवेकानंद-

## संक्षिप्त समाचार

### गुमला में 19 महिलाओं को एक साथ उम्रकैद की सजा



**नई दिल्ली 04 अगस्त 2022।** वर्ष 2013 में गुमला के चर्चित डायन-बिसाही हत्याकांड में अदालत ने 19 महिलाओं को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। यह सजा गुमला सिविल कोर्ट के एडीजे-1 दुर्गेशचंद्र अवस्थी की अदालत ने सुनाई है।

कोर्ट ने सभी पर 25-25 हजार का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना नहीं देने पर दो साल अतिरिक्त सजा काटनी होगी। 11 जून 2013 को करंज थाना के करौंदाजोर टूकूटोली निवासी बेरजनिया इंदवार व एगनेसिया इंदवार पर डायन-बिसाही का आरोप लगा हत्या कर दी गई थी। बेरजनिया की पुत्री सेलेस्टीन ने आरोपियों के खिलाफ डायन बिसाही के आरोप में हत्या का केस दर्ज कराया था।

प्राथमिकी के मुताबिक घटना के दिन आरोपियों ने गांव के एक युवक की मौत होने के बाद बैठक बुलाई थी। इसमें बेरजनिया व एगनेसिया को भी बुलाया गया था। वहां बेरजनिया और एगनेसिया को डायन करार देते हुए लाठी डंडे से पीटकर मार डाला गया था। दोनों महिलाएं अपने को बार-बार निर्दोष बता रही थीं। बावजूद इसके आरोपी महिलाओं ने उनकी तनिक भी नहीं सुनी।

### जस्टिस यूयू ललित होंगे देश के अगले नए CJI, प्रधान न्यायाधीश रमण ने की सरकार से सिफारिश



**नई दिल्ली 04 अगस्त 2022।** जस्टिस उदय उमेश ललित भारत के अगले मुख्य न्यायधीश होंगे। मौजूदा चीफ जस्टिस एनवी रमणा ने इसके लिए केंद्र सरकार को सिफारिश भेज दी है।

सुप्रीम कोर्ट के मौजूदा न्यायाधीशों के क्रम में जस्टिस रमण के बाद जस्टिस ललित का ही नाम आता है। इसलिए उन्हें ही उत्तराधिकारी चुना गया है। जस्टिस ललित देश के 49 वें प्रधान न्यायाधीश होंगे। सीजेआई रमण इसी माह 26 तारीख को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। हालांकि, उनका कार्यकाल भी तीन माह का ही रहेगा। जस्टिस यूयू ललित नवंबर में रिटायर होने वाले हैं।

### मुंबई पुलिस की बड़ी कार्रवाई, पालघर में 1400 करोड़ रुपए का 'मेफेड्रोन' किया जब्त

**मुंबई ,04 अगस्त 2022।** मुंबई पुलिस ने पालघर जिले के नालासोपारा में एक दवा निर्माण इकाई पर छापेमारी के बाद 1400 करोड़ रुपये कीमत का 700 किलोग्राम से ज्यादा 'मेफेड्रोन' जब्त किया है और इस सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुंबई अपराध शाखा के मादक पदार्थ रोधी प्रकोष्ठ (एएनसी) ने इकाई पर छापेमारी की। उन्होंने कहा कि विशिष्ट सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। एएनसी के एक दल ने परिसर में छापेमारी की और उस दौरान वहां प्रतिबंधित दवा 'मेफेड्रोन' बनाए जाने की बात सामने आई। अधिकारी ने कहा कि मुंबई से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक व्यक्ति को नालासोपारा में पकड़ा गया।

उन्होंने बताया कि यह हाल के दिनों में शहर की पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की सबसे बड़ी बरामदगी में से एक है। 'मेफेड्रोन' को 'म्याऊ म्याऊ' या एमडी भी कहा जाता है।

# लोकसभा में फिर टूटी मर्यादा

## सदस्यों ने दिखाई तख्तियां,वेल में नारेबाजी,नहीं चली सदन की कार्यवाही



**नई दिल्ली, 04 अगस्त 2022।** संसद का बड़ा काम यूं को नियम कानून बनाना है लेकिन राजनीति इतनी हावी होती है कि खुद के बनाए नियम परंपराओं को भी बार बार तोड़ा जाता है। दो दिन पहले ही सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच का गतिरोध तब टूटा था जब सदन में प्लेकार्ड दिखाने पर निलंबित हुए विपक्ष के चार सदस्यों को वापस सदन में आने की अनुमति दी गई थी।

उसी वक्त लोकसभा अध्यक्ष की ओर से यह भी चेताया गया था कि अगर कोई भी तख्तियां दिखाता है या फिर वेल में आता है तो कार्रवाई हो सकती है। इस चेतावनी को नजरअंदाज करते हुए फिर से विपक्ष के कई सदस्यों ने तख्तियां भी दिखाया और वेल में भी उतर आए। लिहाजा सदन की कार्यवाही कई बार बाधित हुई। गुरुवार को लोकसभा में शोर शराबे के बीच कुछ देर तो प्रश्नकाल चला लेकिन आखिरकार इसे स्थगित करना पड़ा।

दरअसल कांग्रेस समेत कई विपक्षी सदस्यों की ओर से ईडी के दुरुपयोग, जीएसटी आदि को लेकर तख्तियां दिखाई गईं। ऐसा करने वालों में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी भी शामिल थे। कांग्रेस, डीएमके के कई सदस्य वेल मे भी दिखे। क्षुब्ध लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उन्हें चेतावनी दी कि सदस्य वेल से नहीं गए तो कार्रवाई होगी लेकिन कोई उन्हें सुनने को तैयार नहीं था।

वहीं कांग्रेस ने प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाइयों का हवाला देते हुए राज्य सभा में तीखे स्वर में सरकार पर सवाल उठाए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मुझे ईडी का समन मिला और उन्होंने मुझे बुलाया है। मैं कानून का पालन करना चाहता हूं, लेकिन जब संसद का सत्र चल रहा हो तो क्या उनका समन करना सही है? क्या पुलिस के लिए सोनिया गांधी और राहुल गांधी के आवासों का घेराव करना सही है?

कांग्रेस कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि नेता हम कानून के शासन में विश्वास करते हैं। हम सभी कानून का पालन करने वाले नागरिक हैं लेकिन जब विपक्ष के सांसद संसद सत्र के दौरान बहस में भाग ले रहे हैं तो प्रवर्तन निदेशालय उन्हें समन कर रहा है। गौरतलब है कि एक दिन पहले भी जब ईडी नेशनल हेराल्ड मामले में कई स्थानों पर जांच कर रहा था तो कांग्रेस के सदस्यों ने सदन में विरोध जताया था। उस वक्त सोनिया गांधी भी वेल में पहुंच गई थीं।



## गैंगस्टर बृजेश सिंह को 12 साल बाद मिली जमानत

**लखनऊ, 04 अगस्त 2022।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पिछले 12 साल से वाराणसी जेल में बंद गैंगस्टर बृजेश सिंह को जमानत दे दी है. न्यायमूर्ति अरविंद कुमार मिश्रा की एकल पीठ ने बृजेश को सशर्त जमानत दे दी. वह गाजीपुर में मऊ के पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी के काफिले पर जानलेवा हमले के मामले में जेल में था. मामला 15 जुलाई 2001 का है, जब बृजेश सिंह ने त्रिभुवन सिंह के साथ यहां के मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के उसर चट्टी में मुख्तार अंसारी के काफिले पर जानलेवा हमला किया था, जो उस समय मऊ से विधायक थे. हमले में मुख्तार अंसारी के गनर समेत तीन अन्य लोग मारे गए।

# हम नरेंद्र मोदी से नहीं डरते,कर लें जो करना है : राहुल गांधी

**नई दिल्ली, 04 अगस्त 2022।** नेशनल हेराल्ड का दफ्तर सील होने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा पर जोरदार हमला बोला है। भाजपा के जांच से भागने के आरोप पर राहुल गांधी ने कहा, ÷सुनिए बात, हम नरेंद्र मोदी से नहीं डरते। समझ गए बात। कर लें जो करना है। कुछ फर्क नहीं पड़ेगा। समझ गए बात कर लें जो करना है। जो हमारा काम है, देश की रक्षा करना, लोकतंत्र की रक्षा करना, देश का सौहार्द बनाए रखना। वो मेरा काम है और मैं वो करता रहूंगा। ये कुछ भी कर लें, कर लें कोई फर्क नहीं पड़ता है।÷



दरअसल, ईडी ने बुधवार को दिल्ली में हेराल्ड हाउस की इमारत में यंग इंडियन के कार्यालय को सील कर दिया था। इसके पीछे वजह बताई गई थी कि तलाशी के दौरान कार्यालय में कोई भी उपलब्ध नहीं था, इसलिए वे तलाशी पूरी नहीं कर पाए। आदेश में कहा गया है कि एजेंसी से बिना पूर्व अनुमति के परिसर नहीं खोला जाएगा। इसके बाद से कांग्रेस इस कार्रवाई पर भड़की हुई है।

मोदी-शाह जो कर रहे हैं वह लोकतंत्र के ख़िलाफ़ है ÷

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि वह हमें डराने की कोशिश कर रहे हैं। वह सोचते हैं कि हम पर थोड़ा सा दबाव डालकर हमें चुप करा लेंगे लेकिन हम चुप नहीं होने वाले। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और अमित शाह जो कर रहे हैं वह लोकतंत्र के ख़िलाफ़ है हम उसके ख़िलाफ़ खड़े रहेंगे।

# स्वतंत्रता दिवस पर कई बड़े नेता आतंकियों के निशाने पर

## आईबी ने दिल्ली पुलिस को किया अलर्ट



**नई दिल्ली, 04 अगस्त 2022।** भारत इस साल अपनी आजादी की 75वीं वर्षगांठ और आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने के लिए देशवासियों द्वारा 12 से 15 अगस्त के बीच अपने घरों पर तिरंगा फहराए जाएंगे। 75वें स्वतंत्रता दिवस को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। देशभर में 75वें स्वतंत्रता दिवस को मनाने के लिए बड़े स्तर पर तैयारियां चल रही हैं। इसी बीच दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस को लेकर सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। इंटेलिजेंस ब्यूरो ने दिल्ली पुलिस को अलर्ट रहने के आदेश दिए हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने 15 अगस्त से पहले आतंकी हमले का अलर्ट जारी किया है। आईबी ने करीब 10 पन्नों की रिपोर्ट जारी की है।

आईबी की रिपोर्ट में उदयपुर और अमरावती हत्याकांड का भी जिक्र किया गया है कि आतंकी ऐसी किसी घटना को अंजाम दे सकते हैं। वहीं जापान के पूर्व पीएम शिंजो आबे पर हुए हमले का भी जिक्र किया गया है। आईबी ने अपनी रिपोर्ट में लश्कर-ए-तैयबा संगठन के एक्टिव होने की बात कही है। कई बड़े नेता और अहम स्थान लश्कर के निशाने पर है।

वहीं दिल्ली में रोहिंग्या का भी खतरा है। आईबी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि आतंकी किसी न किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। आंतकी हमले की खुफिया जानकारी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियों को अलग-अलग तरह के हमले से सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है। सुरक्षा बलों को पूरी तरीके से चौकन्ना रहने को कहा गया है। दिल्ली पुलिस को एंट्री रास्तों पर भी चौकसी बढ़ाने को कहा गया है।

## पीडब्ल्यूडी ऑफिस में क्लर्क की मिली लाश,परिजनों ने लगाया ये आरोप, मचा हड़कंप

**लखनऊ, 04 अगस्त 2022।** लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के एक क्लर्क का शव बुधवार देर रात कार्यालय में संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया. मृत क्लर्क की पत्नी सपना के मुताबिक, देर रात तक घर नहीं आने पर उसने अपने पति विपिन सिंह को फोन किया. उनके फोन पर कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई और न ही उनके किसी सहकर्मी ने उनके कॉल का जवाब दिया. इसके बाद उसने पुलिस को फोन किया जो पीडब्ल्यूडी कार्यालय गई और उसे फर्श पर मृत पाया. उसकी पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों को साजिश का शक है. इंस्पेक्टर अखिलेश मिश्रा के मुताबिक क्लर्क विपिन सिंह के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं. पुलिस अधिकारी ने कहा, शुरुआती जांच में पता चला है कि उनकी मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.।



# पिता ने 13 साल की बेटी का किया रेप

## बच्ची हुई गर्भवती,अस्पताल में बच्चे को दिया जन्म

**तमिलनाडु , 04 अगस्त 2022।** एक औद्योगिक इकाई में वेल्डर के रूप में काम करने वाले 41 वर्षीय एक शख्स को अपनी 13 वर्षीय बेटी से बलात्कार करने और उसे गर्भवती करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी. वह व्यक्ति और उसकी पत्नी आठ साल पहले अलग हो गए थे और उनके बच्चे - एक लड़का और एक लड़की - वेल्लोर के अदुक्कंबरई में उसके और उसके माता-पिता के साथ रह रहे थे. यह शर्मनाक मामला तमिलनाडु के वेल्लोर का है. पुलिस ने कहा कि, आठवीं कक्षा की 13 वर्षीय छात्रा को सरकारी वेल्लोर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसने एक बच्चे को जन्म दिया. जब अस्पताल के अधिकारियों ने लड़की से पूछताछ की तो उसने बताया कि नवंबर 2021 से उसके पिता ने उसके साथ दुष्कर्म किया था. अस्पताल के अधिकारियों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया जिसने उस व्यक्ति को हिरासत में ले लिया और पूछताछ करने पर उसना अपराध स्वीकार कर लिया. आईपीसी की धारा 376 (बलात्कार) और यौन शोषण से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धारा 5 (यौन उत्पीड़न) के तहत मामला दर्ज किया गया है. पिता को बुधवार को गिरफ्तार कर पोक्सो कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. मनोवैज्ञानिक और तमिलनाडु के एक सरकारी मेडिकल कॉलेज से मनोविज्ञान की सेवानिवृत्त प्रोफेसर, डॉ. सुलेखा बेगम ने मीडिया को बताया, ÷यह एक गंभीर अपराध है. रक्षक को भक्षक बनने की अनुमति नहीं दी जा सकती और पुलिस को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उसे अधिकतम सजा दी जाए।



# बीजेपी सांसद मनोज तिवारी को बिना हेलमेट बाइक चलाना महंगा पड़ गया कट गया 41000 का चालान

**नई दिल्ली, 04 अगस्त 2022।** निरहुआ, मनोज तिवारी, निशिकांत दुबे समेत कई नेता बिना हेलमेट ही दिल्ली की सड़कों पर निकल गए। अब इनके खिलाफ शिकायतों की भरमार लग गई है। ट्विटर पर तस्वीर वायरल होने के बाद मनोज तिवारी ने हेलमेट नहीं पहनन

राजधानी दिल्ली में बीजेपी सांसद मनोज तिवारी को बिना हेलमेट बाइक चलाना महंगा पड़ गया है। दिल्ली पुलिस ने सांसद और वाहन मालिक के खिलाफ कुल 41 हजार रुपए का चालान काट दिया है। मनोज तिवारी को 21 हजार रुपए का चालान भरना होगा तो वाहन मालिक पर 22 हजार रुपए का फाइन लगाया गया है। तिरंगा यात्रा के दौरान सांसद जिस बाइक पर सवार थे उसपर ना तो हाई सिक्यॉरिटी नंबर प्लेट था और ना ही पीयूसी सर्टिफिकेट अपडेट था। इन खामियों की वजह से भारी-भरकम चालान काटा गया है।



दरअसल, बुधवार को दिल्ली में बीजेपी नेताओं ने तिरंगा रैली में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान हाथ में तिरंगा लिए नेता बाइक में सवार होकर निकले। दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ, मनोज तिवारी, निशिकांत दुबे समेत कई नेता बिना हेलमेट ही सड़कों पर निकल गए। सांसदों को इस तरह नियम तोड़ते देख बहुत से लोगों ने सवाल उठाए और ट्विटर पर ट्रैफिक पुलिस से शिकायत की। पूछा गया कि क्या चालान सिर्फ जनता का कटेगा, सांसदों को कानून तोड़ने की छूट है?

दिल्ली पुलिस की प्रवक्ता सुमन नलवा ने कहा, %हमने हेलमेट, लाइसेंस, पॉल्यूशन और हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट (एचएसआरपी) उल्लंघन के लिए चालक पर चालान लगाया है, इसकी चालान राशि 21,000 रुपये है।

# असम में भी आतंक के खिलाफ योगी मॉडल, आतंकी मुस्तफा के मदरसे पर चला बुलडोजर



**मोरीगांव , 04 अगस्त 2022।** अमस में भी उत्तर प्रदेश की तर्ज पर अपराध और आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई में बुलडोजर से एक्शन लिया जा रहा है। बांग्लादेश स्थित आतंकी संगठन से संबंध रखने वाले मुस्तफा उर्फ मुफ्ती मुस्तफा द्वारा संचालित मदरसे को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया है। आपको बता दें कि मुस्तफा को हाल ही में गिरफ्तार किया गया था।

मोरीगांव जिले की पुलिस अधीक्षक (एसपी) अपर्णा एन ने कहा, ÷मोइराबारी इलाके में मुस्तफा उर्फ मुफ्ती मुस्तफा द्वारा संचालित जमीउल हुदा मदरसा को आज ध्वस्त कर दिया गया है।÷ मुफ्ती मुस्तफा को हाल ही में बांग्लादेश स्थित आतंकी संगठन अंसारुल्लाह बांग्ला टीम और एक्यूआईएस के साथ उसके संबंधों के लिए गिरफ्तार किया गया है।

असम पुलिस ने बांग्लादेश के आतंकी संगठन अंसारुल इस्लाम से जुड़े 12 जिहादियों को गिरफ्तार किया था। इससे ठीक एक दिन पहले एक स्लीपर सेल का भी भंडाफोड़ किया गया था। वे बांग्लादेशी आतंकी को अपने घर में पनाह दे रहे थे।

अंसारुल इस्लाम आतंकी संगठन की जड़ें कई देशों में फैली हुई हैं। हाल ही में रिपोर्ट में कहा गया था कि पाकिस्तान और बांग्लादेश की सीमा से भारत में घुसकर आतंकी भारत के अलग-अलग राज्यों तक पहुंचने की कोशिश करते हैं। कई बार आतंकी संगठन इस तरह के प्रयास कर चुके हैं, लेकिन एजेंसियों की सख्ती की वजह से उनके इरादे कामयाब नहीं हो पाते।

# टीआई के खिलाफ रेप का केस दर्ज,शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

**» मांग भरने के बाद भी शादी से मुकर गया**

**जबलपुर, 04 अगस्त 2022।** मध्यप्रदेश के एक टीआई के खिलाफ रेप के आरोप का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मामले में टीआई के खिलाफ थाने में रेप का केस दर्ज हुआ है। फिलहाल आरोपी टीआई लाइन अटैच बताया जा रहा है।



जबलपुर महिला थाने में टीआई संदीय आयाची के खिलाफ रेप का मामला दर्ज हुआ है।

आरोपी टीआई के खिलाफ शादी के नाम पर महिला आरक्षक का शारीरिक शोषण का गंभीर आरोप है। महिला आरक्षक साल 2018 में टीआई के संपर्क में आई थी। साल 2018 में जबलपुर के गोरखपुर थाने में टीआई संदीप अयाची भी पदस्थ थे।

बताया जाता है कि शादी और शारीरिक शोषण को लेकर पहले भी थाने में हंगामा हुआ था। महिला आरक्षक के हंगामा करने पर आरोपी टीआई ने पीड़िता की मांग भर कर सब को चौंका दिया था। उसने मांग भरकर हंगामा को शांत कर दिया लेकिन मांग भरने के बाद भी पीड़िता को नहीं अपनाया। टीआई संदीप अयाची फिलहाल लाइन अटैच चल रहे है।

# दिहाड़ी मजदूर अचानक बन गया 'अरबपति'

## खाते में आए 2700 करोड़ रुपए





**कन्नौज, 04 अगस्त 2022।** एक दिहाड़ी मजदूर अचानक अरबपति बन गया, भले ही कुछ ही घंटों के लिए. राजस्थान में एक ईंट-भट्ठे पर काम करने वाले दिहाड़ी मजदूर बिहारी लाल (45) ने अपने गांव के एक जनसेवा केंद्र से बैंक ऑफ इंडिया के अपने जनधन खाते से 100 रुपए निकाले. कुछ मिनट बाद, उसे एक एसएमएस मिला, जिसमें उसके खाते में शेष राशि 2,700 करोड़ रुपए की दिखाई गई.

वह उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले में अपने पैतृक स्थान पर था, क्योंकि मानसून सीजन के कारण ईंट-भट्ठा इकाई बंद थी. बिहारी लाल को जब यकीन नहीं हुआ तो वह बैंक मित्र के पास गया. उन्होंने खाते की जांच की और उसके खाते में शेष राशि 2,700 करोड़ रुपए होने की पुष्टि की. बिहारी लाल ने मीडिया से बात करते हुए कहा, ÷फिर मैंने उनसे अपना खाता दोबारा चेक करने को कहा, जिसके बाद उन्होंने तीन बार चेक किया. जब मुझे विश्वास नहीं हुआ तो उन्होंने बैंक स्टेटमेंट निकाल कर मुझे दे दिया. मैंने देखा कि मेरे खाते में 2,700 करोड़ रुपए हैं.

हालांकि, उसकी खुशी चंद घंटे ही कायम रही, क्योंकि जब वह अपना खाता चेक करने के लिए बैंक की शाखा में पहुंचा, तो उसे बताया गया कि शेष राशि सिर्फ 126 रुपए है. बाद में बैंक के प्रमुख जिला प्रबंधक अभिषेक सिन्हा ने संवाददाताओं से कहा कि खाते की जांच की गई और उसमें केवल 126 रुपए थे. उन्होंने कहा, ÷यह स्पष्ट रूप से एक बैंकिंग त्रुटि हो सकती है. बिहारी लाल के खाते को कुछ समय के लिए जब्त कर लिया गया है और मामला बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया है.÷ बिहारी लाल राजस्थान में एक ईंट-भट्ठे पर मजदूर के रूप में काम करता है और प्रतिदिन 600 से 800 रुपए कमाता है, मगर बरसात के मौसम में ईंट-भट्ठा बंद रहने के कारण फिलहाल वह इतना भी नहीं कमा पा रहा है.।

दैनिक घटती घटना G.G. News Web Portal www.ghatatighatana.com हमर छत्तीसगढ़ अम्बिकापुर, शुक्रवार 05 अगस्त 2022 

## संपादकीय


### पाकिस्तान का यही सच

जनरल बाजवा ने यह संदेश दिया है कि राजनीतिक अनिश्चय के बीच आर्थिक नीतियों में स्थिरता की गारंटी सेना करेगी। इससे यह संदेश भी गया है कि पाकिस्तान की सेना की निगाह में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की ज्यादा साख नहीं है।

पाकिस्तान में नागरिक सरकार एक दिखावा है, यह आम धारणा रही है। इस बात के पक्ष में इतने साक्ष्य मौजूद रहते हैं कि ऐसा कहने में कभी किसी को हिचक नहीं होती। बहरहाल, नए घटनाक्रमों के बीच अगर किसी के मन इस पर संदेह पैदा हुआ हो, तो उसे अब खुद पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष जनरल कमर बाजवा ने तोड़ दिया है। पाकिस्तान पर कर्ज के बढ़ते बोझ और डिफॉल्टर (कर्ज चुकाने में अक्षम) होने का बड़ा खतरा मंडरा रहा है। इसके बीच पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष जरल कमर जावेद बाजवा ने कमान अपने हाथ में ली है। उन्होंने सीधे अमेरिका की उप विदेश मंत्री वेंडी शरमान से संपर्क किया। उनसे आईएमएफ से कर्ज दिलाने में मदद मांगी। गौरतलब है कि देश में बढ़ती राजनीतिक अस्थिरता के कारण अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष पाकिस्तान को कर्ज की नई किस्तें देने में हिचकता रहा है। तो इसके बीच जनरल बाजवा ने यह संदेश भेजने की कोशिश की है कि राजनीतिक अनिश्चय के बीच आर्थिक नीतियों में स्थिरता की गारंटी पाकिस्तान की सेना करेगी।

जनरल बाजवा की इस पहल से यह संदेश भी गया है कि पाकिस्तान की सेना की निगाह में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की ज्यादा साख या राजनीतिक वजन नहीं है। जाहिर है, इस संदेश से शरीफ सरकार की रुतबा और घटेगा। वैसे भी शरीफ सरकार देश पर मंडरा रहे संकट का कोई हल निकालने में अक्षम दिखी है। खुद शरीफ सरकार ने बताया है कि पाकिस्तान पर विदेशी कर्ज बढ़ कर 126 बिलियन डॉलर हो गया है। इसी महीने के मध्य में आईएमफ पाकिस्तान को छह बिलियन डॉलर का कर्ज देने पर सहमत हुआ। इस बीच पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की घटनाओं से नई राजनीतिक अस्थिरता के संकेत मिले। तब खबर भी आई कि इन घटनाओं से आईएमएफ चिंतित है। संभव है कि इस कारण वह मंजूर हुए कर्ज का भुगतान रोक दे। तो जनरल बाजवा ने कमान अपने हाथ में ली है। आईएमएफ में अमेरिका सबसे बड़ा शेयरधारक है। इसीलिए उन्होंने उसके सामने गुहार लगाई है। और ये बताया है कि सरकार किसी की हो, सत्ता असल में उनके हाथ में है।


### चांद को चांद का इंतजार



पुष्पा स्वाती
मुम्बई

चांद आया नये रंग में आज है
चांदनी ने सजाया हुआ ताज है
है फ़लक पर गुलाबी सजी ओढ़नी
जगमगाते सितारों का आग़ाज़ है
आज हरसू जमीं पे खिला हुश्न है
चूड़ियों का छनकता हुआ साज़ है
न सताओ सुनो तो जरा दिल की
धड़कनों मैं तुम्हारा ही अंदाज़ है
चांद का इंतज़ार आज है चांद को
पर फ़लक का मिज़ाज आज नासाज़ है

### दुल्हन



प्रियंका
अग्निहोत्री गीत
वाराणसी उत्तरप्रदेश

पिया मिलन की चाह लिए
मन में प्यार अथाह लिए
सज धज के, करके सोलह सिंगार
दुल्हन खड़ी करती इंतजार
कैसे रहूंगी अपनों के बिन ?
यादों को रही उंगलियों पर गिन
कहीं भैरवी सा मन, कहीं मेघ मल्हार
एक पल नई खुशी, एक पल दुःख की फुहार
सज धज के, करके सोलह सिंगार
दुल्हन खड़ी करती इंतजार..
डोली में बैठी, मन कई मोह में
इस पार या उस पार, उहापोह में
आई जब वह अपने पी के द्वार
नैनन सजाए सपने हजार
सज धज के, करके सोलह सिंगार
दुल्हन खड़ी करती इंतजार

### चांद जब से देखा



ओमप्रकाश बिन्जवे
राजसागर
भोपाल मध्यप्रदेश

ऐ चांद जबसे देखा है तुझे।
हमने तो बस चाहा है तुझे।
कितने हसीं चेहरे राहों में मिले,
बनके हसीन ख़्वाब निगाहों में पले,
मगर रब से मांगा है तुझे।
ऐ चांद जबसे देखा है तुझे।
मेंरी दुआएं बंदगी बन गई,
चाहत मेंरी जिंदगी बन गई,
हमने तो सिर्फ चाहा है तुझे।
ऐ चांद जबसे देखा है तुझे।
तसव्वुर में कभी ख्वाबों में,
या मोहब्बत की किताबों में,
मनमीत हरसू पाया है तुझे।
ऐ चांद जबसे देखा है तुझे।

# ईडी का पीएमएलए कानून के तहत भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कसता शिकंजा

## भ्रष्टाचारियों पर कसता शिकंजा-आज ईडी का नाम सुनते ही पावरफुल लोगों के भी पसीने छूट जाते हैं



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी
गोंदिया महाराष्ट्र

एक ज़माना था जब हम छोटे थे तो सीबीआई का नाम बुलंदियों पर चलता था, इसका ऐसा डर समया रहता था कि सीबीआई की रेड के नाम से बड़ी-बड़ी हस्तियों के पसीने छूट जाते थे!! यह नाम इतना प्रसिद्ध और खौफ पैदा करता था कि हम बच्चे अपने बचपन के चोर सिपाही खेल में भी सीबीआई के नाम का उपयोग करते थे तो हम आज अंदाज लगा सकते हैं कि यह नाम कितना प्रसिद्ध होगा!! परंतु समय के बदलते चक्र में सब के दिन स्थिर नहीं होते आज के वर्तमान परिपेक्ष में सीबीआई का नाम ईडी के रूप में परिलक्षित हो गया है, क्योंकि आज ईडी का नाम सुनते ही भ्रष्टाचार में लिप्त बड़े बड़े अधिकारियों, नेताओं, व्यापारियों, व्यवसायियों सहित नशे मानव तस्करी ब्याज खोरी इत्यादि का काम करने वाले दो नंबरी दस नंबरी सभी पावरफुल लोगों के पसीने छूट जाते हैं क्योंकि हम आज देख रहे हैं कि बड़े-बड़े नेताओं पर ईडी का शिकंजा कस रहा है जो स्पष्टत: संकेत है कि भ्रष्टाचार को जड़ से मिटाने में अधिक समय नहीं लगेगा!! पिछले कुछ वर्षों से हम मीडिया के माध्यम से देख सुन रहे हैं कि संसद व विधायिका में बैठकर कानून बनाने वाले कुछ सदस्यों पर ही इसका शिकंजा अधिक कस रहा है इसलिए आज हम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उपलब्ध जानकारी के अनुसार इस आर्टिकल के माध्यम से ईडी पर चर्चा करेंगे।आओ जाने ईडी क्या है।

साथियों बात अगर हम ईडी की करें तो, यह भारत सरकार के वित्त मंत्रालय में रेवेन्यू डिपार्टमेंट के तहत आने वाली एक स्पेशल जांच एजेंसी है, जो वित्तीय गड़बड़ियों से जुड़े मामलों की जांच करती है। ईडी का गठन 1 मई 1956 को किया गया था। पहले इसका नाम एन्फोर्समेंट यूनिट था। हालांकि, 1957 में इसका नाम बदलकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर दिया गया, प्रवर्तन निदेशालय मुख्य रूप से फेरा, फेमा और पीएमएलए कानूनों के तहत काम करता है। इन कानूनों में आर्थिक धोखाधड़ी को रोकने के लिए जो प्रावधान किये गये हैं उन्हीं के तहत यह आरोपितों पर कार्रवाई करता है। इस एजेंसी का मुख्यालय दिल्ली में है लेकिन इसके आफिस देशभर में है। दिल्ली के अलावा मुंबई, चेन्नई, कोलकाता में इसके रीजनल आफिस हैं। इसके अलावा लगभग हर राज्य में ईडी के जोनल और सब जोनल आफिस हैं। इस समय ईडी के तहत लगभग दो हजार आफिसर कार्यरत हैं जो विभिन्न सेवाओं से ईडी में डेपुटेशन पर आते हैं। इसमें आईआरएस, आईएएस और आईपीएस सेवाओं से आनेवाले अधिकारी होते हैं। मालूम हो कि ईडी विदेश में प्रॉपर्टी खरीदने, विदेशी मुद्रा का गैरकानूनी कारोबार करने और मनी लॉन्ड्रिंग (पैसों का हेरफेर) के मामलों की जांच करती है।

साथियों बात अगरहमपीएमएलए कानून की करें तो,पीएमएलए यानें प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट का मतलब है दो नंबर के पैसे को हेरफेर कर ठिकाने लगाने वालों के खिलाफ कानून। इस कानून को 2002 में एनडीए सरकार ने बनाया था, जिसे 2005 में यूपीए सरकार में वित्त मंत्री ने लागू किया था। उन्होंने ही इसमें पहली बार बदलाव करके इसके प्रावधानों को और सख्त कर दिया था। पीएमएलए के तहत ईडी के पास आरोपी को अरेस्ट करने, संपत्ति कुर्क करने, गिरफ्तारी के बाद जमानत की सख्त शर्तें और जांच अधिकारीके सामने रिकॉर्ड बयान को अदालत में सबूत के रूप में मान्य होने जैसे प्रावधान उसे ताकतवर मानते हैं। 2012 में किए गए संसोधन के तहत सभी वित्तीय संस्थानों, बैंकों, म्यूचुअल फंडों, बीमा कंपनियों और उनके वित्तीय मध्यस्थों पर भी ये कानून लागू होता है, 2019 में किए गए ये बदलाव जुलाई 2019 में, सरकार ने वित्त विधेयक, 2019 में संशोधन के रूप में इस कानून में कुछ बदलाव किया था, जिसके तहत ईडी उन व्यक्तियों या संस्थाओं पर मुकदमा चला सकता है जिनका अपराध पीएमएलए के तहत न हो।(1) पीएमएलए एक्ट जांच एजेंसी ईडी को कई अधिकार देता है। इस कानून के तहत एजेंसी भ्रष्टाचार के आरोपी, पैसों का हेर-फेर करने वाले लोगों को गिरफ्तार करने की ताकत देता है। (2)इसके अलावा पीएमएलए एक्ट करप्शन के आरोपियों के घर छापा मारने और उनकी प्रॉपर्टी को जब्त करने का भी अधिकार देता है। (3)मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत ईडी को करप्शन के आरोपी नेताओं और अफसरों को तलब करने या उन पर मुकदमा चलाने के लिए सरकार की अनुमति की जरूरत नहीं है।

साथियों बात अगर हम ईडी के विस्तार की करें तो,1991 के आर्थिक उदारीकरण के बाद जैसे जैसे शेयर बाजार का महत्व बढा है वैसे वैसे ईडी के कार्यक्षेत्र में भी विस्तार हुआ है। विदेशी पूंजी निवेश के नाम पर की जाने वाली आर्थिक धोखाधड़ी को पकड़ने के लिए ईडी एक महत्वपूर्ण विभाग है। इसके अलावा मनी लॉड्रिंग के मामले में भी ईडी कार्रवाई करता है। 2018 में केन्द्र सरकार ने मनी लॉड्रिंग के मामलों में पीएमएलए कानून में संशोधन करके ईडी को प्राप्टी अटैच करने, आरोपी की गिरफ्तारी करने आदि के विशेष अधिकार भी दे दिये गये थे। फेरा, फेमा और पीएमएलए एक्ट के तहत ईडी को इतने असीमित अधिकार हैं कि वह आरोपी को तीन साल तक जमानत देने से रोक सकता है।

साथियों स्वाभाविक है जब इतने राजनीतिक लोगोंपर ईडी कार्रवाई करेगा तो उसके खिलाफ विपक्ष भी इकट्ठा होकर इसे बदले की कार्रवाई ही बतायेगा। सुप्रीम कोर्ट में ईडी की कार्रवाई को लेकर अनेक अधिक याचिकाएं दाखिल हुई थीं जिसपर एक साथ सुनवाई करते हुए 27 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया कि धनशोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) मामले में ईडी द्वारा की जाने वाली गिरफ्तारियां और अन्य कानूनी कार्रवाई बिल्कुल सही हैं।

साथियों बात अगर हम ईडी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिकाओं की करें तो इस कानून में कुछ प्रावधान ऐसे सख्त हैं, जिसके लगने से ज्यादा विकल्प नहीं रह पाता। यही वजह है कि 242 लोगों की याचिका इस कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में लगी थी, उसमें ईडी द्वारा गिरफ्तारी, जमानत और संपति जब्त जैसे अधिकारों पर सवाल उठाए गए थे। सुप्रीम कोर्ट ने इन याचिकाओं के संबंध में अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि ईडी जो कार्रवाई कर रहा है वह वर्ष 2019 में मिले कानूनी अधिकारों के तहत कर रहा है। इन संशोधनों के बाद अब पीएमएलए एक्ट की धारा-24 के तहत अभियुक्त को ही यह साबित करना होता है कि जो उसके पास से जो धन मिला है वह कानूनी रूप से वैध है या नहीं। सुप्रीम कोर्ट में इसी बात को चुनौती दी गयी थी कि जांच एजेंसी के सामनें आरोपी द्वारा कबूल की गयी किसी बात को प्रमाण कैसे माना जा सकता है? इस पर सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि ईडी द्वारा की गयी कार्रवाई और दर्ज किये गये बयान कोर्ट में सबूत के रुप में स्वीकार्य है। स्मरण हो कि प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट पर सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने 545 पन्नों के आदेश में ये निर्देश जारी किए थे।

साथियों बात अगर हम मनी लांड्रिंग की करें तो, यह कैसे की क जा सकती है? सबसे पहले, अवैध धन को वित्तीय प्रणाली में पेश किया जाता है जिसे प्लेसमेंट का टर्म दिया जाता है, इसके बाद इन पैसों की लेयरिंग की जाती है, जिसमें काले धन को सफेद धन में बदलने के लिए पैसे का अलग तरह से लेन-देन किया जाता है, तीसरे और अंतिम चरण में, धन वित्तीय प्रणाली में इस तरह प्रवेश किया जाता है कि अपराध का पता ना चले यानी अपराधी या इसे प्राप्त करने वाला शख्स धन का इस्तेमाल स्वच्छ धन के रूप में कर सके।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि आओ जाने ईडी क्या है।ईडी का पीएमएलए कानून के तहत भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कसता शिकंजा,आज ईडी का नाम सुनते ही पावरफुल लोगों के भी पसीने छूट जाते हैं।

# जाति आधार पर भेदभाव क्यों?



कृष्ण कुमार निर्माण
करनाल,हरियाणा।

सच मानिए इस समय ऐसा माहौल बन गया या बना दिया गया है कि यदि कोई भी अटपटी खबर आती है तो महीनों तक बहस जारी रहती है।ब्रेकिंग न्यूज़ चलती रहती है।खासकर धर्म से संबंधित कुछ भी ऐसा हो या वैसा हो,खबरें जारी रहती हैं।इसके साथ ही यदि कोई ऐसी खबर या ब्यानबाजी आ जाए जो सच में सामाजिक हो,जनमुद्दों की हो,समाज के एक बड़े तबके के हित की बात हो या फिर देश हित की कोई बात हो,तो वह ब्यान या खबर प्रिंट मीडिया में कहीं कोने में पड़ी सिसक रही होती है और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में वह मात्र एक दिन भी नहीं पकड़ती।डिजिटल मीडिया में तो उसका चर्चा ही नहीं हो पाता।मगर धर्म,जात,मजहब की खबरें या ब्यान तीनों जगह सिर चढ़कर बोलती हैं।दो खबरें याद कीजिए,हाल की।पहली जो देश के मुख्य न्यायधीश एनवी रमणा ने कहा है कि बहुत लोग न्याय के दरवाजे तक नहीं पहुँच पाते और मौन रहकर पीड़ा सहने को विवश होते हैं।दूसरी खबर देखिए देश के पूर्व आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा है कि यदि विकास चाहते हैं तो सामाजिक भेदभाव से ऊपर उठना होगा,बहुसंख्यक अधिनायकवाद को खत्म करना होगा वरना हालात कुछ भी हो सकते हैं।क्या इन खबरों को वो स्पेस मिला जो अक्सर ऐसी-वैसी खबरों को मिल पाता है?क्या इन पर वैसी चर्चा हुई जैसी गैर-जरूरी मुद्दों पर होती रहती है।जिसे देखकर कई बार तो ऐसा लगता है कि अखबार ना ही पढ़ा,देखा जाए तो बेहतर होगा।टीवी देखना ही बंद कर दिया जाए तो ठीक रहेगा और डिजिटल मीडिया की तरफ ना ही जाया जाए तो सम्भवतः अच्छा रहेगा और यकीन मानिए बहुत लोग ऐसा कर रहे हैं और करने लग रहे हैं?क्योंकि तीनों ही मीडिया और लगभग-लगभग सरकार और विपक्ष भी रोटी,कपड़ा,मकान,शिक्षा,स्वास्थ्य और सुरक्षा की तरफ से पूर्णतया विमुख हो चुके हैं।खैर,मुद्दा यह है कि जो मुख्य न्यायाधीश महोदय ने कहा है वह अति-महत्वपूर्ण है कि अधिकतर लोग मौन रहकर पीड़ा सहन करते हैं और न्याय जिसको ÷सामाजिक उद्धार का द्वार÷ कहा जाता है,वहाँ तक पहुँच ही नहीं पाते।सच है यह और कड़वा सच है।पर इसमें यह जोड़ना जरूरी होगा कि उस द्वार तक पहुँचने के लिए एक ब्रेकर है और वह है पुलिसिया सिस्टम जो उस द्वार तक जाने से पहले ही किसी को इस हद तक तोड़ देता है कि आदमी सिहर उठता है और उस द्वार तक जाने का नाम ही नहीं लेता,साथ ही जो व्यवस्था हमारे यहाँ है,उसका तो कोई जबाब ही नहीं क्योंकि वो व्यवस्था केवल और केवल पैसे की है,सिफारिश की है,दंगाई की है,गुंडागर्दी की है,तथाकथित सत्ताधारी दल के नेताओं,कार्यकर्ताओं की है,अफसरशाही की है क्योंकि यदि ये सब आपके पास है तो आपका कोई काम नहीं रुकेगा?आपको कोई कुछ कहने की हिम्मत नहीं करेगा?आपके हक़ों पर कुठाराघात नहीं होगा?आपकी हर बात सुनी जाएगी और यदि आपके पास ये सब कुछ नहीं है तो फिर आप प्लीज!मौन रहकर पीड़ा सहन करते रहिए।कोई चारा नहीं है?इससे थोड़ा-सा आगे बढ़ते हैं माननीय मुख्य न्यायधीश महोदय आपके ब्यान को आगे बढ़ाते हुए यह बात भी है कि न केवल लोग मौन रहकर पीड़ा सहन कर रहे हैं बल्कि इस देश में लोग घुट-घुटकर, तिल-तिल मरने को विवश हैं मगर जिए जा रहे हैं और इसका कारण है--जाति,जो कभी भी नहीं जाती और देश के करोड़ों-करोड़ लोगों को घुट-घुटकर जीने को विवश कर रही है।जाति का दंश जो झेलता है,ये उसे ही पता है कि वो कितना जहरीला होता है और हरपल उसे मारता रहता है।जाति का ठप्पा एक ऐसा ठप्पा है जो कभी भी आपकी पीठ से उतरेगा नहीं।वैसे कहने वाले यह बोल देते हैं कि आजकल तो ऐसा नहीं है क्योंकि वो जानते हैं कि कैसे और कब,क्या बोलना है?मगर यह कड़वी सच्चाई है कि आज के दौर में जाति के नाम पर नफरत पहले की अपेक्षा बढ़ी है।पहले इसका रुप खुला था पर आज इसका रूप खुला नहीं है,शराफत वाला लेबल लगाकर नए तौर-तरीकों से हमारे सामने है।वरना क्या बात है कि एक ही बात जब निम्न जाति वाला बोले तो वो बात गलत और बिल्कुल वही एकसमान बात,वही शब्द,वही भाव,वही बोल उच्च जाति वाला बोले तो एकदम सही,आखिर ऐसा कैसे हो सकता है?यह केवल जाति के कारण होता है।हथकंडे ऐसे अपनाए जाते हैं संस्कृति का लबादा ओढ़ाकर कि किसी को पता तक न चले और सिर भी ऊँची जाति वालों का ही ऊँचा रहे।ऐसी-ऐसी जुगत भिड़ाई जाती हैं कि निम्न जाति वालों को कार्यालय तक में ना बैठने दिया जाए,बेशक खुद कुछ भी करें।कमाल तो तब होता है जब कोई निम्न जाति का व्यक्ति उच्च जाति वाले के साथ तर्क पर बात करें तो देखिए कितना सुंदर जबाब ये ऊँची जाति वाले लोग बोलते हैं कि आपसे तर्कों में तो कोई जीत नहीं सकता,इसलिए बात हमारी ही सही है।ये हाल तो मध्यम वर्ग के निम्न जाति के लोगों का है।फिर सोचिए कि जो दिहाड़ी-मजदूरी करते हैं,उनका क्या हाल होगा?वैसे कहने को हम इस देश को एक ऐसा राष्ट्र बनाना चाहते हैं जो एक विशेष नाम से पुकारा जाएगा और हम अपना आंकड़ा बताते हैं कि हम अस्सी करोड़ से ज्यादा हैं लेकिन सामाजिकता की जब बात आती है,अधिकारों की जब बात आती है,सम्मान की बात जब आती है,समानता की जब बात आती है तब हमें अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति और आदिवासी याद नहीं आते फिर काहे को हम अस्सी करोड़ से ज्यादा हुए जब हम अपने ही लोगों को अपना मानने को तैयार नहीं है।आखिर क्यों और कब तक?कब होगी इन सवालों पर बहस?कब बोलेगा इंडिया इन पर?कब लब खोलेंगे सब लोग इन सवालों पर?आखिर कब?या फिर मुख्य न्यायाधीश द्वारा कही गई बात और रघुराम राजन द्वारा कही गई बात यों ही छिपी हुई खबर भर बनकर रह जाएगी।एक बात हमेशा याद रखिए कि नफरत और भेदभाव के रहते कभी भी विकास और उन्नति की कल्पना करना भी बेमानी होगा।आइए!सबसे पहले जाति को जड़ से खत्म करें और इसके लिए जरूरी सोच का बदलना,सोच बदलें और अपने ही लोगों के साथ किसी भी किस्म का भेदभाव ना करें।साथ ही नफरत को त्याग दें और बहुसंख्यक अधिनायकवाद को छोड़ दे,देश तभी आगे बढ़ेगा जब देश में रहने वाली जनता आगे बढ़ेगी।यह जरूरी है,बहुत जरूरी है।

# जहाँ सम्मान वहाँ स्नेह



भावना ठाकर भावु
बेंगलोर, कर्नाटक

विवेक रोज़ की तरह अकुलाते बोला, विद्या कितनी बार बोला है तुम्हें मेरे ऑफ़िस जाने के वक्त दूसरे कामों में मत उलझी रहो, न मेरा रुमाल मिल रहा है न वॉलेट। एक ही बात रोज़-रोज़ कहनी पड़ेगी क्या तुम्हें। विद्या ने गीला तौलिया हटाया जिसके नीचे विवेक की घड़ी, रुमाल, वॉलेट और पेन सारी चीज़ें सहज कर रखी हुई पड़ी थी। साथ में इस्त्री किए हुए कपड़े ऑफ़िस बैग और जूते सब रैडी था। विवेक खिसियाना होते तैयार होने लगा। डायनिंग टेबल पर आते ही फिर चिल्लाया दस बज गए विद्या नास्ता लाओ, हद है हर रोज़ चिल्लाने के बाद ही नास्ता मिलेगा क्या? तुम औरतों को कुछ काम नहीं होता फिर भी एक पति के ऑफ़िस जाने का समय नहीं संभाल सकती। विद्या कॉफ़ी का मग लेकर किचन से बाहर आई और कैसरोल खोला, गर्मा गर्म पोहे तैयार थे बाजु में टिफ़ीन भी, विवेक आँखें चुराता चुपचाप खाने लगा। ऐसा नहीं था की विवेक विद्या से प्यार नहीं करता था, बेइन्तहाँ प्यार करता था बस जताना नहीं आता था। शाम को ऑफ़िस से आते वक्त विवेक विद्या की पसंद का मोगरे का गजरा और कल्लू कंदोई के गर्म समोसे ले आया और बोला ये लो खा लो। विद्या ज़ोर से चिल्लाई, नहीं खाने मुझे समोसे फेंक दो गटर में जब देखो कुछ न कुछ उठा लाते हो बगैर मुझे पूछे की मुझे क्या चाहिए या मुझे क्या पसंद है। विवेक को विद्या का बर्ताव अजीब लगा तो बोला अरे तुम्हें मोगरे के फूल और कल्लू कंदोई के समोसे तो बेहद पसंद है इसलिए तो लाया हूँ, आज अचानक तुम्हें क्या हुआ? विवेक को बहुत बुरा लगा तो विद्या विवेक के पहलू में बैठकर विवेक का हाथ अपने हाथों में लेकर बोली, मैं जानती हूँ आप मुझे बेपनाह प्यार करते है, लेकिन सुनिए मुझे गजरा या समोसा नहीं चाहिए बस दो बोल सम्मान के चाहिए, इज्जत चाहिए। मैं पत्नी हूँ आपकी कोई नौकरानी या बाई नहीं जो बिना मेरी गलती के हुक्म बजाते चिल्लाते हो। आपका हर काम बड़े प्यार से करती हूँ हर चीज़ सहज कर, संभाल कर रखती हूँ फिर भी ये जो आप रोज़ सुबह बेवजह मेरे उपर नाराज़ होते चिल्लाते है उससे मुझे कितना बुरा लगता है कभी सोचा है आपने? और ये जो इतने प्यार से आप गजरा लाए हो वो अपने हाथों से मेरे बालों में लगाते और समोसे का एक निवाला अपने हाथों से खिलाते तो मुझे ज़्यादा अच्छा लगता। बेशक आपका स्नेह पाना मुझे अच्छा लगता है पर मुझे मेरा आत्मसम्मान ज़्यादा प्यारा है। आप के मुँह से दो बोल तारीफ़ के मुझमें उर्जा भर देंगे। सोचिए आपका बॉस आपको लाख रुपये सेलरी तो देता है पर बात-बात पर बिना किसी गलती के आप पर चिल्लाए या अपमान करें तो आपको कैसा लगेगा? मन करेगा ना कि भाड़ में गई ऐसी नौकरी नहीं चाहिए मुझे लाख रुपये की सेलरी जहाँ इज्जत और सम्मान न हो वहाँ रहना ही नहीं चाहिए। वैसे ही मुझे भी गजरा समोसा जैसी किसी चीज़ की जरूरत नहीं बस दो बोल सम्मान की भूखी हूँ वो मुझे दिया कीजिए। विवेक ने अपनी गलती मानते विद्या को सौरी बोलते गले लगा लिया। और विवेक को माफ़ करते विद्या सबकुछ भूलकर विवेक की आगोश में समा गई। हर स्त्री स्नेह पाने से ज़्यादा सम्मान पाने की इच्छुक होती है क्योंकि सम्मान ही स्नेह का प्रतीक है। जहाँ सम्मान की भावना होती है वहाँ स्नेह खुद-ब-खुद पनपता है। दूसरे दिन विद्या ने देखा गीला तौलिया बालकनी में कपड़े सूखाने वाले स्टैंड पर लटकते मुस्कुरा रहा था, विद्या भी प्यार से हंस दी। विवेक कैसरोल खोलकर उपमा परोस रहा था।

# को बड़ छोट कहत अपराधी

राजनीति में पैसे का खेल किसने शुरू किया या कौन बड़ा है और कौन छोटा है, यह कहना आसान नहीं है। फिर भी पिछले करीब तीन दशक की राजनीति को देखें तो ऐसा लगता है कि दक्षिण भारत से खास कर तमिलनाडु से यह खेल शुरू हुआ। तमिलनाडु में सबसे पहले पैसे वाले अमीर लोगों ने राजनीति शुरू की और अपने पैसे के दम पर चुनाव जीतने का कारनामा किया। दूसरे राज्यों में भी ऐसे लोग होंगे लेकिन वे इक्का-दुक्का थे, जबकि तमिलनाडु में इसे सांस्थायिक रूप दिया गया। वहां की पार्टियों ने कार्यकर्ताओं को खूब रुपए दिए और मतदाताओं को अलग अलग चीजों का लालच देना शुरू किया। रेवड़ी बांटने की शुरुआत भी संभवतः सबसे पहले वहीं से हुई। पार्टियों ने महिलाओं को मंगलसूत्र और वाशिंग मशीन, मिक्सर-ग्राइंडर आदि बांटने शुरू किए। फिर बात नकद बांटने तक पहुंच गई। चुनाव आयोग और आयकर की टीम की नजरों से बचते हुए मतदाताओं तक पैसे पहुंचाने के तरह तरह के उपाय किए गए। कोई 15 साल पहले किसी चुनाव के समय मदुरै से खबर आई थी कि डीएमके नेता अलागिरी की टीम हॉकर से जरिए लोगों के घरों में पहुंचने वाले अखबार में पैसे डाल कर भिजवा रही है।

धीरे धीरे फिर सभी पार्टियां किसी न किसी तरीके से चुनाव में पैसे का अधिकतम इस्तेमाल करने लगीं। इसके लिए सत्ता में रहने और बेहिसाब पैसे इकट्ठा करने का चलन शुरू हुआ क्योंकि पैसा चुनाव जीतने की गारंटी बन गया। देश की राजनीति में 2004 के लोकसभा चुनाव में तब की केंद्र सरकार और भाजपा की ओर से इंडिया शाइनिंग और फीलगुड फैक्टर के प्रचार पर जिस तरह से बेहिसाब खर्च हुआ वह एक टर्निंग प्वाइंट था। उसी समय भाजपा के चुनाव प्रबंधकों खास कर प्रमोद महाजन ने प्रचार के लिए कारपोरेट बॉम्बिंग के जुमले का इस्तेमाल किया था। भाजपा वह चुनाव हार गई थी लेकिन उसी चुनाव में पैसे का खेल राज्यों से निकल कर राष्ट्रीय चुनाव तक पहुंचा था। उससे पहले भी पार्टियां चुनाव में पैसे का इस्तेमाल करती थीं लेकिन वह बेहिसाब नहीं होता है और वह सिर्फ पारंपरिक तरीके से होने वाले प्रचार पर खर्च होता था।

एक दशक बाद 2014 में चुनावी राजनीति का खेल पूरी तरह से बदल गया। गुजरात में मुख्यमंत्री रहते अमेरिकी कंपनी एपको से अपना ब्रांड मैनेजमेंट करवाने वाले नरेंद्र मोदी चुनाव प्रबंधक और मेगा इवेंट्स का कांसेप्ट लेकर राजनीति में उतरे। एपको के साथ साथ साथ प्रशांत किशोर की आईपैक उनके लिए चुनाव रणनीति बनाने और चुनाव प्रबंधन का काम कर रही थी। उन्होंने 3डी प्रचार शुरू किया। उन्होंने चाय पर चर्चा जैसे बड़े मेगा इवेंट्स प्लान किए, जिन पर भारी भरकम खर्च किया गया। बड़ी रैलियां की गई, जिनमें लोग जुटाने पर भारी खर्च हुए। उस रैली की कवरेज और टीवी पर उसे दिखाने का बंदोबस्त किया गया। चुनाव में पहले भी कारोबारी और उद्योगपति चंदा देते थे लेकिन पहली बार 2014 में चुनाव कारपोरेट इवेंट में तब्दील हुआ। उस चुनाव में नेताओं से ज्यादा प्रबंधन और रणनीति बनाने वाली एजेंसियां काम कर रही थीं और परदे के पीछे से ज्यादा लोग चुनाव लड़ या लड़ा रहे थे। भाजपा ने चुनाव लड़ने का यह तरीका सिखाया, जिसे दूसरी पार्टियों ने हाथों हाथ लिया। नरेंद्र मोदी के लिए काम करने वाले प्रशांत किशोर ने तमिलनाडु में डीएमके से लेकर बंगाल में तृणमूल कांग्रेस, महाराष्ट्र में शिव सेना, दिल्ली में आम आदमी पार्टी, बिहार में जदयू-राजद और उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी-कांग्रेस को चुनाव लड़ाया। अचानक चुनाव प्रबंधन करने वाली कंपनियों की बाढ़ आ गई। सर्वे करने वाली सैकड़ों एजेंसियां खड़ी हो गई।

-हरिशंकर व्यास-

### जीने का अधिकार



महेन्द्र साहू
खलारीवाला
बालोद
छत्तीसगढ़

उनके भी सीने में तो दिल धड़कता होगा।
सपने सजाने उनका भी मन करता होगा।
क्या ख़ता उस बेबस,लाचार,बेचारी की?
क्या विधवा को जीने का अधिकार नहीं?
वह भी तो हमारी तरह इंसान है
फिर इतना क्यूँ बेबस,बेजान है।
क्या हुआ जो छीन गया सुहाग?
पुनः एक चुटकी सिंदूर का
तनिक उसे अधिकार नहीं?
क्या विधवा को जीने का अधिकार नहीं?
जीवन-मृत्यु तो विधि का विधान है
फिर आखिर हम तो एक इंसान हैं।
एक दूजे का दर्द समझें हमदर्द बनें
मानवता में अत्याचार स्वीकार
नहीं।
क्या विधवा को जीने
का अधिकार नहीं?
समाज के ठेकेदारों ने कितने
ज़ुल्मोंसितम ढाये।
अबला सहर्ष
सीने में गरल उतार गईं
पर,कर सकी
उसका प्रतिकार नहीं,तो
क्या विधवा को जीने का
अधिकार नहीं?

### करगा



चन्द्रकांत खुंटे क्रांति
जाँजगीर-चांपा छत्तीसगढ़

रे करगा! कतका दिन तक इतराबे
जब तक अल्गे चिन्हारु नइ आबे
अबी हरयाले हरियर-हरियर
लहराले सुग्घर लहर-लहर
चूस ले धान के हिस्सा ला
जानत हन तोरो किस्सा ला
कब्जिया ले जम्मों जगा ला
दे ले जतको दगा ला
बड़ जा जम्मों से अलग
मोटा-बधरिया के बने डहक
पी ले खातु के पानी ला
मेछराले नानकन जिनगानी ला
फेर तोरो नंदाय के बारी आही
जम्मे चुसे बिटामिन हा अटा जाही
अलसिया के कचरा-कांदी हो जाबे
या फेर ककरो चारा बन जाबे
खेत-बखरी ला बाहिर फेंका जाबे
नही तो अद्धर टङ्गा जाबे
झन इतरा जादा तोर अबादी नइहे
धान हा अपन मा आही ता
कहाँ से जगा पइबे
तोर समूच्चा नास हो जाही
कुल-खुंट के नंदाय मा ही तोला
समझ आही।।

### घर घर तिरंगा, हर घर तिरंगा



प्रमेशदीप मानिकपुरी
धमतरी छत्तीसगढ़

दुनिया के गुलशन मे
एक देश है रंग बिरंगा
फहरेगा अब घर घर
तिरंगा,हर घर तिरंगा-2
कश्मीर से कन्या कुमारी,
उत्तर से दक्षिण
सीमा की छोर तक,
पूरब से पश्चिम तक
समता और एकता की पहचान तिरंगा
फहरेगा अब घर घर
तिरंगा,हर घर तिरंगा
तीन रंग से सजा
हुआ भारत की आन है
लहर लहर लहराता ये
भारत की शान है
देश के जन गण मन का
अभिमान तिरंगा
फहरेगा अब घर घर
तिरंगा,हर घर तिरंगा
परिलक्षित होती है
जिसमे कौमी एकता
दर्शन होती है जिसमे
अनेकता मे एकता
भारत के रज कण
की स्वाभिमान तिरंगा
फहरेगा अब घर घर
तिरंगा,हर घर तिरंगा
हिन्दू और मुस्लिम की,
सिख और इसाई की
तीन रंग से सजा
हुआ,प्रतीक है तरुणाई की
सरहद के हर जवान
की है अरमान तिरंगा
फहरेगा अब घर घर
तिरंगा,हर घर तिरंगा
भिन्न-भिन्न भाषा-भाषी,
देश है रंग बिरंगा
सबको आपस मे
जोड़े समता का तिरंगा
वसुधैवकुटुंबकम के
भाव का नाम तिरंगा
फहरेगा अब घर घर
तिरंगा,हर घर तिरंगा

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

CMYK

# सरगुजा संभाग में भूकंप के झटके,किसी प्रकार का नुकसान नहीं

-नगर संवाददाता-

**अम्बिकापुर,04 अगस्त 2022(घटती-घटना)।**

सरगुजा संभाग में एक बार फिर धरती डोली। इस भूकंप का केंद्र सूरजपुर जिला रहा। इससे संभाग के सूरजपुर, कोरिया व सरगुजा जिले में भूकंप के झटके लोगों ने महसूस किए। इस भूकंप से कहीं किसी प्रकार के नुकसान की खबर नहीं है। हालांकि सूरजपुर जिले के भैयाथान ब्लॉक स्थित एक स्कूल की दीवारों पर दरारें आ गईं। इसे देखते हुए सूरजपुर जिले के सभी सरकारी व प्राइवेट स्कूलों में 12.30 बजे के बाद छुट्टी दे दी गई। इस बार आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.7 मापी गई। इसके पूर्व 11 जुलाई को 4.3 रिक्टर तथा 29 जुलाई को 4.6 रिक्टर का भूकंप आया था। इन दोनों ही भूकंप का केंद्र कोरिया जिले के बैकुंठपुर व चरचा कॉलरी के आसपास रहा। सरगुजा संभाग में 4 अगस्त को भारतीय मानक समय पर 11 बजकर 57 मिनट व 1 सेकंड पर एक बार फिर भूकंप आया। पिछली बार 11 जुलाई को संभाग के कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के पास 4.3 रिक्टर का भूकम्प आया था। इसके 18 दिन बाद 29 जुलाई को लगभग उसी जगह 4.6 रिक्टर पैमाने का भूकम्प आने से लोगों को हैरानी हुई थी।



त्वरित दो भूकम्पों की आवृत्ति के बाद आज सूरजपुर जिले में अंबिकापुर से पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम दिशा में 41 किमी दूर फिर से धरती डोलने की घटना में लोगों को हैरान किया है।

### भूकम्प की तीव्रता 3.0 रिक्टर

मौसम वैज्ञानिक एमएम भट्ट के अनुसार गुरुवार को आए भूकम्प की तीव्रता भूमि सतह से 10 किमी की गहराई में 3.0 रिक्टर मापी गई। वहीं भूकंप का केंद्र 23.0 उत्तरी अक्षांश और 82.8 पूर्वी देशान्तर पर स्थित था। हालांकि यह सामान्य श्रेणी का भूकम्प था जो बड़ा नुकसान पहुंचाने की क्षमता नहीं रखता। फिर भी केंद्र के पास जहां कंपन अधिक होता है वहां यह प्रभावकारी हो सकता है। भूकंप से भैयाथान ब्लॉक के गंगोटी स्थित हाईस्कूल की दीवारों पर दरारें आ गई हैं। इधर भूकंप के कारण सूरजपुर कलक्टर इफ्फत आरा ने डीईओ विनोद राय को जिले के सभी शासकीय व निजी स्कूलों में छुट्टी करने के निर्देश दिए। निर्देश के पालन में डीईओ ने व्हाट्सएप ग्रुप में छुट्टी का आदेश जारी किया। इसके बाद दोपहर 12.30 बजे से सभी स्कूलों में छुट्टी कर दी गई।

### इस कारण आता है भूकंप

'भूकम्प' का शाब्दिय अर्थ भूकम्प अर्थात भूमि या धरती का कम्पन है। भूकम्प की परिभाषा में कहा गया है कि भूकम्प भूपटल के कम्पन की वह अवस्था होती है जो धरातल के नीचे अथवा ऊपर के विशाल चट्टानों या पहाड़ों के लचीलेपन या गुरुत्वीय संघर्षण के कारण उत्पन्न क्षणिक अव्यवस्था के कारण होती है।

## चलती बस से गिरे युवक पर चढ़ा पहिया,इलाज के दौरान मौत

-नगर संवाददाता-

**अम्बिकापुर,04 अगस्त 2022(घटती-घटना)।**

. बाजार कर घर लौट रहा युवक चलती बस से गिर गया था। बस का पहिया उसके शरीर पर चढ़ गया था। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जमुना राम पता साबू राम उम्र 18 वर्ष ग्राम टुकु टोला थाना सन्ना जिला जशपुर का रहने वाला था। वह 3 जुलाई को बाजार सन्ना गया था। वहां से अपने चाचा के साथ बस से वापस घर आ रहा था तभी सन्ना पेट्रोल पंप के पास चीती बस से नीचे गिर गया। इस दौरान बस का पहिया दोनों जांच के नीचे चढ़ गया। इसके चचा ने घटना की जानकारी उसके परिजन को दी। परिजन मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए जशपुर अस्पताल ले गए। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर रेफर कर दिया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## अज्ञात पिकअप की टक्कर से घायल बाइक सवार युवक की मौत

-नगर संवाददाता-

**अम्बिकापुर,04 अगस्त 2022(घटती-घटना)।**

अज्ञात पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जयप्रकाश साहू पिता रामखिलावन साहू उम्र 42 वर्ष निवासी सूरजपुर बुधवार को बाइक से लांची बांध की ओर जा रहा था। तभी अज्ञात पिकअप ने उसे टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। परिजन उसे इलाज के लिए सूरजपुर अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## चोरी की दो बाइक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

-नगर संवाददाता-

**अम्बिकापुर,04 अगस्त 2022(घटती-घटना)।**

चोरी की बाइक के साथ बतौली पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से दो बाइक भी जब्त किया है। पुलिस ने इनके खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।



जानकारी के अनुसार जिले में लगातार हो रही दो पहिया वाहनों की चोरी को देखते हुए एसपी भावना गुप्ता ने सभी थाना प्रभारियों व चौकी प्रभारियों को कार्रवाई के लिए सख्ते निर्देश दिए हैं। इसी के तहत बतौली थाना प्रभारी उप निरीक्षक प्रमोद पांडेय को मुखबिर से जानकारी मिली की 3 अगस्त को बतौली चौक के पास चोरी की बाइक से दो संदिग्ध घुम रहे हैं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच कर घेराबंदी कर दोनों संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो दोनों अलग-अलग जगह से चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी दीपक प्रजापति एवं करमदेव घसिया निवासी लुण्ड्रा को गिरफ्तार कर थाना लाया और दोनों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# महिला संबंधी मामलों में तत्काल संज्ञान में लेकर विधिसम्मत करें कार्रवाई

**आईजी ने सरगुजा रेंज के सभी पुलिस अनुविभागीय अधिकारियों की ली गई अपराध समीक्षा बैठक**

-नगर संवाददाता-

**अम्बिकापुर,04 अगस्त 2022(घटती-घटना)।**

आईजी सरगुजा रेंज अजय यादव द्वारा रेंज के समस्त पुलिस अनुविभागीय राजपत्रित अधिकारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली। उन्होंने रेंज के अपराध एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए विभिन्न बिन्दुओं पर कार्यवाही संबंधी निर्देश दिए गए। उन्होंने गंभीर किस्म के प्रकरणों में सतत विवेचना करते हुए यथाशीघ्र विधिसम्मत निराकरण किए जाने, प्रकरण लंबी अवधि तक विवेचना में लंबित न रहे। महिला संबंधी मामलों में तत्काल संज्ञान लेकर विधिसम्मत कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिए। साथ ही इस बात पर विशेष बल दिया गया कि जिलों में महिलाओं व बच्चों से संबंधित प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई करते हुए समय-सीमा के भीतर त्वरित निराकरण किया जाए। आईजी द्वारा



निर्देशित किया गया कि अनियमित वित्तीय कंपनियों के विरूद्ध दर्ज प्रकरणों में अंतरिम कुर्की, अंतिम कुर्की, नीलामी तथा निवेशकों की धन वापसी की समीक्षा की जाए। अनियमित वित्तीय कंपनियों की राज्य एवं राज्य से बाहर स्थित अचल संपत्तियों के चिन्हांकन एवं उनकी कुर्की की कार्रवाई शीघ्र कराएं तथा प्रकरणों के फरार आरोपियों की पता तलाश हेतु विशेष टीम गठित कर उनकी गिरफ्तारी कराई जाए। समीक्षा बैठक के दौरान जिला सूरजपुर और कोरिया में पेंडेंसी अधिक पाए जाने पर संबंधित थाना प्रभार, विवेचकों के प्रति पुलिस महानिरीक्षक द्वारा कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए हुए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी को सख्त निर्देश दिया गया कि उक्त प्रकारणों का समयावधि में निकाल कर कार्यालय में अवगत कराने हेतु निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक सरगुजा भावना गुप्ता, सहायक पुलिस महानिरीक्षक रवि कुर्रे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरगुजा विवेक शुक्ला, डीएसपी पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय ध्रुवेश जायसवाल, आईजी रीडर लालसाय पैकार, सुभाष ठाकुर पुलिस अधीक्षक सरगुजा रीडर अजीत मिश्रा व रेंज के समस्त पुलिस अनुविभागीय अधिकारी उपस्थिति रहे। गंभीर प्रकरणों में गिरफ्तारी जल्द करें जिलों के अनुभाग में लंबित सभी गंभीर प्रकरणों में जैसे हत्या, हत्या का प्रयास, बलात्कार, अपहरण एवं महिला व बच्चों संबंधी अपराध, गुम इंसान, एससी, एसटी एक्ट के प्रकरणों के निराकरण की ओर विशेष ध्यान दिए जाने की बात कही। आईजी ने कहा कि लंबित ऐसे सभी प्रकरणों की समीक्षा कर समयबद्ध निराकरण करने निर्देशित किया गया। जिलों में गंभीर किस्म के प्रकरणों में जिनमें अभी तक गिरफ्तारी नहीं हो पाई है, ऐसे प्रकरणों में विशेष टीम गठित कर आरोपी के सभी संभावित ठिकानों पर दबिश देकर लगातार पतासाजी करते हुए फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर प्रकरणों का निराकरण किये जाने निर्देशित किया गया।



## जीवन में सफल होने के लिए सतत् परिश्रम की आवश्यकता'

**होलीक्रॉस कॉन्वेंट सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त छात्रों को किया गया सम्मानित**

-नगर संवाददाता-

**अम्बिकापुर,04 अगस्त 2022(घटती-घटना)।.**

होली क्रॉस कॉन्वेंट सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2021-22 की सीबीएसई 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त विद्यार्थियों के लिए आशीर्वाद एवं पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक अजय यादव उपस्थित थे। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में होली क्रॉस अस्पताल की प्रशासिका सिस्टर डायना तथा सिस्टर वेरोनिका उपस्थित थी। इनके साथ ही सर्वोच्च अंक प्राप्त छात्रों के माता-पिता भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। हमेशा की तरह शिक्षण सत्र 2021-22 में भी होली क्रॉस अंग्रेजी माध्यम स्कूल का परीक्षा परिणाम अत्यन्त शानदार रहा जिसमें कक्षा 12वीं में 45 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किया जबकि कक्षा 10वीं में 53 छात्रों ने यह उपलब्धि हासिल की। इन्हीं छात्रों के सम्मान में यह समारोह आयोजित किया गया था। मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक अजय यादव ने अपने उद्बोधन में छात्रों की सराहना करते हुए उनका मार्गदर्शन किया और बताया कि जीवन में सफल होने के लिए सतत परिश्रम की आवश्यकता होती है। आज जो अंक प्राप्त किया है वह बहुत अच्छा है लेकिन इसमें निरंतरता बनाकर रखना अत्यंत आवश्यक है हमें परिश्रम से कभी घबराना नहीं चाहिए। लगन और कड़ी मेहनत करते हुए आगे बढना है। विद्यालय की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि आपका यह विद्यालय इस क्षेत्र का श्रेष्ठ विद्यालय है जिसमें आप पढ़ रहें है आप को इसका पूरा फायदा उठाना चाहिए। उद्बोधन के क्रम को आगे बढ़ाते हुए होली क्रॉस अस्पताल की प्रशासिका सिस्टर डायना ने छात्रों का उत्साह बढ़ाया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं की। वहीं कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल कलकत्ता में वाको इंडिया किक बाक्सिंग फेडरेशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त छात्र आदित्य नारायण सिंह और प्वाइंट फाइट प्रतियोगिता में 5 वें स्थान पर तथा म्युजिकल फाइट में 9वें स्थाना पर रही आराध्या सिंह को इस समारोह में सम्मानित किया गया।


# भूकम्प के झटकों से हिली धरती,जिले में मचा हड़कंप

**स्कूल के दीवार में दरार,कोई और नुकसान नही पर दहशत में रहे लोग**

-नगर संवाददाता-

**सूरजपुर 04 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**

गुरुवार को भूकम्प के झटकों से समूचे जिले में हड़कम्प मच गया।इस भूकम्प के झटकों से किसी तरह का कोई नुकसान तो नही हुआ है पर लोग दहशत में जरूर है।दहशत का आलम यह रहा कि कुछ लोग शाम को चार बजे भी झटके महसूस होने की बात कर रहे थे।गुरुवार को करीब 11 से 12 बजे के बीच अचानक गड़गड़ाहट की आवाज के साथ धरती में कम्पन महसूस की गई।पहले तो लोग समझ नही पा रहे थे कि ये क्या हो रहा पर जैसे ही पंखा, रखे बर्तनो में आवाज ,अलमीरा आदि के हिलने से लोग भूकम्प की आशंका पर तत्काल घरों से बाहर निकल कर एक दूसरे से पुष्टि करने लगे। बताया गया कि भूकम्प का रिएक्टर इस्केल पर तीव्रता 3 मापा गया है और धरती में करीब 10 किमी अंदर रहने की बात कही गई है।इसके आलावे इसका केंद्र बिंदु सूरजपुर के आसपास रहने का दावा किया गया है।इस भूकम्प को समूचे जिले में महसूस किया




गया।भूकम्प के झटके से गंगोटी के स्कूल में दरार पड़ने की खबरें सामने आई है इसके अतिरिक्त कही से कोई और नुकसान की खबर नही है।अलबत्ता यह जरूर है कि भूकम्प के झटके और गड़गड़ाहट की आवाज से लोगो मे दहशत की स्थिति बन गई थी।कुछ लोग शाम चार बजे भी हल्का झटका महसूस करने की बात कर रहे पर इसकी पुष्टि न होने से इस दहशत ही माना जा रहा है। लोग बताते है कि शिवप्रसादनगर बस्ती जहां एयरटेल का टावर लगा है वहां के लोगों को ऐसा महसूस हुआ कि यह टॉवर गिर जाएगा। वहीं बड़सरा में ऐसा महसूस हुआ कि कोई तेज वाइब्रो रोलर चला जा रहा है और धरती कांप रही है. ऐसा ही पूरे भैयाथान क्षेत्र में महसूस किया गया. जिसको लेकर लोग अपने अपने घरों से बाहर निकल गए. जान माल के नुकसान की कोई खबर नहीं मिली है।

### स्कूलों में छुट्टी

भैयाथान ब्लॉक के गंगौटी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन की दीवारें दरक गईं। दीवार में दरार पड़ने व भूकम्प के दूसरे झटके की आशंका पर तत्काल जिले के सभी सरकारी व निजी स्कूलों में छुट्टी कर दी गई।बच्चों को सुरक्षित घर भेजा गया। कलेक्टर इफ्फत आरा ने जिला शिक्षा अधिकारी विनोद राय को निर्देशित किया उन्होंने तत्काल छुट्टी के आदेश सोशल मीडिया पर भेज दिया।


**फर्म परिवर्तन की सूचना**

सूचित किया जाता है कि 1.4.2022 से साझेदारी फर्म मेसर्स नवल किशोर पाण्डेय रामपुर कालोनी बैकुंठपुर कोरिया छत्तीसगढ़ के निम्नलिखित साझेदार फर्म से बाहर हो चुके हैं।

1/-विनोद कुमार पाण्डेय
2/- विकास कुमार तिवारी
3/- हंसराज तिवारी
4/- नवीन कुमार

दिनांक 1.4.2022 से नए साझेदार निम्नलिखित शामिल किए गए हैं।

1/- नितिन पाण्डेय
2/-नेहा पाण्डेय
3/- पूजा सिंह

भवदीय
**मे.नवल किशोर पाण्डेय**
बैकुंठपुर कोरिया(छ0ग0)


# 20 दिनों के अंतराल में तीन बार कांपी कोरिया की धरती

» लगातार आ रहे भूकंप के झटको से लोगों में दहशत में। सब से सेफ जोन माने जाने वाले छत्तीसगढ़ में जल्दी-जल्दी भूकंप का आना कहीं बे खतरे का संकेत तो नहीं ?

» भूमिगत खदानों को होना होगा सचेत नहीं तो हो सकती है अब बड़ा हादसा।


» 3.0 तीव्रता का भूकंप: 5 सेकेंड के अंदर दो बार महसूस हुए झटके।

-रवि सिंह-

**बैकुण्ठपुर 04 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**

कोरिया जिले में 1 महीने में तीन बार भूकंप के झटके आ चुके हैं जिससे कोरिया की धरती कांपा चुकी है इतना जल्दी-जल्दी भूकंप का झटका आना कहीं बड़े खतरे का संकेत तो नहीं है? भूकंप की दृष्टि से छत्तीसगढ़ को सबसे सेफ जोन माना जाता है पर इस सेफ जोन में कुछ दिनों के अंतराल में 1 महीने के अंदर तीन बार भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिसे लेकर लोगों में दहशत है लोगों के अंदर यह भी भय बना हुआ है कि कहीं बड़े खतरे का आशंका तो नहीं? आज दोपहर लगभग 11꞉57 पर कोरिया जिला समेत समीपवर्ती जिलों में भूकंप के लगातार तीव्र झटके महसूस किए गए। जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.7 मापी गई। भूकंप का केंद्र कोरिया और सूरजपुर जिले का सीमावर्ती क्षेत्र गंगौटी बताया जा रहा है। विगत 25 दिनों में यह तीसरा मौका है, जब भूकंप के कारण कोरिया की धरती में कंपन उत्पन्न हुआ है। गनीमत यह है कि अभी तक भूकंप के कारण कोई जान माल का नुकसान या भारी तबाही नहीं हुई है। परंतु यदि अधिक तीव्रता का भूकंप का प्रभाव कोरिया में पड़ता है तो अविभाजित कोरिया के ऐसे अनेक हिस्से हैं जो भूमिगत कोयला खदानों के कारण पूरी तरह खोखले हो चुके हैं। चिरमिरी, कटकोना, पांडवपारा, चरचा, सोनहत, खोंगापानी जो सभी कोरिया जिले के अहम हिस्से हैं, इनके अलावा कोरिया के समीपवर्ती अनूपपुर जिले का राजनगर, कोतमा, बिजुरी, पौराधार इत्यादि अनेक ऐसे क्षेत्र हैं जो दशकों से संचालित भूमिगत कोयला खदानों से उत्खनन के कारण आंशिक रूप से या पूरी तरह खोखले हो चुके हैं। ऐसे में अधिक तीव्रता का भूकंप इन पूरे क्षेत्रों को पूरी तरह तबाह और बर्बाद कर सकता है। विगत दिनों जब भूकंप के झटके कोरिया में महसूस किए गए थे तो ऐसे ही एक घटना चरचा खदान के अंदर घटित हुई थी जिसमें कार्यरत कुछ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परंतु कालरी प्रबंधन द्वारा अभी तक इस दिशा में न तो कोई ठोस पहल किया है ना ही कोई एहतियातन जरूरी कदम उठाए गए हैं।

लगातार भूकंप के झटकों के कारण क्या प्रबंधन को कुछ समय के लिए कोल उत्खनन कर देना चाहिए बंद?- कोरिया जिले में लगातार आने वाले भूकंप के कारण सर्वाधिक खतरा भूमिगत खदानों और उन में कार्यरत श्रमिकों को है। जिस प्रकार लगातार भूकंप के झटके एक के बाद एक जिले में आते जा रहे हैं, यदि तीव्रता बढ़ी तो कभी भी हो सकता है भयानक हादसा। क्या कालरी प्रबंधन को एहतियातन ऐसे में कुछ समय के लिए कोल उत्खनन बंद कर देना चाहिए? यह सवाल उठना लाजिमी है, क्योंकि लगातार उत्खनन के कारण भूमिगत खदानों के आसपास के कई किलोमीटर का हिस्सा




पूरी तरह खोखला हो चुका है। यदि रिक्टर पैमाने पर बड़ी तीव्रता का भूकंप आता है तो समूचे कोरिया का अधिकांश हिस्सा रसातल में समा सकता है। इससे जानमाल की कितनी क्षति होगी इसका अनुमान लगाना असंभव है।

भूकंप का मेन सेंटर गंगोटी के आस पास, 5 सेकेंड के अंदर दो बार महसूस हुए झटके- छत्तीसगढ़ के कोरिया में फिर से भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। रिएक्टर स्केल पर इसकी क्षमता 3.0 थी। नेशनल सेंटर फॉर सेस्मोलॉजी की तरफ से बाद में बताया गया है कि यह भूकंप 3.0 तीव्रता का था। जिसका सेंटर सूरजपुर जिले का उमेश्वरपुर के आस-पास 10 किलोमीटर की गहराई पर था। पहले प्राइवेट साइटों ने दावा किया था कि इस भूकंप के झटके की तीव्रता 4.7 थी। इससे 6 दिन पहले दूसरी बार बैकुंठपुर में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। उसके पहले 11 जुलाई को 4.3 तीव्रता का झटका आया था। उस समय जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ था। तब भी दो सेकेंड के लिए ही झटके लगे थे और केंद्र बैकुंठपुर से पश्चिम-उत्तर दिशा में 16 किमी दूर और जमीन से 10 किमी अंदर था। इससे पहले 16 मार्च को भी अंबिकापुर संभाग में भूकंप के झटके महसूस किये गए थे। तब रिक्टर पैमाने पर 3.1 तीव्रता के भूकंप मापा गया था।

5 मजदूर हुए थे घायल- 6 दिन पहले जब देर रात करीब चरचा कालरी क्षेत्र में रात 12.58 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। महज 2 सेकेंड के लिए आए इस झटके का पता ज्यादातर लोगों को नहीं चला। झटकों की वजह से चरचा अंडर ग्राउंड कोल माइंस में गोफ गिर गया। इस दौरान 15 मजदूर काम कर रहे थे। भागते समय 5 मजदूर घायल हो गए। इनमें से तीन मजदूरों को अपोलो अस्पताल रेफर किया गया है। इस दौरान माइंस में एक दर्जन से ज्यादा श्रमिक काम कर रहे थे। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, इस श्रेणी के भूकंप से क्षति का अंदेशा रहता है। दरअसल नर्मदा-सोन भ्रंश (फाल्ट जोन) एवं तातापानी भ्रंश के आसपास के क्षेत्र में प्लेट टेक्टोनिक गतिविधियां होती रहती हैं। इसके कारण भूकंप के झटके लग रहे हैं। भूकंप आने के पीछे इस बार भी यही कारण माना जा रहा है। आपदा प्रबंधन भारत सरकार एवं भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) द्वारा अंबिकापुर एवं उत्तरी छत्तीसगढ़ को भूकंप ग्रसित क्षेत्र में दर्शाया गया है, हालांकि इसे कम तीव्रता वाले क्षेत्र में रखा गया है, लेकिन इस बार भूकंप की तीव्रता ने सबको चौंकाया है।

5 साल में लगे 5 झटके- कोरिया जिले में इससे पहले 11 जुलाई को 4.3 तीव्रता का भूकंप आया। 12 दिसंबर 2021 को सुबह 9.30 बजे 3.4 तीव्रता के झटके आए थे। 11 अप्रैल 2021 की दोपहर 12.52 बजे उत्तर व मध्य छत्तीसगढ़ में 3.7 तीव्रता का भूकंप आया। इसके झटके बैकुंठपुर, मनेंद्रगढ़ और मरवाही तथा मध्यप्रदेश के अनूपपुर में महसूस किए गए थे। तब भूकंप का केंद्र शहडोल था। जिले के चिरमिरी और मनेंद्रगढ़ में 22 फरवरी 2019 में दोपहर करीब 1 बजे 3.5 तीव्रता के झटके महसूस हुए थे। 2 सितंबर 2018 को भी भूकंप के झटके लगे थे।


**SBI भारतीय स्टेट बैंक**
ब्रांच–मेन रोड वाड्रफनगर
जिला बलरामपुर छ.ग. (5906)

**आधिपत्य नोटिस (स्थावर संपत्ति)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता भारतीय स्टेट बैंक का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूमि हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित ऋणधारियों को ब्याज राशि सहित नोटिस प्राप्ति के दिनांक से 60 दिन की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। ऋणग्रहिता राशि का भुगतान करने में असफल रहा है अतः ऋणग्रहिता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता में उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) सपठित उक्त नियम (8) एवं (9) के साथ पढ़ा जाये एतस्मिन नीचे वर्णित संपत्ति का आधिपत्य दी गई दिनांक को अधिग्रहण कर लिया गया है। ऋणग्रहिताओं को विशिष्टता और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्न वर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है। निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिये निम्न खाते के सामने अंकित भारतीय स्टेट बैंक मेन रोड वाड्रफनगर, जिला बलरामपुर छ.ग. (5906) के प्रभार अधीन होगा।

| ऋणी खाते का नाम/ संपति का मालिक | आधिपत्य में ली गई सम्पत्ति का विवरण | मांग सूचना पत्र तिथि |
|---|---|---|
| मेसर्स कुसमनदा ट्रैक्टर मेन रोड, वाड्रफनगर प्रो. श्री कमलेश सिंह परमार पिता श्री रामाधार सिंह ग्राम :– रजखेता तह : वाड्रफनगर जिला : बलरामपुर (छ.ग.) | बंधक संपत्ति का समस्त भू भाग भूमि और मकान–भवन, ग्राम : ग्राम : रजखेता तह : वाड्रफनगर जिला : बलरामपुर (छ.ग.) 1) खसरा नं. 941/1 क्षेत्रफल 0.020 हेक्ट. सीमाए : पूर्व : विक्रेता की भूमि, पश्चिम– क्रेता की भूमि, उत्तर– सड़क, दक्षिण– ललित देवी की भूमि (2) 941/18 क्षेत्रफल 0.020 हेक्ट. सीमाए : पूर्व– ग्रामीण सड़क, पश्चिम– क्रेता की भूमि, उत्तर– सड़क, दक्षिण– ललित देवी की भूमि 3) 941/19 क्षेत्रफल : 0.020 हेक्ट. सीमाए : पूर्व– क्रेता की भूमि, पश्चिम– सड़क, उत्तर– सड़क, दक्षिण– ललित देवी की भूमि संपत्ति मालिक : श्री कमलेश सिंह परमार पिता श्री रामाधार सिंह | मांग सूचना पत्र तिथि 30.10.2021 उल्लेखित राशि रू. 27,49,459.08 + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे आधिपत्य दिनांक 29.07.2022 |

सवैधनिक चेतावनी : ऋणग्रहिता एवं ग्यारंटी इसे 30 दिन का बिक्री पूर्व नोटिस समझें। यदि 30 दिन के अंदर खाता बंद नहीं होता है तो सम्पत्ति की नीलामी कर दी जायेगी।

दिनांक : 04.08.2022 | प्राधिकृत अधिकारी

# जिले में कम वर्षा पर सूखे की सूची में सात तहसीलों में से सिर्फ सोनहत का नाम ?

» 120 दिन वाले धान में 60 दिन थरहा में बीते,बचे 60 दिन में कैसे तैयार होगी फसल ?

» सूखे पर शुरू हुई राजनीति,विपक्षी नेताओं ने कहा बारिश पूरे जिले में कम है,ना जाने किस आंकड़े को देखकर एक तहसील को सूची में दिया स्थान

» वर्षा के आंकड़े पर भी उठा सवाल,वर्षा के आंकड़े को देख लोगों को नहीं है भरोसा ?

» यदि वर्षा के आंकड़े सही कह रहे तो फिर खेतों में क्यों फट रहे दरार,जलाशय क्यों हैं सूखे ?

» आखिर कहां से ला रहे ऐसे बारिश का आंकड़ा कि लोगों को भी आंकड़े पर नहीं हो रहा भरोसा।

» अल्पवर्षा के कारण सिर्फ 39 फ़ीसदी ही धान की बोनी व रोपित खेती,वह भी पानी ना होने की वजह से नष्ट होने के कगार पर।

» बारिश ठिठकी, जिले के सात तहसील क्षेत्र में सूखे जैसे हालत,राज्य सरकार ने एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट मांगी।

» कोरिया में 42 प्रतिशत से कम और सोनहत तहसील में 62 प्रतिशत से कम वर्षा,धान की नर्सरी-रोपणी सूखने लगी।





-रवि सिंह-
**बैकुण्ठपुर 04 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**

अल्प वर्षा ने पूरी तरह किसानों व सरकार की चिंता बढ़ा दी है, पर इस चिंता के बीच जो सूखे की सूची जारी हुई है उसने राजनीति को भी बढ़ावा दे दिया। राजनीति को बढ़ावा भी मिलना इसलिए जायज है क्योंकि आंकड़े ने बता दिया कि सिर्फ एक तहसील में सूखे की स्थिति है, बाकी तहसीलो में वर्षा ठीक है। पर यदि वर्षा ठीक है तो फिर पूरे जिले में केवल 39 फीसदी बोनी व रोपित खेती क्यों हुई? जलाशय क्यों नहीं भरे? खेत में दरारें क्यों फट रहे?

कोरिया जिले में 7 तहसील है और सूखे को लेकर जो सूची में नाम आया उसमें सिर्फ कोरिया जिले के एक तहसील सोनहत का नाम शामिल है। यह 1 अगस्त को जारी सूची में देखा जा सकता है, सूची के जारी होते ही सोशल मीडिया में आम जनता से लेकर विपक्षी दलों ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया देना शुरू कर दिया। क्योंकि उस सूची के अनुसार 7 तहसीलों में कम औसत वर्षा दर्ज की गई है, जिसमें सिर्फ एक तहसील का नाम शामिल है। पर वही जिले के 6 तहसीलों का हाल बेहाल है। सारी जिले के किसान परेशान हैं, सारे तहसीलों के जलाशय प्यासे हैं। पर जारी सूची अनुसार सवाल यह उठता है कि जब बाकी तहसीलों में अच्छी बारिश हुई तो फिर वहां भी स्थिति भयावह क्यों है? वहीं विपक्षी दलों के नेताओं ने इस पर राजनीतिक आवाज बुलंद करना भी शुरू कर दिया और कहा कि पूरे जिले को सूखाग्रस्त घोषित करना चाहिएं। यह आंकड़े कहां से लिये गये हैं जहां पर बाकी तहसीलों में अच्छी बारिश बताई गई है। जबकि आंकड़ों पर ना किसानों का भरोसा है और ना ही राजनीतिक दलों का भरोसा है। अब ऐसे में सत्ता पक्ष के लोग भी अपने अपने क्षेत्र को सूखाग्रस्त करने के लिए अब पत्र लिखना शुरू कर दिए हैं। अब देखना यह है आखिर आगे क्या होता है।

### राज्य सरकार ने खरीफ सीजन वर्ष 2022-23 में 53945 हेक्टेयर में धान की खेती का लक्ष्य दिया है

कोरिया में पिछले साल की अपेक्षा 42 फीसदी कम बारिश होने के कारण खेतों में लगी धान की नर्सरी व रोपणी सूखने लगी है। हालात ऐसे हैं कि रोपा लगाए गए खेतों में दरारें पड़ गई है। वर्तमान में सिर्फ 39 फीसदी खेती किसानी का कार्य पूरा हुआ है। राज्य सरकार ने खरीफ सीजन वर्ष 2022-23 में 53945 हेक्टेयर में धान की खेती करने लक्ष्य दिया है। जिसमें रोपा 32000 हेक्टेयर व बोता 21900 हेक्टेयर शामिल है। बारिश नहीं होने के कारण 21200 हेक्टेयर में धान की खेती हुई है। वहीं अन्य अनाज(मक्का, कोदो-कुटकी, रागी) 66950 हेक्टेयर, दलहनी फसल 17727 हेक्टेयर, तिलहनी फसल 2381 हेक्टेयर और फल साग-सब्जी 2381 हेक्टेयर निर्धारित है। जिले में कुल 92058 हेक्टेयर में खेती का लक्ष्य रखा गया है। इधर अल्पवर्षा के कारण महज 39 फीसदी खेती हुई है। इस साल कोरिया में सूखे जैसे हालत हैं। मामले में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग रायपुर ने एक सप्ताह के भीतर 60 फीसदी से कम बारिश वाले सोनहत तहसील की रिपोर्ट मांगी है। जिसमें राहत मैन्युअल 202 के प्रावधान के तहत राजस्व, कृषि व उद्यानिकी की संयुक्त टीम से नजरी आंकलन कराया जाना है। साथ ही अन्य तहसीलों में फसल क्षति होने की संभावना है, तो वहां भी नजरी आंकलन कराने निर्देश दिए गए हैं।



तत्काल/आवश्यक

छत्तीसगढ़ शासन
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग
मंत्रालय
महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर

क्रमांक एफ 1-134/राजस्व/राहत/2022/764 नवा रायपुर दिनांक 01/08/2022

प्रति,
समस्त कलेक्टर,
छत्तीसगढ़

विषय :- मानसून 2022 में कम वर्षा/खण्ड वर्षा के कारण सूखा घोषित करने के संबंध में।

--00--

विषयांतर्गत दिनांक 01.08.2022 की स्थिति में प्रदेश के निम्नलिखित जिलों के आगे दर्शाये तहसीलों में औसत से कम वर्षा दर्ज की गई है :-

| क्र. | जिले का नाम | कम वर्षा वाले तहसील का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | सरगुजा | लुण्ड्रा, दरिमा, बतौली, अम्बिकापुर, मैनपाट, सीतापुर |
| 2 | सूरजपुर | प्रतापपुर, बिहारपुर, लटोरी |
| 3 | बलरामपुर | शंकरगढ़, रामानुजगंज, राजपुर, बलरामपुर, कुसमी, वाड्रफनगर |
| 4 | जशपुर | जशपुर, दुलदुला, पत्थलगांव, सन्ना, कुनकुरी, कांसाबेल |
| 5 | रायपुर | रायपुर, आरंग |
| 6 | कोरिया | सोनहत |
| 7 | कोरबा | दर्री |
| 8 | बेमेतरा | बेरला |
| 9 | सुकमा | गादीरास, कोण्टा |

उपरोक्त दर्शित तहसीलों में दिनांक 01.08.2022 की स्थिति में 60 प्रतिशत से कम औसत वर्षा दर्ज की गई है । उक्त तहसीलों का राहत मैन्युअल 2020 के प्रावधान अनुसार फसलों का राजस्व, कृषि तथा उद्यानिकी अधिकारियों से नजरी आंकलन कराया जावे। साथ ही जिन तहसीलों में पूर्व में अधिक वर्षा हुई है किन्तु बाद में वर्षा नहीं होने के कारण फसल क्षति होने की संभावना है ऐसे तहसीलों का भी नजरी आंकलन कराया जाकर यदि सूखा घोषित किया जाना आवश्यक है, तो नियमानुसार प्रस्ताव शासन को एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ।

01/8/22
( नीलम नामदेव एक्का )
राहत आयुक्त/सचिव
छ0ग0 शासन
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

निरंतर ............ 2
319

### धान खरीदी एकड़ में, सूखा का मुआवजा हेक्टेयर में क्यों ?

धान की खरीदी प्रति एकड़ 15 क्विंटल होती है पर वही सूखे व फसल को नुकसान होने की स्थिति में जो नुकसान का आंकलन लगाया जाता है वह प्रति हेक्टेयर में होता है। उसमें भी सिंचित भूमि का अलग दर है और असिंचित भूमि का अलग दर है। सबसे अधिक सिंचित भूमि का दर की बात की जाए तो वह 15 से 20 हजार प्रति हेक्टेयर, जो 3 साल पहले का है। और असिंचित भूमि का दर 6 हजार प्रति हेक्टेयर है। वर्तमान में यह दर क्या होगी इसका तो पता नहीं पर यह नुकसान व मुआवजे के आंकड़े पर नजर डालें तो किसानों के साथ न्याय नहीं अन्याय है। धान बोता व रोपा खेती सिर्फ 39 फीसदी हुई- जिले में अल्पवर्षा के कारण सिर्फ 39 फीसदी धान बोता व रोपा की खेती हुई है। जिसमें धान बोता 69 फीसदी और रोपा 21 फीसदी है। पिछले साल इसी अवधि में 569.21 मिलीमीटर और पिछले 10 वर्षों में इसी अवधि में औसत वर्षा 490.84 मिलीमीटर बारिश हुई थी। लेकिन इस साल 328.10 मिलीमीटर बारिश दर्ज है। वर्तमान में पानी के अभाव में खेतों में लगी धान की नर्सरी व रोपणी सूखने लगी है और अन्नदाता चिंतित हैं।

### 60 दिन में कैसे होगा फसल तैयार

120-125 दिन अर्थात 4 माह धान की कुल अवधि, 60 दिन (2 माह) से ऊपर हो गए थरहा को, जून के प्रथम सप्ताह में आषाढ़ माह में अधिकांश किसानों ने लगा दी थी रोपड़ी, कृषि विशेषज्ञों और धान बीज कंपनियों का कहना की अधिकतम 20 से 25 दिन के भीतर थरहा की रोपाई हो जानी चाहिए, ताकि जड़ों का फैलाव और पौधों की संख्या बढ़ सके। किसानों के अनुसार 2 माह से अधिक के थरहा को रोपने का भी नहीं है कोई फायदा, अब न तो पौधों की संख्या बढ़ेगी ना ऊंचाई, बालियों का आकार भी अत्यंत कम या नहीं के बराबर आएगा।

### कोरिया में सूखे की स्थिति,सरकार किसानों की आर्थिक सहायता करे

भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व जिपं सदस्य देवेन्द्र तिवारी ने कोरिया जिले में सूखे की स्थिति पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कलेक्टर कोरिया के माध्यम से राज्य सरकार को इस विषय पर गंभीरतापूर्वक ध्यान देते हुए सूखे की स्थिति से निपटने के लिए शीघ्र जिले के किसानों को राहत पहुचाने के लिए कार्यवाही शुरू करने का आग्रह किया है। जिले में राहत की कार्य योजना त्वरित तैयार किये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जिले में अल्पवर्षा की स्थिति चिंताजनक है। खेतों में खरीफ की फसल बारिश के अभाव में नष्ट हो रही है। किसानों की चिंता बढ़ती जा रही है। उनके द्वारा लिए गए बीज और खाद बेकार हो गए हैं। ऐसे में किसानों को शीघ्र उनके नुकसान का मुआवजा सरकार को देना चाहिए। इसके लिए ग्राम स्तर पर टीम बनाकर नुकसान हुए फसल का सर्वे शीघ्र करना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के कार्य बंद हैं। श्रमिकों को ग्राम पंचायतों में भी रोजगार की व्यवस्था शीघ्र की जानी चाहिए। जल संकट बढ़ेगा कई गांवों में आने वाले समय में भीषण पेयजल का संकट आ सकता है, छोटे बड़े नालों के अस्थायी अथवा स्थायी बंधान के कार्य शीघ्र प्रारम्भ



होने चाहिए। पहले बनी डबरी ये छोटे तालाब के मेड़ मरम्मत तथा जल संरक्षण व संवर्धन के आवश्यक उपाय करना चाहिए। तिवारी ने कहा यदि राज्य सरकार और प्रशासन सही समय पर किसानों और ग्रामीणों के लिए राहत पहुचाने पर विचार नहीं करेगी तो स्थिति चिंताजनक हो जाएगी।

### आषाढ़ व सावन बारिश बगैर बीते, बगैर पानी के किसानों का थरहा बीमारियों,झुलसा रोग की चपेट में

अनिल जायसवाल जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा कोरिया ने कहा की पूरा आषाढ़ और सावन बारिश के बगैर बीत गया, बगैर पानी के असंख्य किसानों का थरहा बीमारियों, झुलसा रोग और कीटों के कारण हो गया पूरी तरह खराब। बिना नमी और पानी के कीटनाशक और रोगों के रोकथाम की दवाइयां बेअसर, यदि अब बारिश होती भी है, तो सैकड़ों किसानों के पास नहीं बचा धान का थरहा, जिन किसानों ने कृत्रिम साधनों से धान की रोपाई कर भी ली है, सूखे की वजह से वे सभी फसल भी विभिन्न रोगों और कीटों के प्रकोप से हो चुके हैं बर्बाद। नदी, नाले, तालाब, कुंये और बांध सूखे या सूखने की कगार पर हैं। अधिकांश बोरवेल भी सूखने के कगार पर, भूजल स्तर लगातार नीचे जाता हुआ, यही स्थिति रही तो आगामी दो चार माह के बाद गांव गांव में पानी के लिए मचेगा हाहाकार। बगैर पानी के खरीफ के बाद रबी फसल के भी नहीं है कोई आसार। किसान चिंतित की कर्ज कैसे चुका पाएंगे, क्योंकि अधिकांश किसानों का नहीं है कोई फसल बीमा। जिन्होंने समितियों से ले रखा है कर्ज, केवल उन्हीं किसानों का बीमा है। बीमा पॉलिसी की सेवा शर्तें भी ऐसी हैं कि सूखाग्रस्त घोषित होने के बाद भी मिलने वाली मुआवजा राशि ऊंट के मुंह में जीरा साबित



होगी। चुनाव के समय वोट की राजनीति के खातिर कर्ज माफ करने वाली सरकार क्या इस विषम परिस्थितियों में किसानों का कर्ज माफ करेगी?

### ये हैं बारिश के आंकड़े(मिमी)

| तहसील | औसत वर्षा | वर्तमान बारिश |
|---|---|---|
| भरतपुर | 1223.30 | 359.20 |
| मनेंद्रगढ़ | 1365.00 | 348.80 |
| बैकुंठपुर | 1252.10 | 326.40 |
| सोनहत | 1336.50 | 268.30 |
| खडग़वां | 914.60 | 307.00 |
| चिरमिरी | 903.00 | 351.50 |
| केल्हारी | 1365.00 | 335.50 |
| कुल | 1194.21 | 328.10 |

### 10 साल में इतनी बारिश,इस साल कमी

| तहसील | 10 वर्ष | 2022 |
|---|---|---|
| भरतपुर | 486.60 | -41 |
| मनेंद्रगढ़ | 532.10 | -22 |
| बैकुंठपुर | 520.90 | -45 |
| सोनहत | 561.70 | -62 |
| खडग़वां | 394.90 | -47 |
| चिरमिरी | 421.00 | -54 |
| केल्हारी | 517.70 | -11 |
| कुल | 490.84 | -42 |

# 62 से 65 वर्ष की उम्र सेवा मुक्त अवधि मनरेगा में 85 से 90 वर्ष के उम्र में लोग कर रहे काम,इतनी क्षमता कहां से ?

» विकासखंड सोनहत के ग्राम पंचायत केशगवा के शिकायतकर्त्ताओ का बड़ा आरोप व्यापक पैमाने पर हो रहा मनरेगा एवं अन्य कार्यों में फर्जीवाड़ा।

» ग्राम पंचायत केशगवा मनरेगा एवं अन्य कार्यों में फर्जीवाड़ा एवं अनियमितता को लेकर कलेक्टर कोरिया से शिकायत,उठी जांच की मांग।


» जो पार है पेंशन वह भी कर रहे मनरेगा में काम कैसे ?

-रवि सिंह-
**बैकुण्ठपुर 04 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**

मनरेगा में फर्जी हाजिरी का चलन काफी पुराना है जो खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है, इस बार फिर से एक बड़ी शिकायत हुई है जिसमें कई तरह के आरोप लगाए गए हैं आरोप कोरिया जिले के सोनहत विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत केशगवा का है जहां ग्रामीणों ने व्यापक पैमाने पर मनरेगा एवं अन्य कार्यों में फर्जीवाड़ा व अन्य अनियमितता का आरोप लगाते हुए जांच की मांग कोरिया कलेक्टर से की है, ग्रामीणों कोरिया कलेक्टर को चार पन्ने के शिकायत में 19 बिंदुओं पर अनियमितता व फर्जीवाड़े की शिकायत किया गया है यदि सारे बिंदुओं की जांच सूक्ष्मता से हो जाए तो फर्जीवाड़े की कलाई खुल जाएगी। जहां 62 से 65 वर्ष में लोग कार्यों से सेवा मुक्त हो जाते हैं वहां मनरेगा में 90 की उम्र में भी लोग काम कर रहे हैं जिन्हें पेंशन भी मिल रही है ऐसे में सवाल यह उठता है क्या 85 से 90 वर्ष के लोग भी मनरेगा जैसे कठिन काम कर सकते हैं, क्या उनका शरीर इस अवस्था में भी काम करने योग्य है ऐसे कई सवाल हैं जो मनरेगा के हाजिरी या मास्टर रोल में इन नामों को देख कर उठ रहा है।

ग्रामीणों ने विकासखण्ड सोनहत अन्तर्गत ग्राम पंचायत केशगवा में व्यापक पैमाने पर मनरेगा एवं अन्य कार्यों में फर्जीवाड़ा एवं अनियमितता की जांच एवं कार्यवाही के लिए 4 पन्ने का शिकायत कोरिया कलेक्टर को सौपते हुए शिकायत में आरोप लगया है की ग्राम पंचायत केशगवा में व्यापक पैमाने पर सुनियोजित तरीके से फर्जीवाड़ा को अंजाम देने हेतु एक परिवार में दो तीन जॉब कार्ड बनाये गये हैं, जबकि एक परिवार में एक जॉब कार्ड दिये जाने का शासन की ओर से प्रावधान है तथा प्रत्येक जॉब कार्डधारी को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में निर्धारित कार्य दिवस का रोजगार उपलब्ध कराना है। एक परिवार में एक की जगह तीन अलग-अलग व्यक्तियों के नाम से जॉब कार्ड बनाये गये हैं। जैसे 11 उमेश कुमार / श्यामकार्तिक पुरुष 28 वर्ष, 2301 रमेश कुमार/ श्यामकार्तिक पुरुष 26 वर्ष, एवं 312 मोतीमणी / श्यामकार्तिक 38 वर्ष के नाम से तीन (03) जॉब कार्ड बनाये गये हैं जबकि एक ही परिवार के मां-बेटे सदस्य हैं। इनका 01 (एक) जॉब कार्ड जारी किया जाना था जबकि फर्जीवाड़े को अंजाम देने की मंशा से एक परिवार में 03 जॉब कार्ड फर्जी जारी किय गये है। 17 मुनिकरण पुरूष 30 वर्ष और सदस्य श्रीमती महिला 29 वर्ष, वर्ष 2016 में जॉब कार्ड जारी किया गया है इनके द्वारा मनरेगा योजनान्तर्गत किसी कार्य में कभी भी कोई कार्य नहीं किया गया है यह बात जांच उपरांत सत्य सिद्ध होगा, इसके बावजूद फर्जीवाड़ा करते हुये मस्टर रोल में फर्जी उपस्थिति का इन्द्राज कर विभिन्न कार्यो के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2017-18 2018-19, 2020-21 एवं 2021-22 में कुल 80219 (अस्सी हजार दो सौ उन्नीस ) रू. आहरण किया गया है जो अवैध व वसूली योग्य है। संतोष/मुनिकरण पुरूष 30 वर्ष, मंजू महिला 21 वर्ष के नाम से जॉब कार्ड जारी किया गया है, इन्होंने 2017 से वर्ष 2022 तक सभी कार्यों में लगातार मेट रहकर फर्जीवाड़ा को अंजाम दिया गया है जबकि मेट, मेटपैनल में चक्रीय पद्धति के आधार पर बदलने का प्रावधान है परंतु खुद को मेट के रूप में फर्जीवाड़ कर बनाये उखता है। इन्होंने अपने साथ अपनी पत्नी मंजू की उपस्थिति फर्जी तरीके से इन्द्राज ÷किया गया है इसकी पत्नी कभी भी कोई कार्य मनरेगा में नहीं की है। इनके द्वारा वर्ष 122017-18 से 2021-22 तक की स्थिति में 1,11,280 रूपये (एक लाख ग्यारह हजार दी अस्सी रूपये) संयुक्त रूप से आहरण किया गया है जो अवैध व वसूली योग्य है। 2136 बालरूप बैजनाथ पुरुष 48 सदस्य सजूकुमार 19 वर्ष एवं अन्य 4 सदस्य हैं जिसमें संजू कुमार शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कटगोड़ी में नियमित विद्यार्थी (वेल्डर ट्रेड) होने के बावजूद वर्ष 2021 एवं 2021-22 में मस्टररोल में फर्जी हाजरी भरकर संयुक्त रूप से 34,591 रूपये (चौतीस हजार पांच सौ इक्यानबे रूपये) का आहरण किया गया है, जो अवैध व वसूली योग्य है। मोतीमणी/श्यामकार्तिक 12 इनके द्वारा बिना काम किये मस्टर रोल में फर्जी उपस्थिति का इन्द्राज कराया गया है जिसके द्वारा 2018 से 2021-22 तक 41,502 रूपये (इकतालिस हजार पांच सौ दो रुपये) का आहरण किया गया है, जो अवैध व वसूली योग्य है। जॉब कार्ड क्रमांक 301 रमेश कुमार / श्यामकार्तिक पुरुष 26 वर्ष एवं मनीषा महिला 24 वर्ष के नाम से जॉब कार्ड जारी है इनके द्वारा मनरेगा के कार्यों में कभी भी कार्य नहीं किया गया है किन्तु फर्जीवाड़ा को अंजाम देते हुए वित्तीय वर्ष 2018-19 से वर्ष 2021-22 तक की स्थिति में 88,062 रूपये (अट्ठासी हजार बासठ ) रूपये आहरण किया गया है, जो फर्जी व वसूली





योग्य है। जॉब कार्ड नं 311 उमेश/श्यामकार्तिक पुरुष 28 वर्ष के नाम से जॉब कार्ड जारी है, मनरेगा के कार्यों में इनके द्वारा कोई कार्य नहीं किया गया है, इसके बावजूद वर्ष 2018-19 से 2021-22 तक की स्थिति में 73.029 (तिहत्तर हजार उन्तीस रूपये) का आहरण किया गया है जो अवैध व वसूली योग्य है। जॉब कार्ड न. 348 राम स्वरूप / अमर सिंह पुरुष 25 वर्ष सदस्य कलिता सिंह महिला 20 वर्ष के नाम से जॉब कार्ड जारी है जॉब कार्डधारी के द्वारा कभी भी मनरेगा के कार्यों में काम नहीं किया गया है इसके बावजूद राम स्वरूप एवं कलिता सिंह फर्जी हाजरी भराकर वित्तीय वर्ष 2021-22 में 22,398 रूपये (बाइस हजार तीन सौ अनठानवे) रूपये का अवैध रूप से आहरण किया गया है, जो अवैध व वसूली योग्य है। जॉब कार्ड न 112 उजित/मेरसाय पुरूष 35 वर्ष, शांति महिला 23 वर्ष, बालकुमारी महिला 26 वर्ष के नाम से जॉब कार्ड जारी है। यहां फर्जीवाड़ा कर बालकुमारी जो रामरूप की पत्नी है जो अलग परिवार से है, के नाम से 2021-22 में 27.886 रूपये (सत्ताईस हजार आठ सौ छियासी रूपये) आहरण किया गया है जो अवैध व वूसली योग्य है। साथ ही अन्य परिवार के सदस्य को स्वयं के कार्ड में दर्ज कराकर संयुक्त रूप से उजित सिंह व बालकुमारी द्वारा फर्जीवाड़ा सुनियोजित तरीके से किया गया है जबकि बालकुमारी का पति रामरूप सिंह पिता अमर सिंह भृत्य के पद पर छात्रावास घुघरा में पदस्थ है। उक्त फर्जीवाड़े पर आवश्यक उचित कार्यवाही हो। जॉब कार्ड 200 अनुमनदेव/कमलेश्वर पुरुष 22 वर्ष दुर्गावती 298 महिला 25 वर्ष के नाम से जारी है, जबकि सदस्य दुगार्वती जॉब कार्डधारी प्र.134 अमरसिंह/मेरसाय की पत्नी है और जॉब कार्ड नं. 134 की सदस्य है। दूसरी ओर अजुमन देवा जॉब कार्ड नं. 298 रजवार जाति का है, जिसमें फर्जीवाड़े को अंजाम देने हेतु अजुमनदेवा, अमर सिंह व दुर्गावती संयुक्त रूप से जिम्मेदार हैं इन पर आवश्यक उचित कार्यवाही आवश्यक है। इनके द्वारा 2018-19 से 2021-22 में कुल 30,107 रुपये (तीस हजार एक सौ सत्तर रुपये) आहरण किया गया है जो अवैध वसूली योग्य है। ग्राम पंचायत में फर्जी कार्य जैसे भूमि समतलीकरण कार्य रमेश/श्यामवती के नाम से वित्तीय वर्ष 2021-22 में स्वीकृत हुआ है जबकि रमेश/ श्यामवती नाम से कोई व्यक्ति केशगवा में निवास नहीं करता है। जांच की आवश्यकता है, जिसमें मनमाने तरीके से अवैध स्थल पर फर्जी मस्टर रोल तैयार कर 1,28,000 रूपये (एक लाख अट्ठाईस हजार रूपये) आहरण की गयी है जो अवैध व वसूली योग्य है। उक्त कार्य में जॉब कार्ड 187 उमाशंकर पुरूष पिता लालबहादुर सदस्य सोनिया महिला 30 वर्ष जारी जॉब कार्ड में सोनिया के द्वारा बिना कार्य किये वित्तीय वर्ष 2021-22 में 7,770 रूपये (सात हजार सात सौ सत्तर रुपये) फर्जी तरीके से आहरण किया गया है जो अवैध व वसूली योग्य है। ग्राम पंचायतों में अनेकों प्रकार से सक्रिय गिरोह के रूप में अलग-अलग तरीके से मनरेगा के कार्यों में फर्जीवाड़े को अंजाम दिया जा रहा है वृहद है स्तर पर जांच करने के उपरांत और भी फर्जीवाड़े के तथ्य सामने उजागर होंगे जिसमे ग्राम पंचायत के पंचायत प्रतिनिधि सरपंच सचिव रोजगार सहायक, मेट एवं स्वयं पंजीकृत मजूदर जिम्मेदार है जिनके विरुद्ध उचित अनुशासनात्मक एवं दण्डात्मक कार्यवाही किया जाकर न्यायहित में अति आवश्यक है। रमेश/श्यामकार्तिक जॉब कार्ड नं. 301 पुरुष 26 वर्ष पंजीकृत अकुशल मजदूर है जो बगैर कार्य किये ग्राम पंचायत में चल रहे मनरेगा के कार्यों में फर्जी हाजरी दर्ज कराकर अवैध राशि का भुगतान प्राप्त करता है साथ ही कुमार कंस्ट्रक्शन (मटेरियल सप्लायर) के नाम से करदाता बनकर सामग्री प्रदान कर अवैध रूप से भुगतान प्राप्त करता है, यह कृत्य फ्रॉड एवं वृहद फर्जीवाड़े को प्रदर्शित करता है, जिसके विरुद्ध उचित, सख्त दण्डात्मक एवं अनुशासनात्मक कार्यवाही आवश्यक है। ग्राम पंचायत में मनरेगा द्वारा स्वीकृत कूप निर्माण कार्य अपूर्ण व अधूरे होने के बावजूद पूर्णता प्रमाण पत्र एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र जारी कराते हुए संपूर्ण राशि का आहरण कर लिया गया है जबकि स्थल पर कार्य अपूर्ण है जैसे भागवत पिता जगरनाथ कूप निर्माण, मेवालाल / रामप्रसाद कूप निर्माण, इत्यादि । ग्राम पंचायत में सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत् कार्यों के संबंध में जानकारी हेतु दिनांक 21/02/2022 को ग्राम पंचायत केशगवा में, दिनांक 30/03/2022 को जनपद पंचायत सोनहत में तथा 28/04/2022 को जिला पंचायत कोरिया के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर भी आज पर्यन्त तक किसी भी प्रकार की कोई जानकारी उपलब्ध नहीं हो सकी है जिसे सुनियोजित तरीके से फर्जीवाड़े को किये जाने का प्रमाण माना जा सकता है। ग्राम पंचायत में उमेश / श्यामकार्तिक, रमेश / श्यामकार्तिक, मोतीमणी / श्यामकार्तिक, मुनीकरण संतोष मुनीकरण मंजू संतोष यह सभी छः लोगग्राम में आपराधिक छवि रखते है ये सभी ग्राम के अन्य मामले में जानलेवा हमला करने के कारण हत्या के प्रयास के अपराध के अपराधी है तथा माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर से जमानत पर रिहा हुए लोग हैं अतः पूरे ग्राम पंचायत में गिरोह बनाकर, डरा-धमका कर दबंगई दिखा कर सुनियोजित तरीके से वर्षो पूर्व से नरेगा एवं अन्य पंचायत के कार्यों में फर्जीवाड़े को वर्तमान स्थिति तक अंजाम दे रहे है साथ ही वित्तीय वर्ष 2022-23 में चल रहे मनरेगा के तालाब गहरीकरण एवं अन्य कार्यों में इन सब लोगों की फर्जीवाड़े की संलिप्तता जांच उपरांत उजागर हो सकेगी। इस प्रकार ये सभी मनमाने तरीके से हाजिरी इन्द्राज कर शासन के खाते से अवैध भुगतान प्राप्त कर रहे हैं। अतः इन सभी के विरूद्ध दण्डात्मक एवं अनुशासनात्मक कार्यवाही न्यायहित में आवश्यक है। उक्त आपराधिक किस्म के लोगों के रमेश, उमेश मोतीमणी की दबंगाई यहां हद पार कर दी जब ग्राम में पेयजल हेतु उपलब्ध नलकूप को तोड़ दिया गया एवं कांटेदार तार से मुख्य मार्ग को बाधित करते हुए अपने कब्जे में कर लिया गया है साथ ही पूर्व माध्यमिक विद्यालय केशगवा के बच्चों को नलजल योजना के तहत पेयजल उपलब्ध कराया गया है जिसके स्टाटर एवं पानी के पाईप को अपने स्वयं के घर एवं बाड़ी में उक्त लोगों के द्वारा अपने घर एवं बाड़ी में पानी का उपयोग किया जा रहा है एवं स्कूली बच्चों को पेयजल व्यवस्था उपलब्ध नहीं हो पा रही है। उक्त संबंध श्रीमान् अनुविभागीय दण्डाधिकारी महोदय सोनहत के समक्ष लगभग तीन माह पूर्व ग्रामीणों ने शिकायत दर्ज करायी गई थी परंतु आज पर्यन्त तक कोई कार्यवाही नहीं हो पायी है, बल्कि इन आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के द्वारा शिकायतकर्ता ग्रामीणों को हमारा शिकायत किये हो और मैं तुम लोगों को देख लूंगा हमारा कोई कुछ नहीं कर सकता तुम लोग कहीं भी शिकायत करके देख लो इत्यादि के माध्यम से डराया धमकाया जा रहा है। मुनीकरण उम्र 30 वर्ष, श्रीमती उम्र 29 वर्ष मनरेगा कार्ड में सिर्फ फर्जीवाड़े को अंजाम देने के लिये किया गया है जबकि वास्तव में मुनीकरण लगभग उम्र 90 वर्ष एवं श्रीमती लगभग 85 वर्ष की है. साथ ही दोनों अतिवृद्ध एवं वृद्धावस्था पेंशन / निराश्रित पेंशन के हितग्राही है एवं पेंशन प्राप्त करते हैं इसके बावजूद भी फर्जीवाड़ा कर मनरेगा से अवैध धन राशि प्राप्त कर रहे हैं साथ ही विदित हो कि संतोष / मुनीकरण जो निरंतर मेट के रूप में ग्राम पंचायत के कार्यों में फर्जीवाड़ा को अंजाम दे रहा है वह मुनीकरण एवं श्रीमती का पुत्र है एवं इस नाते अपने मां-बाप का बिना कार्य किये मनरेगा के मस्टररोल में उपस्थिति दर्ज कर राशि आहरण कराता है। दूसरी ओर ग्राम पंचायत में अन्य मजदूर जो पंजीकृत है और कार्य करने के इच्छुक हैं एवं क्षमता, दक्षता रखते हैं उन्हें अलग-अलग कारण बता कर उन्हें कार्य उपलब्ध नहीं कराया जाता है इस प्रकार बहुत बड़ा जन समुदाय मजदूर वर्ग को कार्य से वंचित कर दिया जा रहा है।

जिस पर ग्रामीणों ने कलेक्टर कोरिया से अनुरोध किया है की उक्तानुसार तथ्यों के आधार पर ग्राम पंचायत केशगवां के मनरेगा कार्यों में व्याप्त भ्रष्टाचार, अनियमितता की समुचित जांच कराते हुये पाये गये दोषी पंजीकृत मजदूर, मेट, सरपंच, सचिव, अधिकारी कर्मचारी एवं पंचायत पदाधिकारियों पर उचित अनुशासनात्मक एवं दाण्डिक कार्यवाही कराने हेतुआदेशित करते हुये दुरूपयोग किये गये सम्पूर्ण धन राशि संबंधितों से वसूली कराते हुए कार्यवाही करने की दया करें।

# पीटीआई पर प्रतिबंध लगा,तो मच सकती है बड़ी उथल-पुथल

**इस्लामाबाद , 04 अगस्त 2022।** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) को अवैध चंदा लेने का दोषी ठहराए जाने के बाद सत्ताधारी गठबंधन ने उसे चुनावी मैदान से बाहर करने की कोशिश शुरू कर दी है। पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को इस मामले में फैसला दिया था। आयोग इस नतीजे पर पहुंचा कि पीटीआई ने 34 विदेशी नागरिकों से चंदा हासिल किया। साथ ही उसने 351 ऐसी कंपनियों से चंदा लिया, जो देश के बाहर कारोबार कर रही हैं। 2014 से लंबित इस मामले में निर्वाचन आयोग का फैसला आने के बाद पाकिस्तान की सियासत नए सिरे से गरमा गई है।

मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक अब प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सरकार ने पीटीआई के चुनाव लड़ने पर रोक लगाने की संभावना पर विचार शुरू कर दिया है। शरीफ मंत्रिमंडल इस सिलसिले में तीन विकल्पों पर विचार कर रहा है। उधर निर्वाचन आयोग ने भी पीटीआई को इस मामले में कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

पाकिस्तान के अखबार एक्सप्रेस न्यूज ने एक रिपोर्ट बताया है कि अब शरीफ सरकार इस मामले को संविधान के अनुच्छेद 17 (3) के तहत सुप्रीम कोर्ट को भेज सकती है। अखबार ने ये बात कानून मंत्री आज़म नज़ीर तरार के हवाले से बताई है। तरार ने अखबार को बताया कि सरकार के पास एक दूसरा विकल्प पीटीआई को विदेशी सहायता प्राप्त राजनीतिक पार्टी घोषित करने का है। ऐसा किया गया, तो सरकार को पीटीआई के खिलाफ कानूनी कार्रवाई का अधिकार मिल जाएगा। तरार ने कहा कि सरकार सुप्रीम कोर्ट में अर्जी देकर 'गलत हलफ़नामा' पेश करने



के लिए इमरान खान के खिलाफ कार्रवाई की गुजारिश भी कर सकती है।

शरीफ सरकार की मंशा का संकेत ऊर्जा मंत्री खुर्रम दास्तगीर ने भी दिया है। उन्होंने कहा कि वे सुप्रीम कोर्ट में प्रतिबंधित चंदा मामले की सुनवाई के लिए कोर्ट की पूर्ण पीठ बनाने की याचिका देने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा- 'हम सुप्रीम कोर्ट से पूर्ण पीठ बनाने की गुजारिश करेंगे। इस मामले में इंसाफ में आठ साल की देर हो चुकी है, इसलिए हम अब इस पर जल्द निर्णय की गुहार लगाएंगे।'

लेकिन राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक जिस तेजी से निर्वाचन आयोग ने अब फैसला दिया और उसके बाद पीटीआई को चुनाव लड़ने से रोकने का जैसा इरादा सत्ताधारी नेता जता रहे हैं, उससे जनता में सत्ताधारी गठबंधन- पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) के खिलाफ तीखी प्रतिक्रिया हो सकती है। पिछले मार्च में सत्ता से हटाए जाने के बाद से इमरान खान की लोकप्रियता में लगातार बढ़ोतरी हुई है। पिछले महीने पंजाब में प्रांतीय असेंबली की 20 सीटों के लिए उप चुनाव में पीटीआई ने 15 सीटें जीत लीं। इससे उसे मिल रहे जन समर्थन की पुष्टि हुई। इसलिए सरकार की ताजा कोशिशों को जनता के एक बड़े हिस्से में पीटीआई को आम चुनाव में भाग लेने से रोकने की कोशिश के रूप में देखा जा सकता है।

इमरान खान पहले से ही पीडीएम को विदेशी साजिश के तहत सत्ता में लाए गए भ्रष्ट लोगों की जमात बताते रहे हैं। पीटीआई ने यह भी कहा है कि उसकी बढ़ती लोकप्रियता से घबरा कर अब शरीफ सरकार उसे चुनावी मैदान से बाहर करने के लिए संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है।

# भिड़ गए पड़ोसी देश अजरबैजान व आर्मीनिया,कई सैनिकों की मौत



**येरेवान/बाकू, 04 अगस्त 2022।** रूस-यूक्रेन जंग थम नहीं रही है और ताइवान व चीन के बीच सैन्य टकराव की आशंका बढ़ती जा रही है, इसी बीच मध्य एशियाई देश अजरबैजान व पड़ोसी देश आर्मीनिया में ठन गई है। अजरबैजान ने ड्रोन से आर्मीनिया के कई इलाकों में बमबारी की है। उसने नागर्नो-कराबाख के कई इलाकों पर कब्जा कर लिया है।

अजरबैजान का कहना है कि उसने जवाबी कार्रवाई करते हुए हमला किया है। उसने तुर्की से मिले ड्रोन से आर्मीनिया के कई हथियारों को तबाह कर दिया। झड़प में दोनों देशों के कुछ सैनिकों के मारे जाने की भी खबर है।

दरअसल नागोर्नो-काराबाख इलाके को लेकर आर्मीनिया और अजरबैजान में लंबे समय से तनातनी जारी है। इसे लेकर एक बार फिर दोनों देश भिड़ गए हैं। रूस ने आरोप लगाया है कि अजरबैजान ने नागर्नो-कराबाख के विवादित इलाके में शस्त्र विराम का उल्लंघन किया है। इसके पूर्व अजरबैजान ने कहा था कि आर्मीनिया के सशस्त्र गुटों ने उसके तीन सैनिकों को मार डाला है। इसके जवाब में उसने हमला बोला।

दोनों पड़ोसी देश पूर्ववर्ती सोवियत संघ का हिस्सा थे। जब 80 के दशक में सोवियत संघ का पतन हुआ तो दोनों देशों अलग हो गए। आर्मीनिया और अजरबैजान ईरान और तुर्की के समीप हैं और ये यूरोप के भी समीप हैं।1991 में भी दोनों देशों के बीच झड़प हुई थी। तब रूस ने दोनों के बीच संघर्ष विराम कराया था। लेकिन उसके बाद भी कई बार दोनों देशों में झड़प होती रहती है।

**2020 में मारे गए थे 6500 लोग**

इन दोनों पड़ोसी देशों के बीच 2020 में भी जंग हुई थी। छह सप्ताह चली जंग में 6500 से ज्यादा लोग मारे गए थे। तब भी रूस ने संघर्ष विराम कराया था। दोनों देशों के विवादित क्षेत्रों में रूसी शांति सैनिक तैनात हैं, फिर भी दोनों देशों में नए सिरे से संघर्ष छिड़ गया।

**पाकिस्तान व तुर्की कर रहे अजरबैजान की मदद**

रूस एक बार फिर दोनों देशों के बीच शांति के प्रयासों में जुट गया है। वहीं, अजरबैजान के रक्षा मंत्रालय का कहना है कि उसकी सेना ने आर्मीनिया के रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण पहाड़ी इलाकों पर कब्जा कर लिया है। उधर, कराबाख का आरोप है कि अजरबैजान ने हमारे दो सैनिकों की हत्या कर दी और 14 को घायल कर दिया।

# पेलोसी की ताइवान यात्रा के बाद विक्रमसिंघे का बड़ा बयान,बोले-हम वन चाइना पॉलिसी के लिए प्रतिबद्ध

**कोलंबो , 04 अगस्त 2022।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने गुरुवार को वन चाइना पॉलिसी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई है। उन्होंने एक ट्वीट के जरिए अपना बयान दिया। बीजिंग के जोरदार विरोध के बावजूद अमेरिकी संसद की स्पीकर नैंसी पेलोसी के ताइवान दौरे के एक दिन बाद गुरुवार को उन्होंने कहा कि श्रीलंका वन चाइना पॉलिसी के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है।

**श्रीलंका वन चाइना पॉलिसी के प्रति प्रतिबद्ध**

राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने गुरुवार को एक ट्वीट में कहा कि %वन चाइना पॉलिसी के साथ-साथ राष्ट्रों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के संयुक्त राष्ट्र चार्टर सिद्धांतों के लिए श्रीलंका दृढ़ता से प्रतिबद्ध है।% उन्होंने बुधवार को श्रीलंका में चीन के राजदूत महामहिम क्यूई जेनहोंग के साथ एक बैठक की। जिसमें विक्रमसिंघे ने कहा कि देशों को उकसावे से बचना चाहिए जो मौजूदा वैश्विक तनाव को और बढ़ाते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि श्रीलंका वन चाइना पॉलिसी के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि आपसी सम्मान और देशों के आंतरिक मामलों में गैर-हस्तक्षेप शांतिपूर्ण सहयोग और गैर-टकराव के लिए महत्वपूर्ण नींव है।



गौरतलब है कि अमेरिकी संसद की स्पीकर नैंसी पेलोसी मंगलवार देर रात ताइवान पहुंची थीं। चीन ने उनकी इस यात्रा के लिए अमेरिका को पहले ही चेतावनी दी थी कि उसे इसके लिए गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। वहीं, पेलोसी के पहुंचते ही चीन आगबबूला हो गया और ताइवान पर कई प्रतिबंध लगा दिए। इतना ही नहीं चीनी सेना ने 21 सैन्य विमानों से ताइवान के दक्षिण-पश्चिमी हिस्से में उड़ान भरकर अपनी ताकत दिखाई।

**चीन-ताइवान के बीच विवाद क्या है?**

ताइवान दक्षिण पूर्वी चीन के तट से करीब 100 मील दूर स्थिति एक द्वीप है। ताइवान खुद को संप्रभु राष्ट्र मानता है। उसका अपना संविधान है। ताइवान में लोगों द्वारा चुनी हुई सरकार है। वहीं चीन की कम्युनिस्ट सरकार ताइवान को अपने देश का हिस्सा बताती है। चीन इस द्वीप को फिर से अपने नियंत्रण में लेना चाहता है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ताइवान और चीन के पुन-एकीकरण की जोरदार वकालत करते हैं। ऐतिहासिक रूप से से देखें तो ताइवान कभी चीन का ही हिस्सा था।

**आर्थिक संकटों का सामना कर रहा है श्रीलंका**

गौरतलब है कि श्रीलंका 1948 के बाद से सबसे खराब आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। जिसके कारण वहां ईंधन और अन्य आवश्यक वस्तुओं की भारी कमी हो गई है। वहां की जनता सरकार का लगातार विरोध कर रही है। कुछ समय पहले आंदोलनकारियों ने राष्ट्रपति भवन और प्रधानमंत्री आवास पर कब्जा कर लिया था। जिसके बाद तत्कालीन राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे को देश से भागना भी पड़ा था। वहीं, जनता अभी भी विरोध प्रदर्शन कर रही है।

**प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के आदेश को किया मानने से इनकार**

श्रीलंका के राष्ट्रपति कार्यालय के पास गाले फेस विरोध स्थल पर सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने गुरुवार को पुलिस के आदेश की अवहेलना की है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पुलिस को गाले फेस इलाके से उन्हें हटाने के लिए अदालत का आदेश नहीं मिला है, जो पिछले राजपक्षे शासन के खिलाफ यहां सरकार विरोधी प्रदर्शनों का केंद्र था।

उन्होंने यह भी दावा किया कि इस क्षेत्र को पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे की पिछली सरकार द्वारा एक आंदोलन स्थल के रूप में नामित किया गया था इसलिए धरना स्थल छोड़ने की कोई जरूरत नहीं है।

गौरतलब है कि श्रीलंकाई पुलिस ने बुधवार को प्रदर्शनकारियों के लिए राष्ट्रपति कार्यालय के पास गाले फेस में सभी अवैध तंबू और शिविरों को हटाने के लिए कहा था। पुलिस ने इसके लिए पांच अगस्त तक का समय दिया है।

# नाकाम हो गया है राष्ट्रपति विक्रमसिंघे का सर्वदलीय सरकार बनाने का दांव

**कोलंबो , 04 अगस्त 2022।** श्रीलंका की सत्ताधारी पार्टी श्रीलंका पोडुजना पेरामुना (एसएलपीपी) ने अब राष्ट्रीय सरकार बनाने का प्रस्ताव रखा है। पार्टी ने कहा है कि संकट की मौजूदा घड़ी में यह जरूरी है कि सभी पार्टियों के प्रतिनिधि सरकार में शामिल हों। लेकिन इस पेशकश पर विपक्षी दलों की प्रतिक्रिया उत्साहवर्धक नहीं है। बल्कि आरोप लगाया गया है कि मौजूदा आर्थिक संकट से देश को निकालने का कोई रास्ता नहीं ढूंढ पाने के कारण एसएलपीपी ने अब ये नया दांव चला है। मुख्य विपक्षी दल समागी जना बलावेगया (एसजेबी) ने एसएलपीपी का ये प्रस्ताव ठुकराते हुए कहा कि इस समय जब देश आर्थिक संकट में है, तब 40 सदस्यीय विशाल मंत्रिमंडल का गठन करना उचित नहीं होगा। इससे सार्वजनिक कोष पर बेवजह बोझ बढ़ेगा। समझा जाता है कि एसजेबी की इस राय के बाद सत्ताधारी दल की पेशकश के आगे बढ़ने की संभावना कमजोर हो गई है।

एसएलपीपी के सांसद जगत कुमारा ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए सर्वदलीय सरकार के गठन का विचार सामने



रखा था। उन्होंने कहा- मुझे ऐसा लगता है कि राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे व्यापक आम सहमति के साथ सर्वदलीय सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा- 'पार्टियों को इस इंतजार में रहने के बजाय कि उनका नेता राष्ट्रपति बनेगा, उन्हें देश को बचाने के लिए एकजुट हो जाना चाहिए। इसके लिए हम उन्हें आमंत्रित कर रहे हैं। ऐसा होने पर देश में ऐसा माहौल बनेगा, जिससे हमारे प्रिय देशवासियों की जिंदगी आसान होगी।' समझा जाता है कि राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने इस संबंध सभी पार्टियों के सांसदों को पत्र भेजा है। इसमें उन्होंने इतिहास के सबसे बुरे संकट से देश को निकालने के लिए सभी दलों से एकजुट होने का आह्वान किया है।

लेकिन एसजेबी ने इस पहल को लेकर संदेह जताया है। पार्टी के सांसद एसएम मारिक्कर ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उनकी पार्टी आर्थिक सुधार कार्यक्रम का समर्थन करेगी। लेकिन वह सरकार में पद हासिल करना नहीं चाहती। उन्होंने कहा- 'एक राजनीतिक दल के रूप में हम अवश्य ही वैसी पहल का समर्थन करेंगे, जिससे देश की अर्थव्यवस्था पटरी पर लौट सके। ऐसा संसदीय समिति प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। लेकिन इसका यह कतई मतलब नहीं है कि हम सर्वदलीय सरकार में शामिल हों और मंत्री पद की सुविधाएं प्राप्त करें। हम इस पहल का समर्थन नहीं करते।'

एसजेबी ने कहा है कि सभी दलों को नुमाइंदगी देने के लिए अगर 40 कैबिनेट मंत्री बनाए गए, तो 40 उपमंत्री भी नियुक्त करने होंगे। उनके साथ मंत्रालयों में अफसरों की तैनाती भी करनी होगी। इस तरह सर्वदलीय सरकार की आड़ में जनता पर ऐसा बोझ डाला जाएगा, जिसे सह सकने की स्थिति में वह नहीं है। इस बीच देश में असहमति के दमन के आरोप के कारण भी विक्रमसिंघे सरकार दबाव में है।

# चीन-ताइवान के बीच युद्ध के आसार, ड्रैगन ने छह क्षेत्रों में शुरू किया सैन्य अभ्यास

**बीजिंग, 04 अगस्त 2022।**

चीन और ताइवान के बीच विवाद बढ़ता ही जा रहा है। अमेरिकी संसद की स्पीकर नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा से भड़का चीन, उनके लौटते ही और आक्रामक हो गया है। चीन ने ताइवान को घेरने के लिए उसकी सीमा के आसपास घेराबंदी शुरू कर दी है। खबर यह भी है कि चीनी सेना ने ताइवान के आसपास सैन्य अभियान शुरू कर दिया है।



इस बीच चीन ने दावा किया है कि उसकी नौसेना, वायु सेना और अन्य सशस्त्र बलों का सैन्य अभ्यास ताइवान के करीब के छह इलाकों में जारी है। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि ये अभ्यास नाकेबंदी, समुद्री लक्ष्यों पर हमले, जमीनी लक्ष्यों पर हमले और वायुक्षेत्र नियंत्रण को ध्यान में रखकर किए जा हे हैं। गुरुवार से शुरू हुआ यह सैन्य अभियान रविवार तक चलेगा।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, चीन ने ताइवान की सीमा पर युद्धाभ्यास के लिए युद्धपोत, फाइटर जेट व मिसाइलों को तैनात किया है। आधिकारिक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि पीएलए चार से सात अगस्त तक छह अलग-अलग क्षेत्रों में भी सैन्य अभ्यास करेगा, जो ताइवान द्वीप को सभी दिशाओं से घेरता है।

**नैंसी की यात्रा का चीन ने किया था विरोध**

अमेरिकी संसद की स्पीकर नैंसी पेलोसी चीन के विरोध के बावजूद मंगलवार को ताइवान की राजधानी ताईपेई पहुंचीं थीं। 25 साल बाद ये पहली बार है जब अमेरिकी स्पीकर ताइवान के दौरे पर थीं। इससे पहले 1997 में उस समय के स्पीकर न्यूट गिंगरिक यहां पहुंचे थे। पेलोसी के दौरे से बौखलाए चीन ने तमाम एलान कर डाले। इसके अलावा चीन के फाइटर जेट ताइवान की सीमा के ऊपर उड़ान भरते नजर आए। पेलोसी के ताइवान से रवाना होते ही 27 चीनी लड़ाकू विमान ताइवान के हवाई क्षेत्र में पहुंचे।

**चीन-ताइवान के बीच विवाद क्या है?**

ताइवान दक्षिण पूर्वी चीन के तट से करीब 100 मील दूर स्थिति एक द्वीप है। ताइवान खुद को संप्रभु राष्ट्र मानता है। उसका अपना संविधान है। ताइवान में लोगों द्वारा चुनी हुई सरकार है। वहीं चीन की कम्युनिस्ट सरकार ताइवान को अपने देश का हिस्सा बताती है। चीन इस द्वीप को फिर से अपने नियंत्रण में लेना चाहता है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ताइवान और चीन के पुन-एकीकरण की जोरदार वकालत करते हैं।



# लाहौर में 1200 साल पुराने मंदिर का होगा जीर्णोद्धार, लंबी लड़ाई के बाद कब्जे से कराया मुक्त

**लाहौर, 04 अगस्त 2022।** पाकिस्तान के लाहौर में 1200 पुराने हिंदू मंदिर का जीर्णोद्धार किया जाएगा। इस मंदिर पर अवैध कब्जा किया गया था। मंदिर पर से कब्जा खाली करवाने के लिए लोगों को लंबी लड़ाई लड़नी पड़ी।

पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के पूजास्थलों की निगरानी करने वाली संघीय संस्था इवैक्यूई ट्रस्ट प्रोपर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) ने लाहौर के मशहूर अनारकली बाजार के पास स्थित वाल्मिकी मंदिर का कब्जा पिछले महीने ईसाई परिवार से लिया था। हिंदू धर्म अपना लेने का दावा करने वाला ईसाई परिवार पिछले दो दशकों से केवल वाल्मीकि जाति के हिंदुओं को मंदिर में पूजा करने दे रहा था। ईटीपीबी के प्रवक्ता आमिर हाशमी ने बताया कि आने वाले दिनों में %मास्टर प्लान% के तहत वाल्मीकि मंदिर का जीर्णोद्धार किया जाएगा। उन्होंने कहा, 100 से अधिक हिंदू, कुछ सिख और ईसाई नेता आज वाल्मीकि मंदिर में एकत्र हुए। हिंदुओं ने अपने धार्मिक अनुष्ठान किए और लंगर का आयोजन किया गया।


# महंगाई के कारण कर्ज में डूबते चले जा रहे हैं अमेरिकी,क्रेडिट कार्ड बकाये में रिकॉर्ड बढ़ोतरी

**वाशिंगटन, 04 अगस्त 2022।** अमेरिका में आम घरों पर मौजूद कर्ज बढ़ कर 16 ट्रिलियन डॉलर हो गया है। इसके पहले कभी यह कर्ज इस सीमा तक नहीं पहुंचा था। अमेरिका में हाउस होल्ड डेट यानी घरेलू कर्ज से संबंधित इस वर्ष की दूसरी तिमाही के आंकड़े मंगलवार को जारी हुए। इसके मुताबिक बढ़ती महंगाई के कारण हाउजिंग (आवासीय) और ऑटो (वाहन) लोन में बीती तिमाही में भारी बढ़ोतरी हुई।

अमेरिका के सेंट्रल बैंक-फेडरल रिजर्व के ताजा आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल से जून तक घरेलू कर्ज बढ़ कर 16.15 ट्रिलियन डॉलर हो गया। सिर्फ इस तिमाही में इस रकम में 312 बिलियन डॉलर यानी दो फीसदी का इजाफा हुआ। हालांकि कई मकसदों से लिए गए कर्ज में वृद्धि हुई है, लेकिन सबसे ज्यादा आवासीय और वाहन ऋण में बढ़ोतरी देखने को मिली है। न्यूयॉर्क स्थित फेडरल रिजर्व ने ने कहा- 'आज अमेरिका के लोग अधिक कर्ज ले रहे हैं।

**कर्ज बढ़ने के पीछे सबसे बड़ी वजह महंगाई हैं**

अमेरिकावासियों के आवासीय कर्ज में दूसरी तिमाही में 1.9 फीसदी यानी कुल 207 बिलियन डॉलर का इजाफा हुआ। अब कुल आवासीय कर्ज 11.4 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। अगर पिछले साल की दूसरी तिमाही से तुलना की जाए, तो इस वर्ष इस




अवधि में आवासीय कर्ज में 9.1 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। इसका एक प्रमुख कारण कोरोना महामारी के बाद से मकानों की कीमत में आया भारी उछाल है।

बीती तिमाही में क्रेडिट कार्ड पर बकाये में 46 बिलियन डॉलर की बढ़ोतरी हुई। यह पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 13 फीसदी ज्यादा है। विशेषज्ञों के मुताबिक बीते 20 साल में तीन महीनों के भीतर क्रेडिट कार्ड बकाये में इतनी ज्यादा बढ़ोतरी कभी नहीं हुई थी। गैर-क्रैडिट कार्ड बकाये में भी 2016 के बाद की सबसे बड़ी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। अप्रैल से जून तक छात्र ऋण में ज्यादा फर्क नहीं पड़ा।

अमेरिका के लेबर ब्यूरो के आंकड़ों के मुताबिक कमरतोड़ महंगाई के कारण लोगों पर कर्ज का बोझ बढ़ा है। दूसरी तिमाही में औसत मुद्रास्फीति दर 8.6 फीसदी रही। जून में तो यह बढ़ कर 9.1 फीसदी हो गई। बीते 40 साल में अमेरिका में ऐसी महंगाई कभी नहीं देखी गई थी। इस महंगाई के कारण औसत व्यक्ति को आवास पर अधिक खर्च करना पड़ रहा है। आवास मुद्रास्फीति जून में 5.5 प्रतिशत रही, जबकि नए वाहनों की कीमत में 11.4 प्रतिशत वृद्धि हुई। पुराने वाहनों की कीमत में 7.1 फीसदी बढ़ोतरी दर्ज की गई।

महंगाई पर काबू पाने के लिए फेडरल रिजर्व ने ब्याज दर बढ़ाने का रास्ता अपनाया है। इस वर्ष वह इस दर में 2.25 फीसदी की वृद्धि कर चुका है। विश्लेषकों के मुताबिक इसका असर लोगों पर ऋण का बोझ बढ़ने के रूप में सामने आया है। जिन लोगों ने कर्ज ले रखे हैं, उन्हें अब ब्याज के रूप में अधिक रकम चुकानी पड़ रही है। इससे आम इनसान की जिंदगी और मुहाल हुई है। इस बीच कर्ज ना चुका पाने के मामले भी बढ़े हैं। जून में ये दर 2.7 प्रतिशत रही।

# क्या पक्ष और क्या विपक्ष सभी कर रहे कोरिया जिले को सूखाग्रस्त करने की मांग



» क्या मुख्यमंत्री इनकी मांगों पर ही सूखाग्रस्त करेंगे...क्या उन्हें सूखे की स्थिति का अंदाजा नहीं है ?

» मुख्यमंत्री को भी पता है कि अल्पवर्षा से किसान परेशान है पर श्रेय लेने की होड़ में जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने की तेज हुई मांग।

-रवि सिंह-

**बैकुण्ठपुर 04 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** कोरिया जिले में श्रेय लेने के लिए पक्ष विपक्ष दोनों ही उतावाले रहते हैं विपक्ष का तो समझ में आता है कि उन्हें विपक्ष की राजनीति करना है सूखाग्रस्त की मांग करना है पर सत्तापक्ष के विधायक और सत्ता पक्ष के लोगों को सूखे की मांग अपने मुख्यमंत्री से करना यह थोड़ा अटपटा लगता है क्योंकि यह उनकी जवाबदारी है यह उनकी जिम्मेदारी है क्योंकी स्थितियों को देखकर अपने क्षेत्र की जनता के हित में कार्य करना चाहिए, इस समय जिले में अल्पवर्षा होने की वजह से सूखे की स्थिति निर्मित हो रही है और यह सब जान रहे हैं यहां तक की शासन व प्रशासन को भी रिपोर्ट मिल रही है।

मुख्यमंत्री भी इन सब चीजों से अनजान नहीं होंगे वह भी अपने प्रदेश के जिले के किसानों का हित चाह रहे होंगे पर कुछ नियमों के तहत व आंकड़ों के साथ समय अनुसार सूची की घोषणा होगी, पर 1 अगस्त को जैसे ही सूखे के सूची में सोनहत का नाम आया मानो अब सूखाग्रस्त जिला घोषित करने की मांग बड़ी तेजी से उठने लगी, पक्ष भी सूखाग्रस्त करने की मांग कर रहा है उधर विपक्ष भी तत्काल सूखाग्रस्त करने की मांग कर रहा है, आईये जानते हैं कौन क्या कह रहा है।

### जिले को सूखा घोषित करे, समितियों व बैंकों से लिए गए ऋण माफी के साथ रोजगार मुलक कार्यो को यथाशीघ्र शुरू करे

भाजपा किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष श्याम बिहारी जायसवाल ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को लिखा पत्र कहा की कोरिया जिले की सभी तहसीलों को सूखाग्रस्त घोषित करने, समितियों व बैंकों से लिए गए ऋण माफी के साथ रोजगार मुलक कार्यो को यथा शीघ्र शुरू किया जाए, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष श्याम बिहारी जायसवाल ने कलेक्टर



कोरिया के माध्यम से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को लिखे पत्र में कहा है कि कोरिया जिले में खेती के हिसाब से इसबार बारिश न के बराबर हुई है। वास्तविक रूप से जितनी बारिश होनी चाहिए उससे कम वर्षा इस वर्ष हुई है। जिससे किसानों में इससे अत्यधिक हताशा और निराशा का माहौल व्याप्त हो चुका है। पर्याप्त बारिस न होने के कारण भीषण सूखे के हालात कोरिया जिले के सभी तहसीलों में देखने को मिल रहा है। किसानों का धान का बीडा सूख चुका है जिन किसानों ने खेतों में रोपा लगाया था वे भी सूखने के कगार पर पहुंच चुके है। संपूर्ण कोरिया जिला को सूखाग्रस्त घोषित कर क्षेत्र में तत्काल किसानों को मुआवजा राशि प्रदान करने व समितियों बैकों से लिए गए ऋण माफ करने के साथ ही रोजगार मूलक राहत कार्य पंचायत स्तर पर प्रारंभ करने की आवश्यकता है। श्री जायसवाल ने पत्र में आगे कहा है कि अल्पवर्षा की स्थिति चिंताजनक हो चुकी है खेती में खरीफ की फसल बारिश के अभाव में नष्ट हो रही है। जिससे किसानों की चिंता बढ़ती जा रही है। किसानों के द्वारा लिए गए खाद एवं बीज बेकार हो चुके है। इस स्थिति में किसानों को शीघ्र अतिशीघ्र उनके नुकसान का मुआवजा निर्धारित करते हुए सरकार को प्रदान करना चाहिए।

### कम बारिश से किसान निराश,स्थिति है चिंताजनक, कोरिया जिले को सूखाग्रस्त घोषित करे प्रदेश सरकार

कोरिया जिले में किसानों की चिंता बढ़ गई है बारिश नहीं होने से खेत सूखे हैं, लिहाजा पूर्व मंत्री भैयालाल राजवाड़े ने क्षेत्र को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग की है, पूर्व कैबिनेट मंत्री भइयालाल राजवाड़े ने प्रदेश सरकार से कोरिया जिले में सूखे की स्थिति को देखते हुए जिले की सभी विकासखण्डों को सूखाग्रस्त घोषित कर किसानों के फसल का मुआवजा देने एवं गांव में रोजगार मूलक कार्य शुरू कराने की मांग की है, उन्होंने इस विषय पर स्थानीय विधायकों की चुप्पी पर चिंता जताई है पूर्व मंत्री



राजवाड़े ने राजस्व आपदा और प्रबंधन विभाग द्वारा कोरिया जिले के सोनहत विकासखंड को सूखाग्रस्त घोषित किये जाने की सराहना करते हुए कहा कि उत्तर छत्तीसगढ़ में खंड वृष्टि हो रही है, जिससे पूरा कोरिया जिला प्रभावित है, उत्तर छत्तीसगढ़ में न के बराबर वर्षा हुई है. वास्तविक रुप से जितनी वर्षा होनी चाहिए उससे काफी कम है पूर्व मंत्री ने कहा कि %%किसानों में इससे अत्यधिक हताशा और निराशा है. किसान कर्ज लेकर खेती किसानी का कार्य प्रारंभ करना चाहते थे लेकिन आज तक पर्याप्त वर्षा नहीं होने से भीषण सूखे की स्थिति निर्मित हो गई है, किसानों के धान बिंडा सूख गए, जिन किसानों ने रोपा लगाया था वो भी सूखने के कगार पर है, किसानों का धान, बीज, खाद सब बर्बाद हो गया, राजवाड़े ने कहा कि जिले में अल्पवर्षा की स्थिति चिंताजनक है खेतों में खरीफ की फसल बारिश के अभाव में नष्ट हो रही है किसानों की चिंता बढ़ती जा रही है. उनके द्वारा लिए गए बीज और खाद बेकार हो गए हैं. ऐसे में किसानों को शीघ्र उनके नुकसान का मुआवजा सरकार को देना चाहिए। किसी तरह से ट्यूबवेल से सिंचाई और अथक परिश्रम, कर्ज लेकर महंगा खाद बीज लेकर धान की नर्सरी तैयार की थी. लेकिन वह भी अब सूखने लगी है. खेतों में दरारें पड़ने लगी है. इसलिए क्षेत्र को अकाल ग्रस्त घोषित कर रोजगार की सुविधा तत्काल मुहैया कराए जाने की जरूरत है।

### विधायक मनेंद्रगढ़ ने जनपद पंचायत खगवां एवं मनेंद्रगढ़ विकास खण्ड के ग्रामो को सुखा घोषित करने की मांग की

मनेंद्रगढ़ विधानसभा के विधायक डॉ. विनय जायसवाल ने कलेक्टर कोरिया को मांग पत्र जारी कर मनेंद्रगढ़ विधानसभा के जनपद पंचायत खड़गवां एवं विकास खण्ड मनेंद्रगढ़ के ग्राम पंचायतो को सुखग्रस्त करने की मांग की है। विधायक मनेंद्रगढ़ ने अपने पत्र में अपने शब्दों को अंकित करते हुए कहा की छत्तीसगढ़ के पूरे प्रदेश



सहित कोरिया जिले के मनेन्द्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 02 में भी इस वर्ष कम वर्षा होने के कारण खेत खलिहान सूखा ग्रस्त हैं, इन दिनों बारिश नहीं होने की वजह से खेत में धान की रोपाई भी सूख गई है, जिससे किसानों के द्वारा खेती खलियानी में लगाई गई पूंजी भी पूरी तरह से बर्बाद होने के कगार में है। जिससे किसानों की परेशानी बढ़ती जा रही है, बारिश नहीं होने के कारण रोपाई भी सूखने लगी है जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति दिनों दिन भयावह होती जा रही है। सामान्य तौर पर जून-जुलाई के माह में तेज वर्षा होनी चाहिए पर इस वर्ष बारिश नहीं होने की वजह से किसान आसमानों की ओर निहार रहे है। जिससे लगे धान भी तेज धूप से जलकर नष्ट होते नजर आ रहे है। श्री जायसवाल ने आगे कहा की कम वर्षा होने की वजह से मेरे विकास खण्ड खड़गवां एवं विकासखण्ड मनेंद्रगढ़ में सूखा ग्रस्त क्षेत्र घोषित करने एवं रोजगार मूलक कार्य अविलम्ब प्रारम्भ करने प्रक्रिया को गति देते हुए हमारे किसान भाइयों को उनका खुशी दे।

### बैकुंठपुर विधानसभा के पुरे क्षेत्र को सूखा घोषित करने की मांग

कोरिया जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी ने कहा की कोरिया जिला के बैकुंठपुर मानसून 2022 मे समय पर बारिश ना होने के कारण से फसल नुकसान हुआ है और खेतो मे पानी नहीं है तथा धान खराब हो गया जिसको ले कर आज़ जिला पंचायत उपाध्यक्ष



वेदांती तिवारी कोरिया कलेक्टर से मिल कर जल्दी ही बैकुंठपुर विधानसभा के पुरे क्षेत्र को सूखा घोषित करने का ज्ञापन दिए और साथ ही जिला पंचायत सीईओ कोरिया से मिल कर जल्दी ही मनरेगा कार्य शुरु करने का ज्ञापन सौंपा और गाँव गाँव मे नल का पानी का स्तर नीचे जाने के वजह से नलो मे पाइप लगवाने का भी ज्ञापन सौंपा जिससे पानी की समस्या दूर हो सके।

# थाना प्रभारी सेटिंग सिंह उतरे व्यवस्था सुधारने

» सोशल मीडिया में सेटिंग सिंह की व्यवस्था की तारीफ थी या तंज या फिर व्यंग्य?

» मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी की पहली बार की सक्रियता को लेकर किसी ने सोशल मीडिया में सेटिंग सिंह लिखकर की तारीफ।

» मनेंद्रगढ़ शहर में यातायात को लेकर पुलिस दिख रही चुस्त दुरुस्त।

» तेज गति से वाहन चलाने सहित सक सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करने पर हो रही चालानी कार्यवाही।

» अन्य मामलों में थाना प्रभारी की भूमिका रहती है शिथिल अब लगता है यह बात सही है।

-रवि सिंह-

**बैकुण्ठपुर 04 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** परिवहन मत्री मोहम्मद अकबर की अध्यक्षता मे मत्रालय महानदी भवन मे छत्तीसगढ़ राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक हुई थी, जिस पर मत्री अकबर ने राज्य मे सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम सहित यातायात को बेहतर बनाने के लिए सभी सबधित विभागो को समन्वित प्रयास करने पर विशेष जोर दिया, लोगो मे यातायात नियमो के प्रति जागरूकता लाने और इसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए, राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक मे परिवहन मत्री अकबर ने चर्चा करते हुए सड़क सुरक्षा तथा दुर्घटना पर नियत्रण के लिए ओव्हर लोडिग, अत्यधिक गति व नशे की हालात और बिना हेलमेट के वाहन चलाने वालो के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया, जिस के बाद पुर प्रदेश में कार्यवही शुरू हो गई है, जिसके तहत कोरिया जिले के मनेंद्रगढ़ पुलिस थाना अंतर्गत पुलिस ने सड़क सुरक्षा को लेकर खूब चुस्त दुरुस्त व्यवस्था बनाई हुई है। सड़क पर दोपहिया वाहनों सहित अन्य वाहनों की जांच भी हो रही है और सड़क सुरक्षा अंतर्गत नियमो का पालन नहीं करने पर चालानी कार्यवाही भी हो रही जिसकी तारीफ भी हो रही है।



थाना अंतर्गत तेज गति से वाहन चलाने पर बिना हेलमेट वाहन चलाने पर साथ ही वाहन के कागजात पूरे नहीं होने पर चालान काटा जा रहा है। पहली बार वर्तमान थाना प्रभारी के कार्यकाल में इस तरह की कार्यवाही होने पर अब लोग सोशल मीडिया में मजे भी ले रहे हैं वहीं तारीफ भी कर रहें हैं।

किसी ने सोशल मीडिया में थाना प्रभारी को सेटिंग सिंह की उपाधि देते हुए उनकी तारीफ भी की है जिसे उनके पूरे कार्यकाल के लिए एक तरह से उपाधि दी जा रही हो यही प्रतीत हो रहा है। मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी को मनेंद्रगढ़ में पदस्थ हुए कई साल हो गए हैं वहीं उनकी पदस्थापना के बाद से ही शहर सहित थाना क्षेत्र में अवैध कारोबार की बाढ़ सी आई हुई थी वहीं पुलिस की कार्यवाही सुस्त नजर आ रही थी। वर्तमान पुलिस अधीक्षक के आते ही थाना प्रभारी सक्रिय नजर आ रहें हैं और पिछले दिनों उन्होंने जुआ फड़ पर भी कार्यवाही कर एक तरह से अपनी उपस्थिति पहली बार कानून व्यवस्था को लेकर साबित की थी और अब सड़क सुरक्षा को लेकर वह सक्रिय हुए हैं और यह भी उनका अपने कार्यकाल में पहली बार की सक्रियता है इसलिए लोग आश्चर्यचकित भी हैं और मजा भी ले रहे हैं और तारीफ भी कर रहें हैं।

# नेहरू युवा केन्द्र बैकुंठपुर द्वारा हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ

-रवि सिंह-

**बैकुण्ठपुर 04 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** नेहरू युवा केन्द्र बैकुंठपुर कोरिया द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव से जुड़े इस अभियान में शामिल होने के लिए जनता से कहा की आप इस अभियान जोड़े, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा कार्यक्रम का शुभारंभ नेहरू युवा केंद्र जिला कार्यालय बैकुंठपुर में तहसीलदार मनहरण सिंह राठिया, नायब तहसीलदार नीलिमा लकड़ा, जिला युवा अधिकारी पवन कुमार के द्वारा किया गया।

जिला युवा अधिकारी पवन कुमार ने बताया की हर घर तिरंगा कार्यक्रम की शुरुआत हो गई है जो 15 अगस्त तक चलेगा, कार्यक्रम पूरे विकासखंड में कराया जाएगा, इस कार्यक्रम से पूर्व सभी स्वयंसेवकों के माध्यम से लोगों को हर घर तिरंगा कार्यक्रम से जुड़ने एवं राष्ट्रीय ध्वज के महत्व को युवा मंडल सदस्यों को प्रेरित किया जा रहा है। पवन कुमार ने कहा की इस अभियान के जरिए सरकार की योजना है कि भारत के हर घर पर तिरंगा लहराए, इसके



लिए सरकार ने 20 करोड़ घरों का लक्ष्य तय किया है, सरकार की अपील है कि 13 से 15 अगस्त के बीच जनभागीदारी से 20 करोड़ से ज्यादा घरों पर तिरंगा फहराया जाए, इसमें सरकारी व निजी प्रतिष्ठान भी शामिल होंगे, इस अभियान को लेकर प्रशासन जोर-शोर से तैयारी कर रहा है, इसके लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति भी की गई है. इसके लिए केंद्र सरकार ने तीन तरह के झंडों के उत्पादन की व्यवस्था की है. ये डाकघरों में उपलब्ध होंगे और लोग तिरंगे को ऑनलाइन भी खरीद सकेंगे, शुभारंभ कर कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र बैकुंठपुर के एमटीएस राजीव साहू राष्ट्रीय स्वयंसेवक प्रज्ञा, प्रियंका, हरिओम, विजय,सीता, अंकिता, अजीत, फुलकुवर, उपस्थित रहे।

### क्या है इस अभियान का उद्देश्य

यह अभियान इस साल स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शुरू किया गया है, यह अभियान नागरिकों के दिलों में देशभक्ति की भावना पैदा करने के साथ ही राष्ट्रीय ध्वज के प्रति जागरूकता बढ़ाने का काम भी करेगा, हर भारतवासी को अपने घर में तिरंगा फहराने के लिए अधिक से अधिक प्रोत्साहित करना है।

### क्या हैं राष्ट्रीय ध्वज से जुड़े नियम-

देश में राष्ट्यीय ध्वज को फहराने से जुड़े कुछ नियम हैं, इनके बारे में जानकारी होना भी जरूरी है, यदि इन नियमों के अनुसार तिरंगा नहीं फहाराय जाता है तो आप पर कड़ी कार्रवाई भी हो सकती है, इसके लिए भारत सरकार द्वारा फ्लैग कोड 2002 तैयार किया गया है, यह राष्ट्रीय ध्वज के उपयोग, प्रदर्शनी और फहराने से जुड़ी गाइडलाइन बताता है, इसे 26 जनवरी 2002 को लागू किया गया था।

### जरूर रखें इन 7 बातों का ध्यान

1. झंडे का प्रयोग व्यावसायिक उद्येश्य के लिए नही किया जाएगा.
2. किसी व्यक्ति या वस्तु को सलामी देने के लिए झंडे को नही झुकाया जायेगा.
3. झंडे का प्रयोग किसी वर्दी या पोशाक के रूप में नहीं किया जाएगा. झंडे को रुमाल, तकियों या किसी अन्य ड्रेस पर नहीं छापा जा सकता है.
4. झंडे का प्रयोग किसी भवन में पर्दा लगाने के लिए नही किया जाएगा.
5. किसी भी प्रकार का विज्ञापन/अधिसूचना/अभिलेख ध्वज पर नहीं लिखा जाना चाहिए.
6. झंडे को वाहन, रेलगाड़ी, नाव, वायुयान की छत इत्यादि को ढकने के काम में इस्तेमाल नहीं किया जायेगा.
7. किसी दूसरे झंडे को भारतीय झंडे के बराबर ऊंचाई या उससे ऊपर नहीं फहराया जाना चाहिए.

# किसानों के खेतों में सिंचाई के लिए आसानी से पहुंचेगा पानी:गुलाब

**नहर लाइनिंग पक्के कार्य हेतु 3 करोड़ से अधिक की राशि मंजूर**

-रवि सिंह-

**बैकुण्ठपुर 04 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** ग्रामीण किसानों के हितों के लिए प्रदेश की संवेदनशील भूपेश सरकार पूरी तरह समर्पित है। खरला व्यपवर्तन योजना के नहर लाइनिंग कार्य हेतु सरकार ने बड़ी राशि मंजूर की है। नहर लाइनिंग का कार्य होने से यह किसानों के लिए वरदान साबित होगा। सिंचाई के लिए अब अन्नदाताओ को परेशान नहीं होना पड़ेगा और उन्हें पर्याप्त पानी मिलेगा। उक्त बातें सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त भरतपुर-सोनहत विधायक गुलाब कमरो ने कही। बता दें कि विधायक कमरो की पहल पर राज्य शासन द्वारा विधानसभा अंतर्गत मनेंद्रगढ़ की खरला व्यपवर्तन योजना के नहर लाइनिंग पक्के कार्य एवं मिट्टी कार्य हेतु 3 करोड़ 18 लाख 48 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। नहर लाइनिंग का कार्य होने से ग्राम केलुआ, खरला, आमादमक, चरवाही, मौहरी, डोड़की, लक्ष्मीपुर के लगभग 5 हजार ग्रामीण लाभान्वित होंगे और पानी की बर्बादी रूक जाएगी। विधायक गुलाब कमरो ने कहा कि अब किसानों के खेतों में सिंचाई के लिए आसानी से पानी पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भूपेश सरकार किसानों की हरसंभव मदद कर रही है। वर्तमान में कृषकों की स्थिति में सुधार हुआ है। इधर विधायक के कारगर प्रयास से नहर लाइनिंग हेतु 3 करोड़ से अधिक की राशि सरकार द्वारा मंजूर किए जाने पर ग्रामीण किसानों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर समर्पित रहने वाले क्षेत्रीय विधायक गुलाब कमरो के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के राज में डेढ़ दशक तक उनका केवल दोहन किया गया है, लेकिन वर्तमान भूपेश सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी किसान न्याय योजना सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं से उनके जीवन को उबारा है।



# ड्रग्स, नारकोटिक्स और अवैध नशे के विरुद्ध कोरबा पुलिस की बड़ी कार्यवाही

-नगर संवाददाता-

**कोरबा 04 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह द्वारा जिले में पदभार ग्रहण करने के उपरांत समस्त थाना, चौकी, पुलिस सहायता केंद्र प्रभारियों का मीटिंग लेकर अपराधी एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं , साथ ही अवैध नशे के खिलाफ निजात अभियान चलाकर कार्यवाही शुरू किया गया है । प्राप्त निर्देश के अनुपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के नेतृत्व में जिले के सभी पुलिस राजपत्रित अधिकारी एवं थाना, चौकी प्रभारी लगातार कार्यवाही कर रहे हैं । निजात अभियान के अंतर्गत विगत 07 दिवस में अवैध शराब एवं नारकोटिक्स एक्ट के अंतर्गत अभियान चलाकर कार्यवाही किया गया जिसके अंतर्गत कुल 142 प्रकरण जिसमें 13 किलो 400 ग्राम गांजा , 2690 नग नशीला कैप्सूल,15 नग इंजेक्शन एवं लगभग 200 लीटर शराब जब्त किया गया साथ ही 145 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।






# चौकी रेवटी पुलिस ने रेत चोरी कर परिवहन कर रहे 2 ट्रेलर वाहन किया जप्त,2 आरोपी गिरफ्तार

### अवैध रेत परिवहन एवं चोरी में लिप्त व्यक्ति बख्शे नहीं जायेंगे होगी सख्त कार्यवाही

-नगर संवाददाता-

**सूरजपुर 04 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने पुलिस अधिकारियों को अवैध रूप से रेत परिवहन करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे इसी परिप्रेक्ष्य में गुरूवार को चौकी रेवटी पुलिस ने प्राप्त सूचना के आधार पर रेत चोरी कर परिवहन कर रहे 2 ट्रेलर वाहनों सहित 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में चौकी रेवटी की पुलिस रेत चोरी कर परिवहन की सूचना पर चौकी के सामने नाकाबंदी लगाकर वाहनों की चेकिंग की जा रही थी इसी दौरान रेत से लदे 2 ट्रेलर वाहन वहां पहुंचे जिसकी तलाशी लेने पर उसमें रेत लोड़ पाया गया। वाहन चालकों से ट्रेलर में लोड़ रेत का वैध दस्तावेज की मांग किए जाने पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए। दोनों ट्रेलर वाहनों में लोड़ रेत चोरी का होने पर धारा 379 भादसं. के तहत कार्यवाही करते हुए रेत लोड़ ट्रेलर क्रमांक यूपी 50 डीटी 0127 एवं ट्रेलर क्रमांक यूपी 53 एचटी 1229 दोनों वाहन कीमती करीब 40 लाख एवं रेत कीमत करीब 20 हजार रूपये को जप्त कर आरोपी बृजराज यादव पिता पंचम यादव उम्र 28 वर्ष ग्राम लारपुर, थाना मुबारकपुर जिला आजमगढ़ उत्तरप्रदेश एवं राजेश यादव पिता बाबुराम यादव उम्र 28 वर्ष ग्राम सैदपुर, थाना महाराजगंज, जिला आजमगढ़ उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार किया गया। रेत चोरी कर झिलमिली से उत्तरप्रदेश की ओर ले जा रहे थे। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी रेवटी शिवकुमार खुटे, प्रधान आरक्षक मोरिस खाखा, अखिलेश यादव, आरक्षक बलिन्दर खलखो, शैलेन्द्र सिंह व धीरन सिंह सक्रिय रहे।

# आवागमन सुव्यवस्थित करने यातायात पुलिस व नगर पालिका ने चलाया गया अभियान

**सूरजपुर 04 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देश पर नगर में यातायात को सुव्यवस्थित करने एवं आवागमन को सुगम व बाधारहित बनाने के मद्देनजर यातायात पुलिस व नगर पालिका की संयुक्त टीम ने अभियान चलाते हुए कार्रवाई की। इस दौरान आवागमन को बाधित करने वाले फल एवं सब्जी के दुकानों को हटाया गया। साथ ही व्यापारियों व आमजनों को दुकानों के बाहर सामान न निकालने एवं वाहनों को सड़क पर खड़ा न करने तथा व्यवस्था बनाए रखने में अपना सहयोग देने कहा। अग्रसेन चौक के पास से सब्जी व फल के दुकाने अव्यवस्थित रूप से लगाए जा रहे थे इन दुकानों को वहां से हटाया गया इससे यातायात व्यवस्था में बाधा उत्पन्न हो रही थी और आमलोगों को आवागमन में अनावश्यक रूप से कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दुर्घटना की संभावनाएं बनी रहती है।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202208020700002**

विषय:-अ-6 मामले की श्रेणी:- राजस्व सनः- 2021-2022

अंबिकापुर प. ह. न. 00015 [(हे0)]

पक्षकारों का विवरण-

आवेदक पक्षकार -चन्द्रभूषण तिवारी,

आवेदक पक्षकार-कोई नहीं,

**//ईश्तहार//**

आवेदक चन्द्रभूषण तिवारी आ0 रामप्रिय तिवारी व अन्य, निवासी देवेश्वर सिंह कॉलोनी, अग्रसेन वार्ड, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर स्थित खसरा नंम्बर 2793/99 रकबा 0.011 हे0 के राजस्व अभिलेखों से मृत भूमि स्वामी माधुरी तिवारी का नाम विलोपित कर फौती नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 18.08.2022 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषा के माध्यम से उपस्थिति हो कर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/08/2022 को जारी किया जाता है।

सील

तहसीलदार
सरगुजा
(अंबिकापुर)

**न्यायालय तहसीलदार/कार्यपालिक दण्डाधिकारी रामानुजनगर, जिला-सूरजपुर (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

**रा0प्र0क्रं0-बी-14/21-22**

आम जनता ग्रामवासी ग्राम गणेशपुर को सूचित किया जाता है कि श्री प्रवेश कुमार सिंह आ0 श्री बुधराम सिंह जाति गोंड़ निवासी ग्राम गणेशपुर थाना रामानुजनगर तहसील रामानुजनगर जिला-सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा अपने परदादा गंगाराम आ0 बंदल का मृत्यु दिनांक 10/08/1975 के नाम से अपने परदादा गंगाराम का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिस पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

जिस किसी आम जनता/ग्रामवासियों को कोई आपत्ति/आक्षेप हो तो वह अपनी आपत्ति दिनांक 29/08/2022 को इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है,नियत तिथि के पश्चात कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं अग्रिम कार्यवाही कर दी जावेगी। आज दिनांक 15/07/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया है।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
रामानुजनगर
तहसीलदार/जिला दण्डाअधिकारी
सील रामानुजनगर जिला-सूरजपुर(छ0ग0)

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

रा0प्र0क्रं0- /अ-20(3)/2021-22

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गुलाम अहमद आ0 स्व0 हाजी मो0 हबीब, आयु लगभग-76 वर्ष एवं अन्य-01, जाति-मुसलमान, निवासी मोहल्ला-रसूलपुर,नगर अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 द्वारा अपने संयुक्त स्वामित्व और अधिपत्य की स्थित नजूल भूमि मोहल्ला-पर्राडांड़, नगर अम्बिकापुर में स्थित नजूल भू-खण्ड क्रमांक-2416/2 रकबा 0.07 एकड़ भूमि वर्तमान नजूल अभिलेख में भू-धारक गुलाम अहमद,अब्दुल कयूम आ0 स्व0 हाजी मोहम्मद हबीब, निवासी.......अम्बिकापुर के नाम पर अंकित है,को रूपयों की आवश्यकता होने के कारण अनावेदकगण मो0 गुफरान मो0 ताहीर, मो साहिल आ0 मो0 गुफरान,सैफअली आ0 मो0 गुफ रान,जाति मुसलमान,निवासी मोहल्ला-देवीगंज रोड वार्ड नम्बर-15,नगर अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर,जिला सरगुजा छ0ग0 को सदादिन के लिए विक्रय करना चाहते हैं के लिए अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रदान करने हेतु मेन्टेनेन्स खसरा शपथ पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 22/08/2022 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 04/08/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

प्रो.राजेन्द्र दुबे
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
मो. 9826603533,7098827326
सरगुजा मत्स्य बीज उत्पादन केन्द्र
सभी प्रकार के मछली बीज मछली चारा उपलब्ध
रोहू, कतला, मृगल, ग्रास कार्प, कॉमन कार्प, सिल्वर कार्प, स्पान के उत्पादक एवं विक्रेता
पता- के.आर.टेक्निकल कॉलेज के पीछे,प्रतापपुर रोड,अम्बिकापुर,सरगुजा छ.ग.
Advt.su.6.7.22



# बॉक्सिंग मुकाबले में सागर अहलावत ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

## हरमनप्रीत की हैट्रिक से भारत ने वेल्स को 4-1 से हराया

**नई दिल्ली, 04 अगस्त 2022।** कॉमनवेल्थ गेम्स के 7वें दिन भारत टेबल टेनिस, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, हॉकी, स्क्वैश और एथलेटिक्स में अपनी दावेदारी रखेगा। बॉक्सिंग के 48 किलोग्राम भारवर्ग में अमित पंघाल सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं। हिमा दास ने भी 200 मीटर के सेमीफाइनल मुकाबले में जगह बना ली है। बैडमिंटन में मेंस सिंगल्स में भारत के किदांबी श्रीकांत प्री-क्वार्टर में पहुंचे। सागर अहलावत (पुरुष +91 किग्रा) क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में पहुंचे। 7वें दिन के खास इवेंट की बात करें तो बैडमिंटन और टेबल टेनिस के सिंगल्स और डबल्स के मुकाबले होंगे। हॉकी में भारत ने वेल्स को 4-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना लिया।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ग्रुप स्टेज के अपने आखिरी मैच में वेल्स के सामने थी। इस जीत के साथ ही भारत सेमी-फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। पहले क्वार्टर का खेल बिना किसी गोल के खत्म हुआ। दोनों टीमों की तरफ से काफी कोशिश की गई, लेकिन कोई भी टीम गोल करने में सफल नहीं रही। हालांकि भारत को पहले क्वार्टर की शुरुआत में ही पेनाल्टी कार्नर मिला था, लेकिन वेल्स के गोलकीपर ने भारत की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में भारत को पेनाल्टी कार्नर मिला और हरमनप्रीत ने शाट लगाया, लेकिन गेंद वेल्स के हाइवेल जोन्स के घुटने से टकराकर वाइड चली गई। इसके बाद अंपायर ने रेफरल के लिए बुलाया और भारत को फिर से पेनाल्टी कार्नर मिला और इस बार हरमनप्रीत ने कोई गलती नहीं की और गोल करके भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। पहले गोल के ठीक बाद भारत को एक और पेनाल्टी कार्नर और हरमनप्रीत ने कमाल का गोल करके भारत को 2-0 की बढ़त दिला दी। हरमनप्रीत के दो गोल के दम पर भारत ने दूसरे क्वार्टर यानी हाफ-टाइम का खेल खत्म होने के बाद अपनी बढ़त को कायम रखा।

तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में ही भारत को पेनाल्टी कार्नर मिला, लेकिन इस चौथे पेनाल्टी कार्नर का फायदा टीम नहीं उठा पाई और हरमनप्रीत का प्रयास असफल रहा। भारत को तीसरे क्वार्टर में पांचवां पेनाल्टी कार्नर मिला जो अक्शदीप ने अर्न किया। फिर से हरमनप्रीत ने शानदार गोल किया और भारत को 3-0 की बढ़त दिला दी। क्वार्टर चार में गुरजंत ने भारत के लिए चौथा गोल करके टीम की बढ़त 4-0 कर दी और वेल्स के लिए राह मुश्किल कर दी। चौथे क्वार्टर में वेल्स को पेनाल्टी कार्नर मिला और फर्लांग ने इसे गोल में बदलकर अपनी टीम का स्कोर 1-4 कर दिया। आखिरी क्वार्टर का खेल खत्म होने तक वेल्स इसके बाद कोई गोल नहीं कर पाया और भारत को 4-1 से जीत मिली। इसके साथ ही भारत ने सेमीफाइनल में जगह बना ली और कामनवेल्थ गेम्स में लगातार चौथी बार भारतीय पुरुष हाकी टीम सेमीफाइनल में पहुंची।



### बॉक्सिंग- सागर अहलावत ने जीता मुकाबला

सागर अहलावत (पुरुष +91 किग्रा) क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में पहुंचे। सागर अहलावत +92 किग्रा क्वार्टर फ़ाइनल में लड़े और उनका सामना सेशेल्स के केडी एग्नेस से हुआ। पहले राउंड में सागर ने 4-1 से बढ़त बना ली। सागर अहलावत ने 4-1 से दूसरा राउंड जीत लिया। इसी के साथ सागर ने बॉक्सिंग में भारत के लिए छठ्ठा मेडल पक्का किया।

### टेबल टेनिस- मनिका बत्रा और जी साथियान की जोड़ी ने अगले राउंड में बना ली जगह

मनिका बत्रा और जी साथियान की जोड़ी ने अपना पहला मैच 11-1 के बड़े अंतर से जीत लिया। भारत का मुकाबला सेशेल्स की लौरा सिनॉन और मिक क्रीया से हुआ। दोनों ने तीसरा मुकाबला 11-1 से जीत लिया है। इसी के साथ भारत अगले राउंड के लिए क्वालिफाई कर चुकी हैं। राउंड 16 के अगले मुकाबले में दोनों का सामना नाइजीरिया के अजोक ओजोमु और ओलाजाइड ओमोटायो से होगा।

### स्क्वैश मुकाबले में भारत ने वेल्स को हराया

स्क्वैश के मिक्स डबल्स मुकाबले में भारतीय खिलाड़ी सौरव घोषाल और दीपिका पल्लीकल कार्तिक का मुकाबला वेल्स के पीटर क्रीड और एमिली व्हिटलॉक से जारी है । पहले गेम में सौरव घोषाल और दीपिका पल्लीकल कार्तिक की जोड़ी ने वेल्स को 11-8 से हराया। दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी ने वेल्स को 11-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। क्वार्टर फाइनल में भारत का सामना ऑस्ट्रेलिया के राचेल ग्रिन्हम और अलेक्जेंडर जैक से होगा। यह मैच कल दोपहर 12 बजे होगा।

**बॉक्सिंग: जैसमीन की हुई जीत, मेडल हुआ पक्का**

महिलाओं के बॉक्सिंग मुकाबले में जैसमीन को 4-1 से विजेता घोषित किया गया। दूसरे राउंड में जैसमीन का जलवा देखने के लिए मिला। जैसमीन ने दूसरे राउंड में पूरे 10 अंक पूरे किए। जैसमीन ने न्यूजीलैंड की खिलाड़ी को हराकर मेजड पक्का किया।

**स्क्वैश: सुनयना सारा कुरुविला और अनाहत सिंह राउंड 16 में पहुंची**

वोमेंस डबल्स राउंड में सुनयना सारा कुरुविला और अनाहत सिंह ने श्रीलंका के कुरुप्पा येहिनी और सिनाले चनिथम्मा को 11-9 और 11-4 रे हराया। इस जीत के साथ सुनयना सारा कुरुविला और अनाहत सिंह राउंड 16 में पहुंचे।

**लॉन बॉल्स - मृदुल बोरगोहेन हारे**

लॉन बॉल मुकाबले में मृदुल बोरगोहेन को जर्सी के रॉस डेविस से 18 एंड के बाद हार का सामना करना पड़ा। रॉस डेविस ने मृदुल बोरगोहेन को 13-21 से हार का सामना करना पड़ा।

**पैरा टेबल टेनिस - सोनल पटेल जीतीं**

हुप्स के 18.1 सेक्शन में सोनल ने महिला टेबल टेनिस वर्ग 3-5 ग्रुप 2 मैच में नाइजीरिया की चिनेये ओबिओरा को 3-1 (8-11, 11-5, 11-7, 11-5) से हराया।

**कलात्मक जिम्नास्टिक - बावलीन कौर 8वें स्थान पर रहीं**

कलात्मक जिम्नास्टिक मुकाबले में बवलीन कौर हुप्स सेक्शन में 18.1 के स्कोर के साथ शुरुआत की। 14 एथलीटों में से बवलीन कौर आठवें स्थान पर हैं।

**हैमर्स थ्रो में मंजू बाला फाइनल में पहुंची**

भारत की मंजू बाला ने 57.68 मीटर के साथ फाइनल में जगह बना ली है, जबकि सरिता देवी के हाथ निराशा लगी है। पहले प्रयास में सरिता देवी ने 57.48 मीटर दूर हैमर थ्रो किया, जबकि मंजू बाला ने 59.68 मीटर तक थ्रो किया। दूसरा प्रयास दोनों के लिए फाउल रहा जबकि तीसरे प्रयास में सरिता ने 56.62 मीटर दूर हैमर फेंका।

**बॉक्सिंग(48 किलोग्राम) के सेमीफाइनल में अमित पंघाल**

भारत के अमित पंघाल 48 किलोग्राम भारवर्ग फ्लाइटवेट कैटेगेरी के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने क्वार्टर फाइनल मैच में स्कॉटलैंड के लेनॉन मुलीगन को 5-0 से हरा दिया है।

राष्ट्रमंडल खेल 2022 :

## तेजस्विन शंकर ने ऊँची कूद में कांस्य पदक जीता

**बर्मिंघम 04 अगस्त 2022।** राष्ट्रमंडल खेल 2022 में भारत के तेजस्विन शंकर ने पुरुषों की ऊंची कूद स्पर्धा में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता। बुधवार को एक्सेलेंडर स्टेडियम में शंकर के 2.22 मीटर के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में ऊंची कूद स्पर्धा में भारत को पहला पदक दिलाया। बहामास के पूर्व विश्व और राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन डोनाल्ड थॉमस ने शंकर के साथ में 2.22 मीटर ऊंची कूद लगायी, लेकिन भारतीय ने कांस्य अर्जित किया क्योंकि उन्होंने अपने सभी कूद में 2.10 मीटर, 2.15 मीटर, 2.19 मीटर और 2.22 मीटर को पहले ही प्रयास में इस बाधा को पार कर लिया।



शंकर ने कांस्य पदक जीतने के बाद कहा, मेरे पास कॉलेज सत्र का भी अनुभव था और मैंने जनवरी में कूदना शुरू कर दिया था लेकिन यहां कांस्य प्राप्त करना एक सपना साकार होने जैसा है और मैं अपने साथ घर कुछ लेकर जा रहा हूँ और खुश हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुरुषों की ऊंची कूद स्पर्धा में भारत का पहला एथलेटिक्स पदक जीतने के लिए शंकर को बधाई दी।

## गयाना के राष्ट्रपति के दखल के बाद भारत व वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों को अमेरिका के लिए मिला वीजा

**नई दिल्ली, 04 अगस्त 2022।** गयाना के राष्ट्रपति इरफान अली के दखल के बाद भारत और वेस्टइंडीज के सभी खिलाड़ियों को अमेरिका का वीजा मिल गया। अब दोनों टीमों के बीच पांच मैचों की टी-20 सीरीज के आखिरी दो मैच अमेरिका के फ्लोरिडा में होंगे। इससे पहले भारतीय टीम के कुछ खिलाड़ियों को अमेरिका का वीजा नहीं मिला था जिसको लेकर यह माना जा रहा था कि भारत कुछ खिलाड़ियों के साथ अमेरिका जाएगा, लेकिन उन सभी को आधिकारिक तौर पर अमेरिका की यात्रा करने की मंजूरी दे दी गई।



एक रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों टीमों के सभी खिलाड़ियों को यूएस का वीजा मिल गया। गयाना के राष्ट्रपति इरफान ने दोनों टीमों के सभी खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को वीजा दिलाने में मदद की जिसको लेकर वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने राष्ट्रपति का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह महामहिम के द्वारा एक सामयिक और राजनयिक तौर पर प्रभावशाली प्रयास था। रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय टीम के 14 सदस्यों के पास यूएस का वीजा नहीं था। दूसरे टी-20 मैच के बाद सभी को गयाना में स्थित अमेरिका के दूतावास में इंटरव्यू के लिए भेजा गया। इन खिलाड़ियों में भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ भी शामिल थे।

पहले ही पहुंच चुके हैं अन्य खिलाड़ी ~ रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, दिनेश कार्तिक, रवि बिश्नोई, सूर्यकुमार यादव और कुलदीप यादव समेत अन्य लोग मियामी पहुंच चुके हैं। उनके पास यात्रा करने की अनुमति थी। बता दें कि भारतीय कप्तान रोहित आखिरी दोनों मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे। दरअसल, मंगलवार को तीसरे टी-20 मैच के दौरान रोहित रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौट गए थे। उन्हें कमर में चोट लग गई थी।

आपको बता दें कि पांच मैचों की टी20 सीरीज के पहले तीन मैच खेले जा चुके हैं जिसमें भारत को 2-1 की बढ़त मिली हुई है। अब रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम की कोशिश होगी कि वो चौथा मैच जीतकर सीरीज अपने नाम करे।



## अहाना कुमरा रियलिटी शो द इन्वेंटर चैलेंज की करेंगी मेजबानी

बॉलीवुड अभिनेत्री अहाना कुमरा प्रतिस्पर्धी रियलिटी शो द इन्वेंटर चैलेंज की मेजबानी करती नजर आएंगी। अहाना ने कहा, इन्वेंटर चैलेंज की एक दिलचस्प अवधारणा है। मुझे जो सबसे ज्यादा पसंद है वह यह है कि यह शो न केवल नवाचारों को पनपने के लिए जगह प्रदान करेगा, बल्कि कुछ नया करने वालों को विकसित करने और उन्हें आगे ले जाने में भी मदद करेगा।

आमतौर पर इस तरह का शो नहीं बनता है। मुझे विश्वास है कि द इन्वेंटर चैलेंज दर्शकों को आकर्षित करेगा और आलोचकों से भी सराहना प्राप्त करेगा। मैं इंतजार नहीं कर सकती इसके लाइव होने के लिए।प्रतिभागियों को एक पैनल के साथ अपने प्रस्तावों पर चर्चा करने का अवसर मिलेगा, जो आगे बढ़ने के लिए कुछ नया करने वालों का चयन करेंगे।

अगली पंक्ति में मेंटॉर हैं, जो शीर्ष दो अन्वेषकों को लाइव लैब स्थानों में अपने विचारों को पोषित करने और उन्हें अभूतपूर्व अवधारणाओं में बदलने में मदद करेंगे। अंत में, इन विचारों को जीवन में लाया जाएगा और विभिन्न उपभोक्ता फोकस समूहों को प्रस्तुत किया जाएगा। शो में देश भर के आविष्कारक और सभी आयु वर्ग के लोग अपने आविष्कारों का प्रदर्शन करते नजर आएंगे।

शो में सबसे कम उम्र का आविष्कारक आठ साल का है। शो में, प्रतियोगियों को अपने आविष्कारों को आगे लाना होगा और अहाना सभी उत्साह और विचार-मंथन सत्रों के बीच अन्वेषकों को सहज महसूस कराएगी। यह शो टेलीविजन पर कलर्स इन्फिनिटी पर प्रदर्शित होगा और इन्वेंटर चैलेंज यूट्यूब चैनल पर भी स्ट्रीम होगा।

## मुझे हरमनप्रीत कौर या स्मृति मंधाना बनने की जरूरत नहीं: जेमिमा रोड्रिग्स



**बर्मिंघम, 04 अगस्त 2022।** बर्मिंघमजेमिमा रोड्रिग्स अपने मजबूत पक्षों को अच्छी तरह से समझती हैं और कप्तान हरमनप्रीत कौर या स्मृति मंधाना जैसी %पावर हिटर% बनने के लिए उन्हें अपने नैसर्गिक खेल में बदलाव करने की जरूरत नहीं लगती है। जेमिमा ने बारबाडोस के विरुद्ध भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी के 46 गेंदों पर नाबाद 56 रन की मदद से भारत ने बारबाडोस को 100 रन से हराकर कामनवेल्थ गेम्स की क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई।

जेमिमा ने कहा, स्मृति (मंधाना) ने 2019 में आइपीएल (महिला टी-20 चैलेंज) के दौरान कहा था कि हरमनप्रीत कौर या स्मृति मंधाना बनने की कोशिश मत करना तुम जेमिमा रोड्रिग्स हो। मुझे लगता है कि मैंने वह भूमिका समझी और इससे मुझे काफी मदद मिल रही है।% लोग उनके खेल के बारे में क्या सोचते हैं जेमिमा के लिए यह खास मायने नहीं रखता। उन्होंने कहा, %टीम ने मुझे एक भूमिका सौंपी है। अगर मैं वह भूमिका निभा सकती हूं तो फिर यह मायने नहीं रखता के लोग इस बारे में क्या सोचते हैं। यदि इससे टीम को फायदा होता है तो फिर हमारे पास शेफाली, स्मृति और हरमन है और इसलिए मैं केवल वह भूमिका सर्वश्रेष्ठ तरीके से निभाना चाहती हूं जो मैं टीम के लिए निभा सकती हूं।



जेमिमा ने स्वीकार किया कि वह पावर हिटर नहीं है, लेकिन खेल के सबसे छोटे प्रारूप में अधिक योगदान देने के लिए इस विशेष कौशल पर ध्यान दे रही हैं। उन्होंने कहा, %निश्चित तौर पर मैं अपने पावर गेम पर काम कर रही हूं, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि मैंने अपने खेल को समझ लिया। मैं पावर हिटर नहीं हूं, लेकिन मैं एक या दो रन लेने के लिए अच्छी तरह से शाट खेल सकती हूं। मैं जानती हूं कि रन कैसे बनाने हैं। मुझे लगता है यह मेरा मजबूत पक्ष है।

जेमिमा को विश्वास है कि पर्याप्त संख्या में छक्के नहीं लगाने के बावजूद वह अपना स्ट्राइक रेट अच्छा बना कर रख सकती हैं। उन्होंने कहा, मेरा खेल बहुत आकर्षक नहीं है, लेकिन इसके बिना भी मैं अच्छा स्ट्राइक रेट कायम रख सकती हूं। इसलिए मुझे अहसास हुआ कि मुझे किसी का अनुकरण करने की जरूरत नहीं है। मुझे रन बनाने के लिए जेमिमा रोड्रिग्स ही बनना होगा। इससे मुझे मदद मिली।

जेमिमा ने कोच रमेश पवार से बातचीत के बारे में भी बताया जिन्होंने इस बल्लेबाज को नंबर तीन पर उतरने के लिए तैयार रहने को कहा था। उन्होंने कहा, %रमेश सर ने पिछले मैच के बाद मुझे नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने के लिए तैयार रहने को कहा था। ईमानदारी से कहूं तो जब मैं तैयारी कर रही थी तो मैं अपनी दोनों भूमिकाओं के लिए तैयार थी।

जेमिमा ने कहा, लेकिन निश्चित तौर पर मैं नंबर तीन पर बल्लेबाजी करना पसंद करती हूं। मुझे खुशी है कि मुझे इस नंबर पर खेलने का मौका मिला और मैंने रणनीति के अनुसार अपना योगदान दिया। इससे टीम को भी फायदा मिला।

## उर्फी जावेद को टक्कर देने आईं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सोफिया अंसारी

सोफिया अंसारी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं। सोफिया अंसारी अक्सर अपनी हॉट और बोल्ड तस्वीरें और वीडियो शेयर करती है। हाल ही में उनके द्वारा शेयर किया गया डांस वीडियो सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रहा है। इस वीडियो में सोफिया को मराठी मुलगी बनकर नववारी साड़ी पहनकर कमर लचकाते हुए देखा जा सकता है। पिंक कलर की साड़ी और टाइट ब्रालेट में सोफिया का स्लिम और टोंड फिगर साफ नजर आ रहा है। डांस करते वक्त सोफिया ने अपने बालों को खुला छोड़ा हुआ है। उन्होंने नाक में नथनी और कान में इयरिंग पहन रखी है। सोफिया अंसारी ने वीडियो बिना किसी कमेंट के शेयर किया है। सोफिया अंसारी का यह वीडियो इंस्टाग्राम पर काफी पॉपुलर हो रहा है। डांस वीडियो पर 1.61 लाख से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं। आपको बता दे, सोफिया के इंस्टाग्राम अकाउंट पर 90 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स है। उनका इंस्टाग्राम अकाउंट बोल्ड फोटोज और वीडियो से भरा हुआ है। सोफिया अंसारी ने हाल ही में अपनी स्किन टाइट ट्रांसपेरेंट वन पीस ड्रेस पहनकर फोटोशूट करवाया था।















# आमजनों तक नागरिक सेवाओं को पहुंचाने किया सफल प्रयासःभूपेश बघेल

## अवैध निर्माण के नियमितीकरण की 25 फीसदी राशि निकायों को देने घोषणा

**रायपुर, 04 अगस्त 2022।** मुख्यमंत्री बघेल ने 4 जुलाई को शहर के सुभाष स्टेडियम में आयोजित मोर महापौर मोर द्वार कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में भी विकास की बराबर चिंता की है। आम नागरिकों तक सेवाओं को पहुंचाने के लिए कई सफल योजनाएं संचालित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब लोगों को आय, जाति, निवास, शादी का रजिस्ट्रेशन जैसे कागजों के लिए दफतरों के चक्कर नहीं काटने पड़ते, इसके लिए हमने मितान योजना शुरू की हैं। अब इनके जैसे 13 सेवाएं लोगों को घर बैठे मिल रही है। मुख्यमंत्री रायपुर नगर निगम क्षेत्र में आम जनों की समस्याओं को जानने और उनके मौके पर ही निराकरण के अभियान की भी खुलकर तारीफ की। कार्यक्रम में उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित भी किया। इसके साथ ही निगम क्षेत्र में शासकीय योजनाओं से लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों से भी बात की। कार्यक्रम में महापौर एजाज ढेबर, रायपुर ग्रामीण विधानसभा के विधायक सत्यनारायण शर्मा, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, खादी ग्राम उद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राजेश तिवारी, छत्तीसगढ योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र शर्मा, नगर निगम के सभापति प्रमोद दुबे सहित कलेक्टर सर्वेश्वर भुरे, नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी और अन्य अधिकारी तथा बड़ी संख्या में शहरवासी भी शामिल हुए।

मुख्यमंत्री ने शहरवासियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कुछ साल पहले नगर निगम क्षेत्र में पानी की सप्लाई टैंकरों से होती थी। प्रदेश की राजधानी की इस दशा को हमारी सरकार ने सुधारा है और राजधानी को टैंकर मुक्त बनाया है। उन्होंने यह भी कहा कि पीने के पानी की बात हो या साफ-सफाई की या फिर शहरवासियों के रोजगार और सुख सुविधा की, सभी के लिए सरकार नगर निगम के साथ तेजी से प्रयास कर रही है। बीरगांव नगर निगम क्षेत्र में अभी-अभी 104 करोड़ रूपए की लागत से नया जल शोधन संयंत्र शुरू हुआ है। मुख्यमंत्री ने रायपुर नगर निगम सहित पूरे प्रदेश के नगर निकायों को स्वच्छता के क्षेत्र में भारत सरकार से मिले राष्ट्रीय पुरस्कारों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पार्षदों, अधिकारियों की मेहनत, स्वच्छता दीदीयों के पसीने और जन सहयोग से छत्तीसगढ़ को लगभग 60 से अधिक पुरस्कारों से नवाजा गया। यह हर छत्तीसगढ़िया व्यक्ति के लिए गर्व की बात है। उन्होंने रायपुर नगर निगम को स्वच्छता सर्वेक्षण में इस बार छठवें नम्बर से पहले नम्बर पर लाने के लिए प्रयास करने की अपील भी की। मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की धन्वंतरी योजना, गरीबों की इलाज के लिए 5 लाख रूपए तक की डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना और गंभीर बीमारियों के लिए 20 लाख रूपए तक की सहायता वाली मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के बारे में भी बताया।



### स्वामी आत्मानंद स्कूल खोलने मिले 10 हजार से अधिक आवेदन

कार्यक्रम में महापौर एजाज ढेबर ने बताया कि मोर महापौर मोर द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित हुए शिविरों में सबसे अधिक लगभग 10 हजार से अधिक आवेदन केवल स्वामी आत्मानंद स्कूल खोलने के लिए मिले हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बघेल की इस योजना की लोकप्रियता इतनी है कि हर व्यक्ति, जनप्रतिनिधि अपने वार्ड में स्वामी आत्मानंद स्कूल शुरू कराकर अपने बच्चों को उसमें पढ़ाना चाहता है। इस पर मुख्यमंत्री अपने उद्बोधन में कहा कि स्वामी आत्मानंद स्कूल केवल स्कूल नहीं है, बल्कि गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चों के सपनों को साकार देने का माध्यम है। उन्होंने बताया कि इन स्कूलों से एक ओर जहां पालकों की गाढ़ी कमाई का बड़ा हिस्सा फीस के रूप में खर्च होने से बच रहा है, वहीं बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से बच्चों का भविष्य भी गढ़ा जा रहा है। इन स्कूलों के खुल जाने से दूसरे निजी स्कूलों में प्रतिस्पर्धा बढ़ी है और कुल मिलाकर शिक्षा के स्तर में बड़ा सुधार हुआ है। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की भी अपील की।

### अवैध निर्माण के नियमितिकरण से मिली राशि का 25 प्रतिशत नगरीय निकायों का मिलेगा

मुख्यमंत्री बघेल ने कार्यक्रम में नगरीय क्षेत्रों में 5 हजार वर्ग फीट तक के अवैध निर्माण के नियमितिकरण की योजना के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने महापौर एजाज ढेबर की मांग पर इस प्रकार के नियमितिकरण से मिली राशि में से 25 प्रतिशत राशि संबंधित नगर निगम और नगरीय निकायों को उपलब्ध कराने की घोषणा की। इस 25 प्रतिशत राशि से नगरीय क्षेत्रों में विकास को नये आयाम मिलेंगे और जनसुविधाओं में भी बढ़ोत्तरी होगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने महापौर की मांग पर ही रायपुर नगर निगम क्षेत्र में नाली, सड़क निर्माण जैसे छोटे-छोटे कामों के लिए 10 करोड़ रूपए भी मौके पर ही मंजूर किए।

### 35 दिन में मिले 28 हजार से अधिक आवेदन साढ़े 23 हजार का हुआ निराकरण

मोर महापौर मोर द्वार कार्यक्रम के बारे में बताते हुए महापौर एजाज ढेबर ने कहा कि 35 दिन शहर के हर दो वार्डों में नगर निगम के अधिकारियों-कर्मचारियों जनप्रतिनिधियों ने शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं को सुना। उन्होंने बताया कि इस दौरान कुल 28 हजार 059 आवेदन मिले, जिनमें से 23 हजार 582 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर दिया। महापौर ने बताया कि शेष आवेदनों का परीक्षण कर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इन शिविरों में 6 हजार 567 आय प्रमाण पत्र, 3 हजार 164 आयुष्मान कार्ड, एक हजार 370 ई-श्रमिक कार्ड, एक हजार 082 आधार कार्ड, 896 निवास प्रमाण पत्र, 873 राशन कार्ड, 871 जाति प्रमाण पत्र बनाकर शिविर स्थल पर ही लोगों को दिए गए। महापौर ने बताया कि वार्डवार इन शिविरों में स्व-सहायता समूह की महिलाओं को 5 करोड़ रूपए तक के ऋण स्व-रोजगार के लिए दिए गए और लोगों की मांग पर मूलभूत सुविधाओं के लिए एक करोड़ रूपए से अधिक कामों के लिए स्वीकृति भी शिविरों में दिए गए।

## संक्षिप्त समाचार

### यात्री बस की चपेट में आकर डिप्टी रेंजर की मौत



**केशकाल, 04 अगस्त 2022।** जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. यहां राष्ट्रीय राजमार्ग-30 में ग्राम सिंघनपुर के पास गुरुवार यानी आज तकरीबन 11:30 बजे यात्री बस की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक तेज रफ्तार यात्री बस रायपुर से जगदलपुर की ओर जा रही थी, उसी दौरान गुलबापारा सिंगनपुर के पास यात्री बस ने तेजराम पुजारी को ठोकर मारी,जिससे व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हुई.

जानकारी के मुताबिक, मृतक वन विभाग में डिप्टी रेंजर के पद पर पदस्थ था, जो मूलतः ग्राम मल्हारी, नगरी, जिला धमतरी का निवासी था, वर्तमान में ग्राम कोहकामेटा स्थित अपने सरकारी आवास से ग्राम धनोरा ड्यूटी में जा रहा था, तभी यह हादसा हो गया.।

### कलयुगी बेटे ने की पिता की हत्या

**रायपुर, 04 अगस्त 2022।** रायपुर की विधानसभा पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया है। मामले की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया, बेटे देवेंद्र ने ही अपने पिता अशोक की हत्या की है। उल्लेखनीय है कि 3 अगस्त की सुबह करीबन 11.15 बजे देवेन्द्र कुमार ने अपने पिता अशोक कुमार वर्मा की हत्या कर दी। मामले की जांच में पुलिस को जानकारी मिली कि उसके पिता की मानसिक स्थिति पिछले 4-5 वर्षों से ठीक नहीं थी जिसके कारण रोज बहस की स्थिति बनती थी। कल भी दोनों के बीच बहस हुई, जिससे आवेश में आकर मृतक के पुत्र देवेंद्र ने अपने पिता अशोक की टंगिया मारकर हत्या कर दी।



### युवक पर चाकू से प्राणघातक हमला

**रायपुर, 04 अगस्त 2022।** संजयनगर स्थित झंडा चौक के पास एक युवक ने दूसरे युवक पर चाकू से हमला कर प्राणघातक चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी एजाज खान 32 वर्ष संजयनगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी शेख कुरबान ने प्रार्थी के चचेरा भाई आदिल असरफपर चाकू से हमला कर प्राणघातक चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 307 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# लोगों के लिए फायदेमंद साबित हो रही धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना

## रायगढ़ जिले में अब तक लोगों को मिली पौने 3 तीन करोड़ की छूट




**रायपुर, 04 अगस्त 2022।** आम नागरिकों को रियायती दरों में उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा 20 अक्टूबर 2020 से धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स योजना शुरू की गई है। शासन द्वारा सस्ती दरों में जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराने की पहल आम नागरिक के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रही हैं। इस योजना से लोगों के दवाई में आने वाले बेहिसाब खर्चा में लगाम लगा है, वही पॉकेट को भी बड़ी राहत मिली है। रायगढ़ जिले में इस योजना से अब तक पौने तीन करोड़ रुपये की छूट का लाभ लोगों को मिला है। वर्तमान में जिले के कुल 11 स्थानों में धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। जहां कम दरों पर उच्च गुणवत्ता की जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही है, जहां अब तक कुल 4 करोड़ 37 लाख 33 हजार 251 रुपये की दवाई बिक्री की जा चुकी है। जिसमें मिली छूट से जनसामान्य को 2 करोड़ 84 लाख 19 हजार 634 रुपये का फायदा हुआ है। बाराद्वार निवासी श्याम लाल यादव कहते हैं कि अशर्फी देवी हॉस्पिटल में उनके बच्चे का इलाज चल रहा था। इस दौरान वहां संचालित धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर में दवाई लेने से 70.10 प्रतिशत की छुट दी गई । उन्हे 1110 रूपए की मेडिसिन के लिए मात्र 346 रूपए चुकाने पड़े।तब से वह यही से दवाई खरीदते है।

# आमजनों तक नागरिक सेवाओं को पहुंचाने किया सफल प्रयासःमुख्यमंत्री भूपेश बघेल

**रायपुर, 04 अगस्त 2022।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज शहर के सुभाष स्टेडियम में आयोजित मोर महापौर मोर द्वार कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में भी विकास की बराबर चिंता की है। आम नागरिकों तक सेवाओं को पहुंचाने के लिए कई सफल योजनाएं संचालित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब लोगों को आय, जाति, निवास, शादी का रजिस्ट्रेशन जैसे कागजों के लिए दफतरों के चक्कर नहीं काटने पड़ते, इसके लिए हमने मितान योजना शुरू की हैं। अब इनके जैसे 13 सेवाएं लोगों को घर बैठे मिल रही है। मुख्यमंत्री रायपुर नगर निगम क्षेत्र में आम जनों की समस्याओं को जानने और उनके मौके पर ही निराकरण के अभियान की भी खुलकर तारीफ की। कार्यक्रम में उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित भी किया।



मुख्यमंत्री ने शहरवासियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कुछ साल पहले नगर निगम क्षेत्र में पानी की सप्लाई टैंकरों से होती थी। प्रदेश की राजधानी की इस दशा को हमारी सरकार ने सुधारा है और राजधानी को टैंकर मुक्त बनाया है। उन्होंने यह भी कहा कि पीने के पानी की बात हो या साफ-सफाई की या फिर शहरवासियों के रोजगार और सुख सुविधा की, सभी के लिए सरकार नगर निगम के साथ तेजी से प्रयास कर रही है। बीरगांव नगर निगम क्षेत्र में अभी-अभी 104 करोड़ रूपए की लागत से नया जल शोधन संयंत्र शुरू हुआ है। मुख्यमंत्री ने रायपुर नगर निगम सहित पूरे प्रदेश के नगर निकायों को स्वच्छता के क्षेत्र में भारत सरकार से मिले राष्ट्रीय पुरस्कारों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पार्षदों, अधिकारियों की मेहनत, स्वच्छता दीदीयों के पसीने और जन सहयोग से छत्तीसगढ़ को लगभग 60 से अधिक पुरस्कारों से नवाजा गया।



### घर के सामने रखे ट्रेक्टर से बैटरी चोरी

**खल्लारी, 04 अगस्त 2022।** खल्लारी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पाली में घर के सामने रखे ट्रेक्टर से बैटरी चोरी, जिसपर मामला दर्ज किया गया है. टेकराम साहू ने पुलिस को बताया कि वार्ड नं0 2 भुंजिया पारा ग्राम पाली का निवासी है। खेती किसानी का काम करता है । उसके पास खेती किसानी कार्य हेतु स्वराज ट्रेक्टर क्रमांक सीजी 06 जी ई 5097 को घर के सामने ही खड़ा रखता है। रात्रि करीब 10.30 बजे मोटरसायकल की आवाज सुनकर घर से बाहर निकलकर देखा तो ट्रेक्टर के पास से दो व्यक्ति मोटरसायकल में बैठकर सोरम सिंघी की ओर जा रहे थे।

उसे संदेह होने पर टेक्ट्रर के पास जाकर देखा तो उसके ट्रेक्टर में लगे बैटरी वाला बक्स खुला हुआ था उसमे लगे पावर जोन कंपनी का बैटरी किमती करीबन 6000/- रूपये का नही था जिसकी आस-पास पता तलाश किया पता नही चला। जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर ले गया है। तब गांव के मुकेश ठाकुर एवं हेमंत साहू को बैटरी चोरी होने के संबंध में सूचना दिया है।

# 13 साल की बच्ची थी गुम,पुलिस ने दो दिन में किया बरामद

**रायपुर, 04 अगस्त 2022।** रायपुर पुलिस ने दो दिन में 13 साल की लापता बच्ची को ढूंढ निकाला है। मामले में खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि 13 साल की बच्ची के गुम होने की शिकायत राजेंद्र नगर उरला निवासी मां और पिता ने थाना उरला में दर्ज कराई थी..जो थाना में रिपोर्ट अप क्र 359/22,धारा 363 आईपीसी के तहत दर्ज किया गया.. लड़की के मां बाप ने बताया था की बच्ची दोपहर को घर से आसपास गई पर वापस नहीं लौटी है।

मां बाप का रो रो कर हाल बेहाल था..बच्ची छोटी थी...मामले की गंभीरता के हिसाब से उरला पुलिस तुरंत सक्रिय हुई.. दो दिनों तक सभी संभावित जगहों पर पुलिस ने ढूंढा, कोई फायदा नही हुआ..आखिरकार कसडोल के पास एक गांव में लड़की के परिचित के घर पुलिस पंहुची जन्हा लड़की मिल गई..पूछने पर परिजनों के डाटने से नाराज होकर वहा आना बताई..पुलिस ने बच्ची को परिजनों को सौंप दिया है..परिजनों ने बच्ची को वापस पाकर पुलिस को बहुत धन्यवाद किया है..! इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में उप निरी रामावतार यदु और प्र आर वीरेंद्र धनकर की भूमिका सराहनीय रही है..!



# ट्रेन में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर , 04 अगस्त 2022।** रायपुर रेल मंडल टास्क टीम रेसुब रायपुर, जीआरपी रायपुर के साथ यात्री सामान की चोरी में संलिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 दिसंबर 2021 को एक यात्री दीप राजेश संभवानी , पिता राजेश भाई पथुम्ल संभवानी, उम्र-18 साल निवासी- एलआईजी 204, गली नं 08, शास्त्री नगर, थाना-भावनगर, जिला-भावनगर (गुजरात) जो कि अहमदाबाद से भुवनेश्वर तक गाड़ी संख्या 20823 अजमेर पूरी एक्सप्रेस के कोच नंबर स/3 के बर्थ नं 37 में सफर कर रहे थे । सफर के दौरान रायपुर रेलवे स्टेशन में मोबाइल को सीट पर रख कर पानी लेने उतरे तब उनका रियलमी कम्पनी का मोबाइल मॉडल न. नार्जो 20 , जिसकी कीमत 10,000/ रुपया था , जिसे किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया जिसकी शिकायत जीआरपी भुवनेश्वर में लिखित रिपोर्ट कराने पर अपराध क्रमांक 00/48/2021 धारा 379 आईपीसी दिनांक 24 जनवरी कायमी कर घटना स्थल रायपुर होने के कारण रायपुर जीआरपी को ट्रांसफर किया गया जिस पर जीआरपी थाना रायपुर द्वारा मामला दर्ज किया गया।




4 अगस्त को मुखबीर से सूचना मिला की एक व्यक्ति चोरी का मोबाइल बेचने के फिराक में घूम रहा है। सूचना के आधार पर समय 09.30 बजे रेसुब पोस्ट रायपुर प्रभारी एम.के. मुखर्जी के नेतृत्व मे मंडल टास्क टीम प्रभारी उपनिरीक्षक ए. जेड चौधरी, प्र.आ. व्ही सी बंजारे , आरक्षक देवेश सिंह जीआरपी रायपुर के सउनि राजेंद्र सिंह पटेल व प्र.आ. व्ही के टोप्पो व हमराह स्टाफ के साथ रायपुर रेलवे स्टेशन के बाहर जिंदल गार्डन के पास मोबाइल बेचने के फिराक में ग्राहक की तलाश मे घूम रहे एक व्यक्ति को घेरा बंदी कर पकड़ा गया पूछताछ करने पर वह घबराने लगा , अपना नाम जितेंद्र बाग पिता आलेख बाग, उम्र 21 साल, साकिन- आरवीएच कॉलोनी, शिव मन्दिर के पास , उड़िया बस्ती, थाना खमतराई जिला रायपुर (छत्तीसगढ़ ) बताया। आगे कि पूछताछ मे रेल गाड़ी से सात महीना पहले किसी यात्री का सीट पर रखा मोबाइल चोरी करना स्वीकार किया तब उसके कब्जे से प्राप्त मोबाइल का कंपनी व आईएमईआई नंबर का मिलान करने पर जीआरपी थाना रायपुर में दर्ज एफआईआर का होना पाया गया एक रियलमी कम्पनी का मोबाइल मॉडल नार्जो 20 जिसकी कीमत 10000/ आरोपी के कब्जे से जप्त किया गया जप्त संपति की कुल कीमत 10000/- है जिसे पकड़कर जीआरपी थाना रायपुर लाकर जीआरपी थाना रायपुर में दर्ज अ.क्र. 65/2022,धारा-379 IPC दिनांक 30-06-2022 में संलग्न कर 4 अगस्त को न्यायालय रायपुर के समक्ष पेश किया गया।

# चोरी के जेवरात खरीदने वाला जौहरी गिरफ्तार

**रायपुर, 04 अगस्त 2022।** चोरी के सोने एवं चांदी के जेवरात क्रय करने वाले फरार आरोपी चिराग ज्वेलर्स के संचालक राजू गोस्वामी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक थाना कबीर नगर के अपराध क्रमांक 212/21 धारा 457, 380 भादवि, थाना डी.डी.नगर के अपराध क्रमांक 447/21, 463/21 एवं 499/21 धारा 457, 380 भादवि. के प्रकरण में कबीर नगर एवं डी.डी.नगर क्षेत्रांतर्गत स्थित 4 अलग-अलग सुने मकानो में अज्ञात आरोपियों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था जिस पर थाना कबीर नगर एवं डी.डी. नगर में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध उक्त अपराध पंजीबद्ध किया गया था।



अधिकारियों के निर्दशन में प्रकरणों में पूर्व में चोरी के आरोपी वीर अभिमन्यू देवदास उर्फ मन्ना, शिवा राव, सूरज सिंह राजपूत, दीपक गोस्वामी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की सोने - चांदी के जेवरात, 01 नग मोबाईल फोन एवं नगदी 1,000/- रूपये तथा घटना में प्रयुक्त एक्टिवा वाहन जुमला कीमती लगभग 1,10,000/- रूपये जप्त किया गया था।

प्रकरण में चोरी के सोने-चांदी के जेवरातो का क्रेता चिराग ज्वेलर्स का संचालक आरोपी राजू गोस्वामी घटना के बाद से लगातार फरार था। जिसकी थाना कबीर नगर पुलिस की टीम द्वारा लगातार पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान टीम के सदस्यों को फरार आरोपी राजू गोस्वामी के उपस्थिति के संबंध में मुखबीर से महत्वपूर्ण सूचना प्राप्त हुई। जिस पर टीम के सदस्यों प्रकरण के फरार आरोपी राजू गोस्वामी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली। आरोपी राजू गोस्वामी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की सोने चांदी के जेवरात कीमती लगभग 3,16,800/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही की गई। चोरी के सोने एवं चांदी के जेवरात क्रय करने पर आरोपी राजीव गोस्वामी को धारा 411भादवी के तहत गिरफ्तार किया गया है।

**गिरफ्तार आरोपी**

राजीव गोस्वामी पिता सुरेश गोस्वामी उम्र 35 साल निवासी पानी टकी के पास सरोना वार्ड नबर 70 थाना डी.डी.नगर रायपुर। (चिराग ज्वेलर्स का संचालक महादेव घाट रोड)

# बच्चों के पोषण के प्रति जागरूक करने रवाना हुए 28 रथ,मंत्री भेंडिया ने दिखाई झंडी



## वजन त्यौहार में 6 वर्ष तक के बच्चों को आंगनबाड़ी लाकर वजन कराने अपील

**रायपुर, 04 अगस्त 2022।** महिला-बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया ने 4 जुलाई को रायपुर के फॉरेस्ट कॉलोनी स्थित अपने निवास कार्यालय से वजन त्यौहार में जनजागृति के लिए 28 रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये जागरुकता रथ सभी 28 जिलों में 'जम्मो लईका होही खुशहाल चलव मनाबो वजन त्यौहार' सूत्र वाक्य के साथ 6 साल तक के बच्चों को आंगनबाड़ी लाकर वजन कराने के लिए प्रेरित करेंगे और पोषण का महत्व समझाएंगे। श्रीमती भेंड़िया ने अपील की है कि सभी लोग वजन त्यौहार के दौरान अपने 6 वर्ष तक के बच्चों को आंगनबाड़ी लाकर उनके कुपोषण स्तर की जांच कराएं। इससे हम बच्चों को एक स्वस्थ और खुशहाल भविष्य दे सकेंगे।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में एक अगस्त से वजन त्यौहार शुरू हो गया है। यह त्यौहार 13 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान आंगनबाड़ियों में 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों का वजन और ऊंचाई मापकर उनके पोषण स्तर का आंकलन किया जा रहा है। प्रदेशव्यापी यह अभियान बच्चों में कुपोषण मुक्ति के लिए आगामी कार्ययोजना बनाने में सहायक होगा। वजन त्यौहार के दौरान जागरूकता रथ सभी जिलों और गांव-गांव तक पहुंचेंगे। स्थानीय स्तर पर ये रथ लोगों के इकट्ठा होने की जगहों जैसे हाट बाजारों, आयोजन स्थलों में जाकर उन्हें पोषण के महत्व और कुपोषण से होने वाली बीमारियों और समस्याओं के बारें में ऑडियों संदेश और पोस्टर के माध्यम से समझाएंगे। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)